मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 32.4 | 26.8 |
| जमशेदपुर | 33.1 | 24.4 |
| डालटनगंज | 35.0 | 25.7 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

# शुभम संदेश

धनबाद, रांची एवं पटना से प्रकाशित

एक राज्य - एक अखबार






www.lagatar.in | रांची, बुधवार 25 सितंबर 2024 ● आश्विन कृष्ण पक्ष 08 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 167 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र


### जस्टिस राव आज लेंगे झारखंड के चीफ जस्टिस पद की शपथ

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के नवनियुक्त चीफ जस्टिस एमएस राम चंद्र राव मंगलवार को सेवा विमान से रांची पहुंच गए. वह नए चीफ जस्टिस के रूप मे बुधवार को शपथ लेंगे. राजभवन में राज्यपाल संतोष गंगवार उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे. बता दें कि शनिवार को राष्ट्रपति ने सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में हुई कॉलेजियम की बैठक में लिए गए निर्णय पर मुहर लगाते हुए जस्टिस एमएस राम चंद्र राव को झारखंड हाईकोर्ट का चीफ जस्टिस नियुक्त किए जाने की अधिसूचना जारी कर दी थी. मंगलवार को रांची एयरपोर्ट पर गार्ड ऑफ ऑनर देकर नए चीफ जस्टिस का स्वागत किया गया. इस दौरान राज्य के कई वरीय पदाधिकारी भी एयरपोर्ट पर मौजूद थे.



### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 71,100 |
| चांदी (किलो) | 92,000 |

### ब्रीफ खबरें

#### अब एशिया का तीसरा सुपरपावर बना भारत

**नयी दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के थिंक टैंक लोवी द्वारा जारी एशिया पावर इंडेक्स रैंकिंग में भारत महत्वपूर्ण स्थान पर पहुंच गया है. भारत, अमेरिका और रूस के बाद तीसरी महाशक्ति बन गया है. भारत ने रूस और जापान को पीछे छोड़ते हुए तीसरे स्थान पर कब्जा जमाया है. भारत का स्कोर 39.1 है, जबकि जापान का 38.9 है, जिससे वह चौथे स्थान पर है.वहीं चीन की आर्थिक और सैन्य वृद्धि जारी है, लेकिन उसकी शक्ति स्थिर हो गई है.

#### हरिनी अमरसूर्या बनीं श्रीलंका की नई पीएम

**कोलंबो।** हरिनी अमरसूर्या ने मंगलवार को श्रीलंका की नई पीएम के रूप में शपथ ली है. इसके साथ ही वह सिरीमावो भंडारनायके के बाद पीएम बनने वाली दूसरी महिला बन गई हैं. एनपीपी की 54 वर्षीय नेता अमरसूर्या को राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने शपथ दिलाई. दिसानायके ने स्वयं सहित चार सदस्यों का मंत्रिमंडल नियुक्त किया है. अमरसूर्या को न्याय, शिक्षा, श्रम, उद्योग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य तथा निवेश मंत्रालयों का कार्यभार सौंपा गया है.

#### मालगाड़ी के छह डिब्बे पटरी से उतरे

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार जिले में न्यू मयनागुड़ी स्टेशन के पास मंगलवार को एक मालगाड़ी के छह डिब्बे पटरी से उतर गए. इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। ट्रेन के पटरी से उतरने के बाद रेल सेवाओं में किसी तरह की बाधा उत्पन्न होने की खबर नहीं है. चश्मदीदों ने बताया कि घटना के समय मालगाड़ी की रफ्तार काफी धीमी थी, इसलिए इसका कोई बड़ा प्रभाव नहीं पड़ा.

### सीएम हेमंत सोरेन ने की इटखोरी भद्रकाली मंदिर में पूजा-अर्चना, बोले

# बकाए का ब्याज ही मिल जाए तो राज्य की तकदीर बदल दूंगा

#### मुख्यमंत्री ने इटखोरी में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत 841 करोड़ की 702 योजनाएं चतरा और कोडरमा के लिए जारी कीं

विशेष संवाददाता। रांची/चतरा

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को चतरा के इटखोरी स्थित मां भद्रकाली की पावन धरती पर मंगलवार को आयोजित आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम में लगभग 841 करोड़ की 702 विकास योजनाएं चतरा एवं कोडरमा जिले को समर्पित किया. इस मौके पर उन्होंने लगभग 5 लाख लाभुकों के बीच 736 करोड़ रुपए से ज्यादा की परिसंपत्तियों एवं पोषण सखियों के बीच नियुक्ति पत्र का भी वितरण किया. इससे पूर्व उन्होंने भद्र काली मंदिर में पूजा-अर्चना की. इस मौके पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, बन्ना गुप्ता, विधायक उमा शंकर अकेला सहित कई नेता मौजूद थे.

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे विपक्ष के लोग मंईयां योजना के काट में कोई योजना लाने वाले हैं. ये बस चुनावी जुमला है. 20 सालों तक इन लोगों ने राज किया. जब डबल इंजन की सरकार थी तब कोई कोरोना नहीं था. कोई महामारी नहीं थी, लेकिन उस समय लोग हाथ में राशन कार्ड लेकर भात-भात करते करते मर गये. आज तक आपने क्यों नहीं कुछ किया.



#### आज टार्च लेकर ढूंढ़ने से कोई नहीं मिलेगा, जिसे पेंशन न मिल रही हो

उन्होंने कहा कि हमने जब 2019 में सरकार बनाई, तभी हमने कहा था कि हमारी सरकार रांची हेडक्वार्टर से चलने वाली सरकार नहीं है. ये सरकार गांव से चलने वाली सरकार है. हम जगह-जगह घूम कर यही देखना चाह रहे हैं कि सरकार के लोग आपके दरवाजे तक पहुंच रहे हैं या नहीं. पहले हमारे बूढ़े बुजुर्ग पेंशन के लिए दलालों के चक्कर लगाते थे. लेकिन आज टॉर्च लगा कर ढूंढ़ने से भी कोई ऐसा नहीं मिलेगा, जिसको पेंशन नहीं मिलती है. हमारे विपक्ष के लोग बोलते हैं कि मंईयां योजना सरकार बनते समय क्यों नहीं लागू की. अभी चुनाव आया तो क्यों लागू किया. अब इनको कौन बताए कि जैसे ही सरकार बनी, वैसे ही कोरोना काल आ गया. सब कुछ बंद था.



#### अगर मैं जेल के बाहर होता तो 14 की 14 सीट हमारी होती

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम पर झूठा आरोप लगाया. आखिरकार हम लोकसभा चुनाव में शामिल न हो पाएं, तो हमें जेल में डाल दिया. 14 में 12 सीट पहले लेकर आए थे.अब नौ सीट पर आ गये. अगर मैं बाहर होता तो इनसे 14 की 14 सीट ले लेता. फिर भी हमारी राज्य की जनता ने इन्हें करारा जवाब दिया. मंईयां योजना के खिलाफ ये लोग कोर्ट चले गये हैं. इनके पास बड़े-बड़े बुद्धिमान लोग हैं. जज- वकील इनके दोस्त हैं.

#### बकाया लेने दिल्ली जाएंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र के पास हमारा एक लाख 36 हजार करोड़ बकाया है. हम लोग मांगते हैं, तो कभी एक करोड़ कभी दो करोड़ दे रहे हैं. सोमवार को ही हमने प्रधानमंत्री को चिट्ठी लिखी है.केंद्र सरकार ने हमारा पैसा दबा कर रखा हुआ है. अगर आज भी हमको उस पैसे का ब्याज दे दें, तो हम मंईयां सम्मान योजना की राशि एक हजार से बढ़ा कर दो हजार कर देंगे. इस चुनाव के बाद तैयारी कर लो हम सब लोग मिल कर अपना पैसा लेने दिल्ली जाएंगे.

#### भगवान राम ने इन्हें सबक सिखाया

मुख्यमंत्री ने कहा कि हिंदू मुस्लिम, अगड़ा-पिछड़ा करके ये लोग चुनाव लड़ते हैं. इन्होंने भगवान को भी नहीं बख्शा. यही कारण है कि भगवान राम ने भी इनको सबक सिखाया. हम गरीब गुरबा को ताकत देने का काम कर रहे हैं, तो इनको तकलीफ हो रही है. हमने 200 यूनिट बिजली फ्री कर दी. बिजली का बकाया भी हमने माफ कर दिया है. हम योजनाएं गिनानी शुरू करें, तो सुबह से शाम हो जाएगी.

आज हमारे विपक्षियों में खलबली मची हुई है. हम सरकार की कार्यायोजना को लेकर पूरे राज्य के कोने-कोने में भटक रहे हैं और ये लोग कैसे चुनाव में वोट खरीदेंगे इसके लिए मंडरा रहे हैं. देश का बड़ा-बड़ा मंत्री, प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, एक दर्जन मुख्यमंत्री पूर्व मुख्यमंत्री झारखंड में मंडरा रहे हैं. इस सोने की चिड़िया पर कब्जा करने के लिए इन व्यापारियों की पूरी ताकत लगी हुई है.

## ममता बनर्जी की वजह से ही झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ

### भाजपा का पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री पर गंभीर आरोप

प्रमुख संवाददाता। रांची/बोकारो

भाजपा ने आरोप लगाया है कि झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की वजह से हो रही है. पश्चिम बंगाल विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने बोकारो में यह आरोप लगाया है. बोकारो के बलियापुर और चंदनकियारी में भाजपा की परिवर्तन सभा में हिस्सा लेने पहुंचे शुभेंदु ने बोकारो एयरपोर्ट पर कहा कि ममता बनर्जी को सिर्फ अपने वोट की चिंता है. साल 2022 में ही केंद्रीय गृह मंत्रालय के स्तर पर बिहार, पश्चिम बंगाल और झारखंड के साथ बैठक हुई थी. ममता बनर्जी को बताया गया है कि बांग्लादेश से लगी सीमा पर 72 ऐसे जगह हैं जहां बीएसएफ को फेंसिंग का काम पूरा करने के लिए जमीन की जरूरत है, लेकिन ममता बनर्जी ने तुष्टीकरण के लिए ऐसा नहीं होने दिया. वह जमीन मुहैया नहीं करा रही हैं.



**घुसपैठियों के कारण झारखंड और संस्कृति खतरे में :** शुभेंदु अधिकारी ने कहा पश्चिम बंगाल में घुसपैठियों की आबादी 35 प्रतिशत हो गई है. झारखंड भी खतरे में है. यहां की संस्कृति खतरे में है. बॉर्डर पर जमीन के लिए एमएचए ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है. कहा कि झारखंड में करीब 90 लाख लोग बांग्लाभाषी हैं. उनका 90 प्रतिशत वोट कमल को पड़ेगा. शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि त्रिपुरा चुनाव में बांग्ला समाज ने भाजपा को चुनाव जिताया. छत्तीसगढ़ में भी 11 सीटों पर बांग्लाभाषी का प्रभाव है. सबने भाजपा का साथ दिया. झारखंड में डबल इंजन की सरकार की जरूरत है. अगर ऐसा नहीं हुआ तो आने वाले समय में सनातन और आदिवासी संस्कृति खतरे में पड़ जाएगी.

#### परिवर्तन यात्रा के समापन समारोह में शामिल हो सकते हैं पीएम मोदी



**रांची।** झारखंड प्रदेश भाजपा की परिवर्तन यात्रा जारी है. इस परिवर्तन यात्रा के दौरान पांच हजार किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर एक करोड़ से अधिक लोगों से मिलने का लक्ष्य रखा गया है. जो सभी 81 विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजर रही है. इसका समापन कार्यक्रम रांची के प्रभात तारा मैदान में आयोजित करने की तैयारी चल रही है. जानकारी के अनुसार परिवर्तन यात्रा के समापन कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल हो सकते हैं. इसके लिए प्रदेश भाजपा ने पीएम के शामिल होने के लिए अनुरोध भी भेजा है. बताते चलें कि 20 सितंबर को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस परिवर्तन यात्रा की शुरुआत की थी. इससे पहले पीएम मोदी 15 सितंबर को जमशेदपुर में कई योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया था.

**झारखंड का माहौल परिवर्तन के पक्ष में है :** शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि झारखंड का माहौल परिवर्तन के पक्ष में है. झामुमो के पुराने साथी चंपाई सोरेन भी भाजपा के साथ आ गए हैं. कहा कि इंडिया गठबंधन के सत्ता में आने से झारखंडी संस्कृति खतरे में पड़ जाएगी. दावा किया कि झारखंड के बाद पश्चिम बंगाल में इस बार भाजपा की सरकार बनेगी.

## खत्म हुए तीन कृषि कानून वापस लाए जाएं: कंगना

### कांग्रेस ने किया विरोध, कहा: अब वो कभी वापस नहीं होंगे



एजेंसियां। शिमला

हिमाचल प्रदेश के मंडी से भाजपा की सांसद कंगना रनौत ने मांग की है कि उन 3 कृषि कानूनों को दोबारा लाना चाहिए, जिन्हें केंद्र सरकार ने भारी विरोध के बाद वापस ले लिया था. कंगना ने कहा कि तीनों कानून किसानों के हित में थे और उन्हें खुद इसे वापस लाने की मांग करनी चाहिए. अपने बयानों को लेकर अक्सर चर्चा में रहने वाली कंगना ने कहा है कि हो सकता है कि उनकी इस बात पर विवाद हो, लेकिन इसे लागू करना चाहिए. कंगना ने मंडी के नाचन विधानसभा में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की और सदस्यता अभियान में हिस्सा लिया. इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए रनौत ने जो कुछ कहा उस पर एक बार फिर विवाद हो सकता है, जिसकी शुरुआत कांग्रेस के विरोध के साथ हो चुका है.

**सबसे पहले हरियाणा जवाब देगा: कांग्रेस :** देश की मुख्य विपक्षी पार्टी ने कंगना रनौत के बयान पर आपत्ति जताई है. कांग्रेस ने एक्स पर कहा, किसानों पर लादे गए 3 काले कानून वापस लानेचाहिए. भाजपा की सांसद कंगना रनौत ने यह बात कही है. देश के 750 से ज्यादा किसान शहीद हुए, तब जाकर मोदी सरकार की नींद टूटी और ये काले कानून वापस हुए. अब भाजपा फिर से इन कानून की वापसी का प्लान बना रही है. कांग्रेस किसानों के साथ है. इन काले कानूनों की वापसी अब कभी नहीं होगी, चाहे नरेंद्र मोदी और उनके सांसद जितना भी जोर लगा लें. कांग्रेस की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि जिन तीन काले किसान विरोधी कानूनों की मुख़ालिफत करते 750 से ज़्यादा किसान शहीद हो गए, उनको दोबारा से लाने की कोशिश की जा रही है. हम ऐसा कभी नहीं होने देंगे. सबसे पहला जवाब हरियाणा देगा. -शेष पेज 07 पर

### राज्य में दिखेगा साइक्लोन का असर

**रांची।** बंगाल की खाड़ी में बन रहे निम्न दबाव क्षेत्र का असर राज्य में देखा जाएगा. मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार बंगाल की खाड़ी में दो साइक्लोन सक्रिय हैं, जिसका असर राज्य में दिखेगा. इससे 29 सितंबर तक राज्य में बारिश की संभावना है. इसमें 25 सितंबर को राज्य के उत्तर पूर्वी हिस्से में भारी बारिश की संभावना है, जबकि 26 - 27 को राज्य के उत्तर पूर्वी और मध्य हिस्से में बारिश की संभावना है. इसमें दुमका, गोड्डा, पाकुड़, साहिबगंज, गिरिडीह, हजारीबाग, बोकारो, रामगढ़, रांची, गुमला, खूंटी, लोहरदगा समेत कुछ अन्य जिले शामिल हैं. इसे लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है. इसके साथ ही दक्षिण पश्चिम मॉनसून की वापसी शुरू हो गई है. साइक्लोन के असर से राज्य के तापमान में गिरावट दर्ज की जाएी, जिससे धीरे-धीरे लोगों को सुबह और शाम के वक्त ठंड का एहसास होगा.



- कुछ जिलों में 29 तक बारिश की संभावना

### हाईकोर्ट से लगा कर्नाटक के सीएम को तगड़ा झटका, राज्यपाल ने दी थी मंजूरी

## जमीन घोटाले में चलेगा सिद्धारमैया पर केस

एजेंसियां। बेंगलुरु

कर्नाटक के सीएम एम सिद्धारमैया पर जमीन घोटाले के मामले में केस चलेगा. राज्यपाल ने इसके लिए मंजूरी दी थी, जिसके खिलाफ सिद्धारमैया ने हाईकोर्ट में अर्जी दाखिल की थी. हाईकोर्ट ने मंगलवार को सिद्धारमैया की अर्जी को खारिज कर दिया और राज्यपाल की ओर से दी गई मंजूरी को सही करार दिया.

मैसुरु अर्बन डिवेलपमेंट अथॉरिटी (मुदा) के प्लॉटों के आवंटन में घोटाले का आरोप है, जिसमें सिद्धारमैया के खिलाफ केस चलाने की अनुमति राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने दी थी. इसके खिलाफ सिद्धारमैया हाईकोर्ट गए थे. उनकी अर्जी पर सुनवाई करते हुए जस्टिस एम. नागप्रसन्ना ने कहा कि राज्यपाल थावरचंद गहलोत की ओर से केस चलाने की मंजूरी नियमों के तहत दी गई. इस मामले में ऐक्टिविस्ट टीजे अब्राहम, एस कृष्णा और प्रदीप कुमार एसपी ने शिकायत दर्ज कराई थी.

जस्टिस नागप्रसन्ना ने कहा कि आमतौर पर राज्यपाल मंत्री परिषद की सिफारिश पर ही कोई निर्णय लेते हैं, लेकिन संविधान उन्हें विशेष परिस्थितियों में स्वतंत्र निर्णय लेने की भी परमिशन देता है. अदालत ने कहा कि इस मामले में शिकायत पर फैसला लेना जरूरी था. अदालत ने कहा कि यह मामला ऐसे ही अपवाद और विशेष स्थिति का है. बेंच ने कहा कि गवर्नर के फैसले में कोई भी गलती नहीं लगती है.

हाईकोर्ट ने कहा कि हमारे आदेश के साथ ही निचली अदालत की ओर से आनेवाला कोई अंतरिम आदेश भी निष्प्रभावी हो जाएगा. दरअसल इस मामले की सुनवाई सिद्धारमैया की अर्जी पर निचली अदालत में भी चल रही थी. अब हाईकोर्ट के फैसले के बाद वह केस खत्म हो गया है. दरअसल राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने 16 अगस्त को प्रिवेंशन ऑफ करप्शन ऐक्ट के सेक्शन 17ए के तहत सिद्धारमैया के खिलाफ केस चलाने की मंजूरी दी थी. -शेष पेज 07 पर



#### अब क्या हैं सिद्धारमैया के पास विकल्प

सिद्धारमैया डबल बेंच में अपील कर सकते हैं. उनसे जुड़े सूत्रों की मानें तो इसकी तैयारी हो रही है. डबल बेंच में जाने पर इस पिटीशन की सुनवाई पूरी होने तक निचली अदालत में सुनवाई पर रोक लगाने की अपील की जा सकती है. अगर डबल बेंच याचिका को सुनवाई के लिए स्वीकार कर लेती है तो सिद्धारमैया को राहत मिल जाएगी. सीएम कैंप ने ये साफ कर दिया है कि अगर डबल बेंच से भी राहत नहीं मिली, तो सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया जाएगा और तब तक सिद्धरामैया इस्तीफा देने के मूड में नहीं हैं.

#### अपनी याचिका में सिद्धरमैया ने कहा था

सिद्धरमैया ने 17 अगस्त को गवर्नर की ओर से जारी आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की धारा 17ए के तहत जांच की अनुमति और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 218 के अनुसार अभियोजन की स्वीकृति दी गई थी. धारा 17ए सार्वजनिक अधिकारियों की ओर से आधिकारिक कार्यों या कर्तव्यों के निर्वहन में किए गए अनुशंसाओं या निर्णयों से संबंधित अपराधों की जांच के लिए है. मुख्यमंत्री की याचिका में दावा किया गया था कि स्वीकृति का आदेश बिना उचित विवेचना के जारी किया गया, जो विधिक आवश्यकताओं का उल्लंघन करता है और संवैधानिक सिद्धांतों के विपरीत है, जिसमें संविधान के अनुच्छेद 163 के तहत मंत्रिपरिषद की सलाह भी शामिल है, जो बाध्यकारी है. यह भी कहा गया कि स्वीकृति का विवादित आदेश दुर्भावना से भरा है और राजनीतिक कारणों से कर्नाटक की निर्वाचित सरकार को अस्थिर करने के लिए एक संगठित प्रयास का हिस्सा है.

### नया फरमान | यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने जारी किया आदेश- होटलों में सीसीटीवी और मास्क-ग्लब्स भी जरूरी

## अब से खाने-पीने की हर दुकान पर लिखना होगा मालिक का नाम

संवाददाता। लखनऊ

उत्तर प्रदेश में सभी खाने-पीने की दुकान, ढाबे, होटल और रेस्टॉरेंट्स पर अब मालिक और मैनेजर का नाम लिखना भी अनिवार्य होगा. सीएम योगी आदित्यनाथ ने खान-पान की वस्तुओं में मानव अपशिष्ट/गंदी चीजों की मिलावट करने वालों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई के निर्देश दिए हैं. हाल ही में सामने आई विभिन्न घटनाओं के मद्देनजर यह आदेश जारी किया गया है.

देश के विभिन्न क्षेत्रों में घटीं ऐसी घटनाओं का संज्ञान लेते हुए मंगलवार को राजधानी लखनऊ में एक उच्च स्तरीय बैठक में सीएम ने प्रदेश के सभी होटलों/ढाबों/रेस्टोरेंट आदि संबंधित प्रतिष्ठानों की गहन जांच, सत्यापन आदि के भी निर्देश दिए हैं. इसके साथ ही आम जन की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए नियमों में संशोधन के भी निर्देश दिए हैं. सीएम योगी ने स्पष्ट किया कि जूस, दाल और रोटी जैसी खान-पान की वस्तुओं में मानव अपशिष्ट मिलाना वीभत्स, यह सब स्वीकार नहीं है. मुख्यमंत्री के निर्देश के अनुसार ऐसे ढाबों/रेस्टोरेंट आदि खान-पान के प्रतिष्ठानों की सघन जांच होगी. हर कर्मचारी का पुलिस वेरिफिकेशन किया जाएगा. खान-पान की चीज़ों की शुद्धता-पवित्रता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम में आवश्यक संशोधन के निर्देश. खान-पान के केंद्रों पर संचालक, प्रोपराइटर, मैनेजर आदि का नाम और पता डिस्प्ले करना अनिवार्य करना होगा. शेफ हो या फिर वेटर, सभी को मास्क और ग्लव्स लगाना होगा. होटल/रेस्टोरेंट में सीसीटीवी लगाना अनिवार्य है. अपशिष्ट आदि गंदी चीजों की मिलावट की तो संचालक/प्रोपराइटर पर भी कठोर कार्रवाई की जाएगी.



- हर कर्मचारी का पुलिस वेरिफिकेशन किया जाएगा
- खान-पान की चीजों में शुद्धता के लिए होगी सघन जांच

#### ये हैं यूपी के मुख्यमंत्री द्वारा जारी किए गए आदेश

**1.** हाल के दिनों में देश के विभिन्न क्षेत्रों में जूस, दाल और रोटी जैसी खान-पान की वस्तुओं में मानव अपशिष्ट/ अखाद्य/ गंदी चीजों की मिलावट देखने को मिली हैं. ऐसी घटनाएं वीभत्स हैं और आम आदमी के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाली हैं. ऐसे कुत्सित प्रयास कतई स्वीकार नहीं किया जा सकते. यूपी में ऐसी घटनाएं न हों, इसके लिए ठोस प्रबंध किए जाने आवश्यक हैं.

**2.** **ऐसे ढाबों/रेस्टोरेंट आदि खान-पान के प्रतिष्ठानों की जांच की जानी आवश्यक है. प्रदेशव्यापी सघन अभियान चलाकर इन प्रतिष्ठानों के संचालक सहित वहां कार्यरत सभी कर्मचारियों का सत्यापन किया जाए. खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, पुलिस व स्थानीय प्रशासन संयुक्त टीम द्वारा यह कार्यवाही शीघ्रता से सम्पन्न कराई जाए.**

**3.** खान-पान प्रतिष्ठानों पर संचालक, प्रोपराइटर, मैनेजर आदि के नाम और पता प्रमुखता से लिखे होने चाहिए. इस संबंध में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम में संशोधन भी किया जाए.

**4.** **ढाबे/होटलों/रेस्टोरेंट आदि में सीसीटीवी लगी हो. न केवल ग्राहकों के बैठने के स्थान पर बल्कि प्रतिष्ठान के अन्य हिस्सों को भी सीसीटीवी से कवर होना चाहिए. यह सुनिश्चित किया जाए कि हर प्रतिष्ठान संचालक सीसीटीवी की फीड को सुरक्षित रखेगा और आवश्यकता पड़ने पर पुलिस/स्थानीय प्रशासन को उपलब्ध कराएगा.**

**5.** खान पान के केंद्रों पर साफ-सफाई होनी चाहिए. यह सुनिश्चित किया जाए कि खाद्य पदार्थों को तैयार करने तथा सर्विस के समय संबंधित व्यक्ति मास्क/ग्लव्स का उपयोग जरूर करें, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए.

**6.** **आम जन के स्वास्थ्य हितों से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ नहीं किया जा सकता. ऐसा प्रयास करने वालों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाए. खाद्य पदार्थों को बनाने, बेचने अथवा अन्य संबंधित गतिविधियों से जुड़े नियमों को व्यवहारिकता का ध्यान रखते हुए और सख्त किया जाए. नियमों की अवहेलना पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए.**

## आर्थिक मोर्चे पर खुशखबरी ग्रोथ रेट 6.8% की दर से बढ़ेगी

एजेंसियां। नयी दिल्ली

वैश्विक रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स की ओर से मंगलवार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की जीडीपी विकास दर अनुमान को 6.8% पर बरकरार रखा गया है. साथ ही कहा है कि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अक्टूबर में ब्याज दरों में कटौती की जा सकती है.

रेटिंग एजेंसी की ओर से एशिया-प्रशांत क्षेत्र के लिए निकाले गए इकोनॉमिक आउटलुक में कहा गया कि वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की जीडीपी 6.9 प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है. भारत की मजबूत विकास दर महंगाई में प्रबंधन में आरबीआई की मदद करेगी. रिपोर्ट में बताया गया कि जुलाई के बजट में भारत सरकार की ओर से स्पष्ट किया गया कि वह वित्तीय समेकन के लिए प्रतिबद्ध है. साथ ही इन्फ्रास्ट्रक्चर पर भी खर्च जारी रखा जाएगा. वित्त वर्ष 2024-25 के बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से पूंजीगत खर्च के लिए 11.11 लाख करोड़ रुपए का फंड आवंटित किया गया. वहीं, वित्त वर्ष 2025-26 के लिए राजकोषीय घाटे का लक्ष्य घटा कर 4.5 प्रतिशत कर दिया गया है. रिपोर्ट में बताया गया कि महंगाई आरबीआई के टारगेट 4 प्रतिशत के नीचे आ गई है. -शेष पेज 07 पर



अक्टूबर में घट सकती है ब्याज दर

### दो नए कोषागार एसएनए स्पर्श व साइबर ट्रेजरी स्थापित, प्रोजेक्ट भवन कोषागार ही अब साइबर ट्रेजरी बन गया

# झारखंड में अब हो गए 29 कोषागार और छह उपकोषागार

प्रमुख संवाददाता। रांची

झारखंड में अब कोषागारों की संख्या 29 (झारखंड भवन, नई दिल्ली सहित) हो गई है, जबकि उपकोषागार छह हैं. पहले राज्य में कोषागार की संख्या 27 थी, लेकिन एसएनए स्पर्श और साइबर ट्रेजरी की स्थापना के साथ ही दो और कोषागार की वृद्धि हुई है. राज्य में वाणिज्य-कर भुगतान की ऑनलाइन पेमेंट व्यवस्था को लागू करने के लिए प्रोजेक्ट भवन कोषागार को ही साइबर ट्रेजरी के रूप में घोषित किया गया है. साथ ही यह निर्णय लिया गया है कि प्रोजेक्ट भवन के कोषागार पदाधिकारी ही साइबर ट्रेजरी अफसर के रूप में कार्य करेंगे.

**साइबर ट्रेजरी के लिए पदों का सृजन :** एसएनए स्पर्श और साइबर ट्रेजरी में लेखा अधीक्षक के दो, वरीय लेखा सहायक के दो और लेखा सहायक के चार पदों का सृजन झारखंड फाइनांस सबऑर्डिनेट सर्विस के अकाउंट कैडर के तहत किया गया है. इसके लिए प्रोजेक्ट भवन कोषागार और डोरंडा कोषागार में अकाउंट कैडर के सृजित पदों में से लेखा अधीक्षक के एक-एक पद, वरीय लेखा सहायक के एक-एक पद एवं लेखा सहायक के दो-दो पद को प्रत्यर्पित किया गया है. एसएनए स्पर्श और साइबर ट्रेजरी के सुचारू संचालन के लिए अस्सिटेंट प्रोग्रामर व आदेशपाल की नियुक्ति आवश्यकतानुसार बाह्य स्रोत से की जाएगी. वहीं कोषागार पदाधिकारियों के पदों की संख्या 29 से बढ़ कर 31 हो गई है.



#### क्या है एसएनए स्पर्श

ई-कुबेर प्लेटफॉर्म, भारतीय रिजर्व बैंक के माध्यम से केंद्र प्रायोजित योजनाओं की राशि को जस्ट इन टाइम पर जारी करने के लिए एसएनए स्पर्श प्रक्रिया लागू करने का निर्णय लिया गया है. व्यय विभाग, वित्त मंत्रालय के दिशा-निर्देश के तहत केंद्र प्रायोजित योजनाओं के लिए एसएनए स्पर्श के तहत राशि के खर्च एवं नियंत्रण से संबंधित झारखंड के वित्त विभाग के सहयोग से सभी संबंधित विभागों द्वारा राज्य में लागू किया जायेगा. एसएनए स्पर्श विपत्रों के केंद्र के लिए डोरंडा कोषागार, रांची में एसएनए स्पर्श नाम से एक पृथक कोषागार की स्थापना की जाएगी, जिसका ट्रेजरी कोड एसएनए होगा. यह कोषागार एसएनए स्पर्श प्रणाली के तहत राज्य के सभी कोषागारों से जारी विपत्रों के केंद्र लेखाकरण का कार्य करेगा.

---

### कैबिनेट की बैठक 27 को

## कई अहम प्रस्तावों पर लग सकती है मुहर

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में झारखंड कैबिनेट की बैठक 27 सितंबर शाम चार बजे से प्रोजेक्ट भवन में होगी. इस बैठक में कई प्रस्तावों पर मुहर लग सकती है. विधानसभा चुनाव घोषणा के पूर्व संभवत दो-तीन कैबिनेट की ही बैठक होगी. ऐसे में विधानसभा चुनाव को देखते हुए सरकार कई अहम निर्णय ले सकती है.

**सेविका-सहायिकाओं के मानदेय समेत कई महत्वपूर्ण फैसले ले सकती है सरकार :** मालूम हो कि गत सोमवार को राज्य के आंगनबाड़ी सेविका और सहायिकाओं का विशाल प्रदर्शन रांची के मोरहाबादी मैदान में हुआ था. प्रदर्शनकारियों को सरकार की ओर से वार्ता के लिए बुलाया गया था. इस वार्ता में झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक सुदीवो कुमार सोनू ने आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं को आश्वासन दिया था कि 27 को कैबिनेट की बैठक के बाद आप लोगों को खुशखबरी मिलेगी. ऐसे में अनुमान लगाया जा रहा है कि सरकार राज्यभर के आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं के लिए मानदेय बढ़ाने समेत कई महत्वपूर्ण फैसले ले सकती है.

## लॉटरी घोटालों को लेकर पुलिस ने आम लोगों से की अपील

**रांची।** लॉटरी घोटालों को लेकर झारखंड पुलिस ने आम लोगों से अपील कर सतर्क रहने को कहा है. झारखंड पुलिस ने कहा कि लॉटरी घोटालों से सावधान रहें, अपनी व्यक्तिगत जानकारी कभी भी अजनबियों के साथ साझा न करें. गौरतलब है कि लॉटरी घोटाला ऐसी धोखाधड़ी है, जिसकी शुरुआत एक ऐसे ईमेल के नोटिफिकेशन या फिर फोन कॉल से होती है. जिसकी आपने कल्पना भी न की हो. इसमें बताया जाता है कि आपने लॉटरी टिकट में बड़ी राशि जीती है और इसके लिए एजेंट से उसके खास फोन नंबर या ईमेल पते पर संपर्क करने के लिए कहा जाता है. जो हकीकत में घोटालेबाज का होता है.

## 19 पदाधिकारियों की सेवा मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग को

**रांची।** सचिवालय सेवा के 19 पदाधिकारियों की सेवा मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग को दो गई है. कार्मिक ने इसका आदेश जारी कर दिया. जिस पदाधिकारियों की सेवा मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग को सौंपी गई है, उनमें अमोल बलवीर मिंज, मुकेश मालाकार, राजेश कुमार सिंह, निशांत कुमार लाल, सुमित कुजूर, विवेक कुमार सिंह, एडविन पंकज खाखा, विवेक भुईयां, शशिकांत गोप, सचिन गुप्ता, अंकित कुमार, प्रदीप कुमार राम, अमित कुमार, जयकांत प्रसाद, मनीष कांत, पप्पू कुमार, अनुप कुमार, अभय कुमार और मनोज कुमार सिंह शामिल हैं.

---

### दुमका में सिदो कान्हू विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह आयोजित

# शिक्षा से ही विकास संभवः राज्यपाल

प्रमुख संवाददाता। रांची

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा है कि शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार प्राप्त करना नहीं, बल्कि नेतृत्व क्षमता का भी विकास करना है शिक्षा से ही विकास और सशक्तीकरण संभव है. शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार प्राप्त करना नहीं, बल्कि नैतिकता, सहानुभूति और नेतृत्व क्षमता का विकास करना भी है. शिक्षा और ज्ञान से समाज में सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में सार्थक कार्य होंगे. राज्यपाल मंगलवार को सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका के दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे. उन्होंने कहा कि जनजातीय क्षेत्र में स्थापित सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय से हमारी काफी अपेक्षाएं हैं. यह केवल एक शैक्षणिक संस्थान नहीं, बल्कि हमारे जनजातीय समाज की संस्कृति, इतिहास और परंपराओं का प्रतीक है.

**अध्ययन और शोध से चुनौतियों का ढूंढ़े समाधानः** राज्यपाल ने विद्यार्थियों से कहा कि आपसे यह अपेक्षा की जाती है कि अपने अध्ययन और शोध से उन चुनौतियों का समाधान ढूंढेंगे, जिनका सामना जनजाति समाज और ग्रामीण समुदाय कर रहे हैं. चाहे वह कृषि हो, पर्यावरण संरक्षण हो, स्वास्थ्य या शिक्षा, हर क्षेत्र में आपके प्रयासों की आवश्यकता है. जनजातीय समाज की संस्कृति और परंपराओं को ध्यान में रखते हुए, इस विश्वविद्यालय का कार्यक्षेत्र और भी व्यापक हो जाता है. आपकी मेहनत और समर्पण से न केवल आपके लिए, बल्कि आपके समाज और राज्य के लिए भी नए रास्ते खुलेंगे.



#### ज्ञान और कौशल का उपयोग राष्ट्रहित में करें

राज्यपाल ने विद्यार्थियों से कहा कि अपने ज्ञान और कौशल का उपयोग समाज और राष्ट्र के व्यापक हित में करें. आपके सामने यह जिम्मेदारी है कि आप विज्ञान, प्रौद्योगिकी, सामाजिक न्याय और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में नए कीर्तिमान स्थापित करने की दिशा में निरंतर प्रयासरत रहें. आपकी सोच और नवाचार से ही हमारे देश को विकास के नए आयामों तक पहुंचाया जा सकेगा. आपका प्रयास न केवल व्यक्तिगत सफलता के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह हमारे समाज के उत्थान में भी सहायक होगा. अपने ज्ञान, कौशल और मेहनत से आप न केवल अपने जीवन को सफल बना सकते हैं, बल्कि समाज और देश की उन्नति में भी महत्वपूर्ण योगदान कर सकते हैं.

#### विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में युवाओं की भूमिका अहम

विकसित भारत 2047' के लक्ष्य को प्राप्त करने में विश्वविद्यालय और युवाओं की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है. सभी द्वारा अर्जित शिक्षा और कौशल केवल आपकी व्यक्तिगत प्रगति के लिए नहीं, बल्कि देश की समृद्धि और विकास के लिए भी आवश्यक हैं. आपका योगदान हमारे समाज को सशक्त बनाने और 'आत्मनिर्भर भारत' के निर्माण में एक महत्वपूर्ण कड़ी है. जब आप अपने ज्ञान और कौशल का उपयोग समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए करेंगे, तब ही हम अपने देश को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा सकेंगे.

#### सिदो कान्हू के बलिदान को सदैव याद रखा जाएगा

सिदो कान्हू का मातृभूमि के लिए संघर्ष और बलिदान सदैव याद रखा जाएगा. उनकी वीर गाथाएँ न केवल झारखंड, बल्कि पूरे देश को प्रेरित करती हैं. 'संथाल विद्रोह ने न केवल जनजाति समाज के अधिकारों के लिए संघर्ष की मिसाल कायम की, बल्कि पूरे देश में स्वतंत्रता के प्रति जनमानस में जागरूकता और संघर्ष की भावना को भी प्रेरित किया. उनके साहस से हमें यह सीख मिलती है कि अन्याय के खिलाफ आवाज उठाना और अपने अधिकारों के लिए खड़ा होना मानवता की सबसे बड़ी जिम्मेदारियों में से एक है.

#### सिदो-कान्हू ने जनजातीय समाज को एकजुट किया

सिदो-कान्हु के संघर्षों ने जनजातीय समाज को एकजुट किया. उनके बलिदान की गाथा यह संदेश देता है कि कोई भी लड़ाई असंभव नहीं होती, यदि उसमें धैर्य, साहस और सामूहिकता का बल हो. आज, इस विश्वविद्यालय के विद्यार्थी के रूप में, आप सभी के कंधों पर अपने समाज, अपनी संस्कृति और अपने राज्य के विकास में योगदान देने की एक अहम जिम्मेदारी है. आपका दायित्व है कि आप उनके संघर्षों से प्रेरित होकर अपने समाज की उन्नति के लिए कार्य करें. उनके आदर्शों को आगे बढ़ाएँ, जिनके लिए सिदो-कान्हु जैसे वीर सपूतों ने अपना जीवन समर्पित किया.

---

# निशिकांत की याचिका पर मुख्य सचिव, पर्यटन सचिव और देवघर डीसी को अवमानना नोटिस

संवाददाता। रांची

झारखंड हाईकोर्ट ने देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ मंदिर में क्यू कॉम्पलेक्स का निर्माण अब तक शुरू नहीं किये जाने पर नाराजगी जाहिर की है. अदालत ने राज्य के मुख्य सचिव, पर्यटन सचिव और देवघर जिले के डीसी को अवमानना नोटिस जारी किया है. अदालत ने नोटिस जारी कर उनसे पूछा है कि उनके खिलाफ अवमानना की कार्यवाही क्यों शुरू नहीं की जानी चाहिए? सभी अधिकारियों को 16 अक्टूबर तक जवाब देने का निर्देश दिया गया है. हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस की अदालत ने भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की याचिका पर यह सुनवाई की है.

**सांसद ने हाईकोर्ट में दायर की है याचिका :** दरअसल भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है. उन्होंने अपनी याचिका में कहा था कि सरकार क्यू कॉम्पलेक्स का निर्माण नहीं करा रही है और सीएसआर के तहत 120 करोड़ रुपये सरकार को दिये जाने के प्रस्ताव पर भी निर्णय नहीं लिया जा रहा है. इसके बाद कोर्ट को यह बताया गया था कि नवयुग कंपनी लिमिटेड ने अपने सीएसआर के तहत कॉम्पलेक्स के निर्माण के लिए 120 करोड़ देने का प्रस्ताव राज्य सरकार को दिया है, जिससे निर्माण कार्य होगा. लेकिन अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ.

## कमलेश व अन्य के खिलाफ ईडी ने दायर की पीसी

**रांची।** राजधानी कांके इलाके में लैंड स्कैम के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग करने के आरोपी पत्रकार से जमीन कारोबारी बने कमलेश कुमार, कांके के सीओ जयकुमार राम और कांके के पूर्व सीओ दिवाकर द्विवेदी समेत छह आरोपियों के खिलाफ ईडी ने पीसी (प्रोसिक्यूशन कंप्लेन) दाखिल कर दी है. मंगलवार को रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट में एजेंसी ने पीसी दाखिल की है. जिसमें पूरे घोटाले की विस्तृत जानकारी दी गई है. ईडी द्वारा दायर पीसी पर कोर्ट जल्द संज्ञान ले सकती है. एजेंसी ने कमलेश को रिमांड पर लेकर पूछताछ की थी, जिसमें अहम खुलासे हुए थे. लैंड स्कैम से जुड़े केस में ईडी ने जून महीने में कमलेश के घर पर छापेमारी की थी. जिसमें उसके घर से एक करोड़ रुपये कैश और 100 कारतूस बरामद हुए थे. ईडी की पूछताछ के बाद में कमलेश को एजेंसी ने गिरफ्तार किया था.

## तलहा खान की बेल पर सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

**रांची।** जमीन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले के आरोपी तलहा खान की ज़मानत याचिका पर रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट में सुनवाई हुई. ईडी और बचाव पक्ष की ओर से बहस पूरी सुनने के बाद अदालत ने बेल पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है. तलहा की ओर से अधिवक्ता स्नेह सिंह और ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार उर्फ काका जी ने बहस की. इससे पहले तलहा खान ने बेल के लिए झारखंड हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, लेकिन दोनों ही कोर्ट ने उसे बेल देने से इनकार कर चुका है. बता दें कि तलहा खान को ईडी ने 13 अप्रेल 2023 को गिरफ्तार किया था.

# हाईकोर्ट ने भंग की धार्मिक न्याय बोर्ड की पहाड़ी मंदिर की कमेटी

संवाददाता। रांची

पहाड़ी मंदिर विकास समिति द्वारा दायर याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. सोमवार की सुनवाई में अदालत ने राज्य सरकार और धार्मिक न्यास बोर्ड द्वारा बनाई गई कमिटी को खत्म करते हुए कमिटी को भंग कर दी है. सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया कि समिति को किसी प्रकार का धारा 29 का नोटिस (समिति भंग करने का कारण) नहीं दिया गया. ना ही जिला न्यायाधीश से मंदिर विकास के लिए कोई योजना दी गई और न ही जिला न्यायाधीश से किसी प्रकार की कोई सहमति ली गई. वहीं समिति भंग करने से पहले बोर्ड से कोई आदेश भी पारित भी नहीं कराया गया. धार्मिक न्यास के चेयरमैन का आदेश सही नहीं है. पहाड़ी मंदिर विकास समिति की ओर से अधिवक्ता अभय मिश्रा ने पक्ष रखा. धार्मिक न्यास बोर्ड की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार ने पक्ष रखा. अदालत ने निर्देश दिया है कि पूर्व की तरह रांची डीसी के नेतृत्व वाली कमेटी पहाड़ी मंदिर का कार्यभार संभालेंगी.

---

## सुखवा तो है, पर चैने नाहीं, बउवा ला बुढ़ारी में हांफेल हैं धोतीधारी वंशी बजवइया अंकिल

संजय सिंह

### चुनावी चकल्लस



आईए जानें धोतीधारी वंशी बजवइया अंकिल जी की कथा-कहानी. ई ऊ जगहिया के रहेवाला हैं, जहां लोगबाग हमेशा विश्रामे के मूड में रहता है. लेकिन वंशी बजवईया जी के भला कहां चैन है. पहिले लालटेनवा के रोशनी में सामाजिक न्याय के गीत गाईले फिर रहे थे. ऊ समय लाल बत्तिया भी भेंटाईल थे. चउवे पर धोतिया अलगा-अलगा के चलते थे, बुझाता था कि इनका आगे कोईयो न है. लालटेन में मजा मार लीहिन, जब लगे लगा कि लोगन के उनका चउवा पर चलल पसंद न है, तो अकबकाईनी धर लीहिस. लगे ऐन-ऊने ताक-झांक करे. देखिए धोतीधारी वंशी बजवइया जी के बाबा पानिए पिला दीहिन. वईसे बंशी बजवइया अंकिल हबकुनिए फेंकाए, तो चल दीहिन मस्टरई करे. लालटेन धारी थे, तो माल-पत्तर भी ठीके-ठाक नोच लीहिन थे. ढेर जगह जमीन भी हथवस लीहिन थे सस्ते में. चार साल कईसहूं गुजार दीहिन, फिर चुनाउवा आईल, तो बिल से मुड़िया निकाल के टापर-टुपुर करे लगे. किस्मतवा चरचाईल था. ऊ तो रघु कृपा बरसी, तो धोतीधारी वंशी बजवइया अंकिल जी के कमलवा खिलावे के मौका मिल गईस. जंग जीत लीहिन. फिरो मसूलाधार रघु कृपा बरसी, तो अंकिल जी के मालदार विभाग मिल गईस. सुधारे के तो लोगबाग के स्वास्थ्य सुधारे के जिम्मा मिलल था, लेकिन ई वंशी बजवईया अंकिल जी तो ढेरे चंट निकल गिये. लोगबाग के साइड धराके जुट गईन अपन हेल्थवा सुधारे में. जब हेल्थवा सुधरे लगीस तो वंशी बजवइया अंकिल जी चांदी काटे लगे. तिकड़मबाजी में तो अंकिल जी के कोई सानिए न था.

वंशी बजवइया अंकिल जी धोतिया में टाइट क्रिज लगाईले चहके लगे. माल के आवक जो होवे लगा था. माल के आवक बढ़ा, तो अंकिल जी लगे शिक्षा-दीक्षा के ढेरे बात बतियाये लगे. हेल्थ सुधारे लगी जिम्मेवारी मिलल था ही, सो अंकिल जी जनता के दास के जोरदार तरीके से धर लीहिन. मेडिकल कॉलेज कोल लीहिन, स्वनामधाम का विश्वविद्यालय भी कोल लीहिन. चकाचकी था. क्षेत्रके लोग बाग घुसुर-फुसुर करे लगा. कहे लगा कि भाई ई अंकिल जी तो एजुकेशनवाले मफिया अंकिल हो गए हैं. मालामाल होइए रहे हैं. पांच बरिस अंकिल वंशी बजवईया जी चैनवाली वंशिया बजाइले थे. लेकिन कहा जाता है न, सब दिन होत न एक समाना. कमल फूल खिलावेला वंशी ब्रांड अंकल के फिरो से मौका मिल गिया. धोतीधारी, वंशी बजवइया अंकिल फिरो बाजी मार लीहिन, लेकिन उनकी पार्टिए हबकुनिए फेंका गई. अंकिल के गॉड फादर भी औंधे मुंह गिर गिये. पांच साल से वंशी अंकिल हांफले हैं. अब तो अंकिल जी के उम्र भी ढेरे हो गिया है. 70 पार वंशी अंकिल अभियो हांफले हैं. अब बेटवा के हाड़े हरदिया लगावे ला बेचैन हैं. फूलधारी अपने गॉडफादर के पास चिरौरी कईले हैं. कहईत फिर रहे हैं- प्रभु मेरा बिटुवा जवान हो गईस, इसे टिकटवा दिला दो. हालांकि वंशी अंकिल पुत्र मोह में बुढ़ारी में भी तेजी से भाग-दौड़ कईले हैं, लेकिन दउड़े के चक्कर में कहीं अंकिल जी के चरणवा धोतिया में लपटाईस, तो फिर हबकुनिए फेंकाईबे करेंगे. वईसी जिस बेटु राजा के वंशी अंकिल जवान कहईत फिर रहे हैं, ऊ हो 55 पारेवाला है. लेकिन राजनीति तो राजनीति है. राजनीत करेंगे, तभिए तो धनसुख होगा. अब वंशी अंकिल बेटवा लगी कमल फूल ब्रांड के बड़का नेताजी लोगन के आगे-पीछे पैडल मारले हैं. वंशी अंकिल के अभी तनिका दिक्कत होवे लगा है. दलबदलु के धब्बा लगल है और गॉडफादर के भी सक्रिय राजनीति से खिसका दिया गिया है. अंब अंकिल जी दुआरे-दुआरे छिछिआइल फिर रहे हैं. का करें बेचारु, चैन के वंशी बजावे के उमरिया में पुत्र मोह में पगलाइल हैं.अब न तो वंशिये बजावे सक रहे हैं और न चैन के नींद ही सुते सक रहे हैं. बस, बेटाजी के राजनीतिक विरासत सौंपे ला हांफले हैं.

वंशी अंकल के धोतिया खोले लगी भी पार्टिया के लोग छटपटाईल है. टिकट ला ढेरे लोग लाईन लगाईले है. लेकिन धनवर्षा करे में पिछड़ जा रहे हैं. वंशी अंकिल जी रायशुमारी में भी पहुंचल थे. बेटवा लगी पैडल मारले थे. लेकिन रायशुमारी में तो उनकी पार्टिए के लोग वंसी अंकिल के अईसन इज्जत दीहिस कि बेचारे मुंह छुपाईले, धोती संभारले कईसो ऊहां से रफुचक्कर हो गिये. पार्टिया के लोगन ने अईसन इज्जत उतारीस कि पूछिए मत. उन्हें अश्लील नहीं, गंदी-गंदी उपाधियों के विभूषित कर दीहिस, कुछ लोग तो धकिया भी दीहिस, लेकिन ई तो शुक्र है कि भागे के क्रम में अंकिल के पारवा धोतिया में न लदफदाईश, तो आगे का होता, ई उनको भी पता न था. वईसे वंशी अंकिल विश्रामावस्ता में जाए के मूड में कनिको न नजर आ रहे हैं. बेटु राजा के मौका न मिलेगा, तो अंकिल 70 पार करे के बाद भी धोती उठाईले खुदे मैदान में दउडे.ला दावा ठोक देंगे. अब आगे-आगे देखिए होता है का. अंकिल का बेटुवा आगे बढ़ पाता है, या अंकिले राजनीतिक स्कूल ऑफ ड्रामा से आउट हो जाते हैं.

## एसीबी में तैनात 45 जवान समेत 101 का तबादला

**रांची।** एसीबी में पदस्थापित 45 पुलिसकर्मी समेत 101 आरक्षी और हवलदार का तबादला हुआ है. डीजीपी के निर्देश पर डीआईजी कार्मिक के द्वारा इससे संबंधित आदेश जारी किया गया है. जारी आदेश के मुताबिक, तबादला किए गए 101 पुलिसकर्मी में से 45 पुलिसकर्मी भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) में पदस्थापित थे. इसके अलावा धनबाद, बोकारो, सिमडेगा, गिरिडीह, हजारीबाग, पलामू, रेल धनबाद, रेल जमशेदपुर, सरायकेला, देवघर, चाईबासा, चतरा, गढ़वा, गुमला, लातेहार और लोहरदगा जिले में पदस्थापित आरक्षी और हवलदार का तबादला किया गया है.

---

### हुसैनाबाद विधानसभा सीट | एनडीए का 'मिनी चित्तौड़गढ़' पर बड़ा दांव

# क्या कमलेश सिंह फिर लहराएंगे जीत का परचम?

समीर चक्रवर्ती। पलामू

झारखंड विधानसभा चुनाव अगले कुछ महीने में होने हैं, लेकिन अब तक एनडीए और महागठबंधन में सीट शेयरिंग का फॉर्मूला तय नहीं हो पाया है. लेकिन इस बात की संभावना जताई जा रही है हुसैनाबाद विधानसभा सीट भारतीय जनता पार्टी की ओर से एनडीए में शामिल घटक एनसीपी अजीत पवार गुट के लिए छोड़ने पर सहमत बन गई है. बताया जा रहा है कि इसे लेकर जल्द ही एनडीए की ओर से औपचारिक घोषणा कर दी जाएगी. हालांकि हुसैनाबाद सीट पर एनडीए की ओर से कई नेताओं ने अपने-अपने दावे पेश किए हैं.

**हुसैनाबाद सीट 'मिनी चित्तौड़गढ़' के रूप में प्रसिद्धः** हुसैनाबाद विधानसभा सीट 'मिनी चित्तौड़गढ़ के रूप से प्रसिद्ध है. इस सीट पर भाजपा और आजसू पार्टी के कई नेताओं की ओर से दावेदारी पेश की जा रही है.



लेकिन जिस तरह से हुसैनाबाद के एनसीपी विधायक कमलेश कुमार सिंह ने हेमंत सोरेन सरकार से समर्थन वापस लेकर कई मौके पर विपक्षी दल भाजपा का साथ दिया, उससे यह चर्चा जोरों पर है कि हुसैनाबाद में एनडीए का साझा उम्मीदवार होगा. फिलहाल महाराष्ट्र में भी एनसीपी अजीत पवार गुट एनडीए में शामिल है, ऐसे में कमलेश कुमार सिंह भी एनडीए फोल्डर से ही चुनाव मैदान में उतर सकते हैं. हालांकि कमलेश सिंह को भाजपा और आजसू पार्टी के कई नेताओं की ओर से चुनौती भी मिल रही है.

**इंडिया अलायंस की ओर से संजय सिंह यादव फिर मैदान में उतरेंगे :** वर्ष 2024 के चुनाव में इंडिया अलायंस की ओर से हुसैनाबाद सीट पर एक बार फिर से आरजेडी की ओर से दावेदारी की जा रही है. राजद के संजय सिंह यादव वर्ष 2000 और 2009 में विधायक रह चुके हैं. बताया जा रहा है कि यदि जेएमएम और कांग्रेस का समर्थन मिलता है, तो इस बार वे एनडीए या एनसीपी उम्मीदवार को कड़ी टक्कर दे सकते हैं. हालांकि इस बार जेएमएम की ओर से भी इस सीट से चुनाव लड़ने की तैयारी की जा रही है.

#### भाजपा और आजसू पार्टी की ओर से कई दावेदार

हुसैनाबाद विधानसभा सीट से एक ओर जहां एनसीपी विधायक कमलेश सिंह चुनाव की तैयारी में लगे हैं, वहीं भाजपा और आजसू पार्टी के कई नेता भी अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं. इनमें भाजपा की ओर से विनोद सिंह, प्रफुल्ल सिंह, कर्नल संजय सिंह, रवींद्र सिंह, कामेश्वर कुशवाहा और अशोक सिंह समेत कई नामों की चर्चा है. दूसरी तरफ आजसू पार्टी की ओर से पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता और पूर्व आईपीएस संजय रंजन सिंह के नाम की चर्चा है.

#### लोस चुनाव में भाजपा को मिली थी बड़ी बढ़त

लोकसभा चुनाव 2024 में पलामू संसदीय क्षेत्र के हुसैनाबाद विधानसभा सीट से भाजपा को बड़ी बढ़त मिली थी. भाजपा के बीडी राम ने इस क्षेत्र से करीब 20 हजार मतों के अंतर से बढ़त हासिल की थी.

क्लासिफाइड


















राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | धनबाद, बुधवार 25 सितंबर 2024 ● आश्विन कृष्ण पक्ष 08 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 167 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र




# मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा- शहरी क्षेत्र में मतदाताओं की उदासीनता दूर करें

## चुनाव आयोग की टीम ने दूसरे दिन भी विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की

**शुभम किशोर। रांची**

भारत निर्वाचन आयोग की टीम ने अपने दौरे के दूसरे दिन मंगलवार को रांची के होटल रेडिशन ब्लू में मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार के नेतृत्व में पुलिस एवं प्रशासन के वरीय अधिकरारियों के साथ बैठक की. इस दौरान राज्य भर के सभी प्रमंडलों के आयुक्त, जोनल आईजी, रेंड डीईजी, सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों, सभी डीआईजी और सभी पुलिस अधीक्षकों के साथ चुनाव की तैयारी पर समीक्षा की गई. बैठक में भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त के अलावा निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और डॉ सुखबीर सिंह संधु, सीनियर डिप्टी इलेक्शन कमीश्नर धर्मेंद्र शर्मा, डिप्टी इलेक्शन कमीश्नर संजय कुमार, अशोक कुमार, पंकज श्रीवास्तव, अनुज चांडक, झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार समेत सभी संबंधित विभाग के पदाधिकारी मौजूद रहे. इससे पहले सोमवार को भारत निर्वाचन आयोग की टीम ने राजनीतिक दलों, एनफोर्समेंट एजेंसियों और राज्य के मुख्य सचिव एवं डीजीपी के साथ बैठक की थी. बता दें झारखंड में विधानसभा का कार्यकाल पांच जनवरी 2025 को समाप्त होने वाला है. राज्य में कुल 81 विधानसभा सीट हैं, जिनमें 44 सामान्य और 09 एससी व 28 एसटी वर्ग के लिए आरक्षित सीट है.




**आउटरीच गतिविधियों के जरिये मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर जोर**

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि सभी जिला निर्वाचन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराना सुनिश्चित करें. सभी डीईओ को मतदाता जागरूकता और आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से मतदान प्रतिशत बढ़ाने को कहा गया. उन्होंने कहा कि डीईओ को स्थानीय संस्कृति और तीरंदाजी व हॉकी जैसे खेलों का उपयोग करके स्वीप गतिविधियों का आयोजन करना चाहिए. जागरूकता गतिविधियों के लिए स्थानीय प्रभावशाली व्यक्तियों, प्रतीकों को शामिल किया जाना चाहिए. पिछले चुनावों में शहरी क्षेत्र के मतदाताओं में दिखी उदासीनता को दूर करने के लिए शहरी क्षेत्रों में आउटरीच गतिविधियों को तेज करने का निर्देश दिया गया. सभी डीईओ और एसपी को सोशल मीडिया की निगरानी करने और आवश्यकता पड़ने पर उचित कानूनी कार्रवाई के साथ तुरंत जवाब देने का निर्देश दिया गया.

**राजनीतिक दलों के मुद्दों पर आयोग ने किया आश्वस्त**

सोमवार को राजनीतिक दलों ने त्रुटि रहित मतदाता सूची बनाने और स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने का अनुरोध किया था. साथ ही कई सुझाव भी दिए थे, जिसपर आयोग ने प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि उनेक सुझावों के साथ भारत निर्वाचन आयोग राज्य में स्वतंत्र, निष्पक्ष, सहभागी, समावेशी, शांतिपूर्ण और प्रलोभनमुक्त चुनाव कराएगा. आयोग ने जिला निर्वाचन अधिकारियों को विशेष रूप से कहा है कि वे सभी राजनीतिक दलों के लिए समान रूप से सुलभ रहें तथा समय-समय पर बैठक कर नियमित रूप से उनसे मिलने के अलावा उनकी शिकायतों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करें.

**चुनाव आयोग ने ये निर्देश दिए**

जहां भी तकनीकी रूप से संभव होगा, सभी मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग की जाएगी.

सभी मतदान केंद्रों पर रैंप, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, व्हील चेयर और बुजुर्गों व दिव्यांग मतदाताओं के लिए स्वयंसेवकों सहित न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी.

बुजुर्ग, दिव्यांग और गर्भवती महिलाओं के लिए मतदान में प्राथमिकता सुनिश्चित की जाएगी.

मतदान केंद्र भूतल पर होंगे और मतदाताओं के निवास से दो किलोमीटर के भीतर होंगे.

दो किलोमीटर से बाहर के कुछ मतदान केंद्रों के लिए पिक एंड ड्रॉप सुविधा दी जाएगी.

किसी भी मतदान केंद्र पर 1500 से अधिक मतदाता नहीं होंगे.

मतदान केंद्र परिसर की परिधि से 200 मीटर की दूरी पर स्पष्ट सीमांकन सुनिश्चित किया जाएगा, जहां मतदान के दिन मतदान दल अपने डेस्क स्थापित कर सकेंगे.

पहले और दूसरे रैंडमाइजेशन के बाद ईवीएम और वीवीपैट का विवरण सभी उम्मीदवारों के साथ साझा किया जाएगा.

जिला प्रशासन मौन अवधि के दौरान बल्क एसएमएस और आईवीआरएस कॉल का उपयोग करके प्रचार/विज्ञापन पर निगरानी और प्रतिबंध सुनिश्चित करेगा.

**मतदाता सूचना पर्चियां समय पर वितरित की जाएंगी.**

प्रवर्तन एजेंसियों को राष्ट्रीय राजमार्गों पर कड़ी नजर रखने का निर्देश

भारत निर्वाचन आयोग की टीम ने डीआरआई, एनसीबी, राज्य और केंद्रीय जीएसटी, आरपीएफ, आरबीआई, राज्य पुलिस, आयकर, प्रवर्तन निदेशालय के साथ लगभग 20 केंद्रीय और राज्य प्रवर्तन एजेंसियों के साथ समीक्षा बैठक की. आयोग ने प्रलोभन मुक्त चुनाव पर अपना ध्यान केंद्रित किया. सीईसी राजीव कुमार ने अधिकारियों को चुनाव के दौरान चेकिंग के नाम पर जनता को किसी भी तरह के अनुचित उत्पीड़न से बचने के लिए भी आगाह किया.

## ब्रीफ खबरें

### जैप डीएसपी को गिरफ्तार करने का आदेश

**धनबाद।** रिश्वतखोरी के मामले में अदालती आदेश की अवहेलना करना जैप डीएसपी को महंगा पड़ा धनबाद निगरानी के विशेष न्यायाधीश नीरज कुमार विश्वकर्मा की अदालत ने मामले के अनुसंधानकर्ता जैप डीएसपी प्राण रंजन कुमार के खिलाफ गिरफ्तारी का वारंट जारी कर दिया है . अदालत द्वारा नोटिस सम्मन भेजे जाने के बाद भी डीएसपी प्राण रंजन अदालत में गवाही हेतु हाजिर नहीं हो रहे थे,निगरानी की टीम द्वारा लगान रसीद काटने के एवज में हल्का कर्मचारी त्रिभुवन यादव को 2000 रूपए रिश्वत लेते 8 अक्टूबर 15 को रंगे हाथ पकड़ा गया था इस मामले में जगन्नाथडीह निवासी श्याम सुंदर कुमार की शिकायत पर निगरानी ने प्राथमिक दर्ज की थी. |डीएसपी प्राण रंजन कुमार ने मामले का अनुसंधान कर अदालत में आरोप पत्र दायर किया था.

### धनबाद में डेंगू के तीन नए मरीजों की पुष्टि

**धनबाद।** धनबाद में डेंगू के मरीजों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है. मंगलवार को डेंगू के तीन नए मरीजों की पुष्टि हुई है. मेडिकल कॉलेज के माइक्रोबायोलॉजी लैब की ओर से स्वास्थ्य विभाग को भेजी गई रिपोर्ट से पुष्टि हुई है. रिपोर्ट में दौलत पंडित (51 वर्ष), राजवीर जयसवाल (15 वर्ष), बसंत कुमार दास (35 वर्ष) का रिपोर्ट पॉजिटिव मिली है. अब तक सरकारी आंकड़ों के अनुसार 51 मरीजों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है.

### हावड़ा - हरिद्वार स्पेशल ट्रेन के परिचालन को मंजूरी

**धनबाद ।** धनबाद- कोडरमा के रास्ते हावड़ा से हरिद्वार एवं गोमो के रास्ते टाटानगर से लखनऊ के लिए स्पेशल ट्रेन के परिचालन को मंजूरी मिल गई है जिस ट्रेन को रेलवे ने मंजूरी दी है उसमें हावड़ा हरिद्वार का परिचालन धनबाद और गोमो स्टेशन होकर होगा.रेलवे द्वार जारी ट्रेन की समय सारणी और तिथि भी जारी कर दी गई है. ट्रेन नंबर 0431 हरिद्वार- हावड़ा स्पेशल अक्टूबर- 10, 17, 24, 31 को होगा परिचालन .वहीं नवंबर में 7 और तारीख को परिचालन होगा. ट्रेन नंबर 04311 हावड़ा- हरिद्वार स्पेशलअक्टूबर में 11, 18, 25 तारीख वहीं नवंबर महीने क 1, 8, 15 को परिचालन होगा.

### पंद्रह टन कोयला जब्त

**केंदुआ।** गोन्दूडीह वजन घर के निकट असमाजिक तत्वों द्वारा चुराकर जमा किये गए 15 टन कोयला सीआईएसएफ ने जप्त किया। छापामारी इंस्पेक्टर एस के सिंह न मनोहर मिंज के नेतृत्व में कई गयी। अपराधियों द्वारा ट्रांसपोर्टिंग रूट में चलनेवाले संजय उद्योग ,एमपीएल ,बीआरके के वाहनों पर लदे कोयले को जबरन उतार लिया जाता था।जिसे रात में अन्य वाहनों पर लोड के हार्ड कोक भट्ठा तक भेज दिया जाता है. सुबह खबर मिलते ही कुसुंडा एरिया की सीआईएसएफ टीम ने छापेमारी कर कोयला जप्त कर लिया.

## मुख्यमंत्री राहत कोष में डीवीसी देगा एक दिन का वेतन

# नाराज ममता बनर्जी को मनाने में जुटा डीवीसी

**शेष नारायण सिंह**

**मैथन।** दामोदर वैली कॉरपोरेशन (डीवीसी) के मैथन एवं पंचेत डैम से छोड़े गए पानी से पश्चिम बंगाल के कई जिलों में आई बाढ़ के कारण नाराज मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को अब मनाने में डीवीसी लग गया है। इस बाबत डीवीसी मुख्यालय कोलकाता के वरीय महाप्रबंधक एवं कार्यालय प्रधान राजेश कुमार ने पत्र जारी कर डीवीसी कर्मचारियों से अपील किया है। पत्र में कहा गया है कि पश्चिम बंगाल में आई विनाशकारी बाढ़ से कई क्षेत्र गंभीर रूप से प्रभावित हुए हैं। जिससे कई लोग बेघर और बुनियादी आवश्यकताओं से वंचित हो गए हैं। इन कठिन समय में जरूरतमंद लोगों के मदद करना हमारी सामुहिक जिम्मेदारी है। डीवीसी के कर्मचारी हमेशा ही ऐसे हालातों में आगे आकर अपना योगदान देते रहे हैं। इसलिए इस प्रयोजन के लिए प्रत्येक डीवीसी कर्मचारी का एक दिन का मूल वेतन मुख्यमंत्री राहत कोष (सीएमआरएफ) में योगदान करने का प्रस्ताव है। यह कटौती सितंबर 2024 माह के वेतन से की जाएगी। अपील में यह भी कहा गया है कि जो कर्मचारी योगदान देने के लिए इच्छुक नहीं हैं, उन्हें 26 सितंबर के पहले दी गई ईमेल आईडी पर सूचित करना होगा, ताकि उनका वेतन से कटौती नहीं किया जा सके।



ज्ञात हो कि डीवीसी के डैमों से पानी छोड़ने के कारण पश्चिम बंगाल के कई जिलों में बाढ़ आ गई है। जिससे बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी डीवीसी से काफी नाराज हैं। उन्होंने गुस्से में आकर झारखंड से लगने वाली सीमा को सील करवा दिया था। ममता बनर्जी ने डीवीसी से नाराज होकर पश्चिम बंगाल सरकार के ऊर्जा सचिव शांतनु घोष को डीवीसी की निदेशक मंडल से हटा दिया है। इतना ही नहीं डीवीआरसीसी मैथन के सदस्य सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता उत्तम राय को वापस बुला लिया है। जिससे डीवीसी दबाव में आ गई है। पश्चिम बंगाल सरकार के बढ़ते दबाव के कारण ही डीवीसी उसे मनाने में जुट गया है। जिसके तहत डीवीसी द्वारा अपने कर्मचारियों का एक दिन का वेतन मुख्यमंत्री राहत कोष में देने का निर्णय लिया गया है।

### आज़ घंटों शहर में कटी रहेगी बिजली

**धनबाद ।** डीवीसी से मिली जानकारी के अनुसार कल 25/09/2024 को सुबह 10:00 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक डीवीसी द्वारा 4 नंबर 33 केवी सर्किट - गोधर सरकिट 1 और 2 और गणेशपुर सरकिट 1 और 2 बंद रहेंगे। प्रभावित क्षेत्रः मैनाटांड, बैंक मोड़, धंसार, गांधी नगर, गांधी रोड, ढैया, भुली, पांडरपाला, वासेपुर, नया बाजार, ठाकुरकुल्ही, लहबनी आदि।

### बीसीसीएल की कॉलोनियों में बिजली संकट बढ़ा

**धनबाद ।** बीसीसीएल के श्रमिक कॉलोनी में बीते कई दिनों से बिजली संकट से परेशानी बढ़ी हुई है.जानकारी के अनुसार बीते दस दिनों से डीवीसी चंद्रपुरा से दो दो घंटे का पावरकट लिया जा रहा है.जिसका परिणाम है कि स्थानीय डीजी पर इसका असर हो रहा है.बीसीसीएल के बारह एरिया में करीब तीन दर्जन कोलियरी के हजारों मजदूरों क्वार्टर में रहते है.जिन्हें इस भीषण गर्मी में बिजली की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है हालांकि स्थानीय अधिकारियों का कहना है की बिजली के अभाव का मुख्य कारण बढ़ती गर्मी में बिजली कीअधिक खपत है.

## कतरास तिलाटांड में सड़क दुघर्टना

# जितिया के दिन मां से छिन गया बेटा

**संवाददाता। कतरास**

कतरास। कतरास महुदा एन एच 32 पथ के कतरास तिलाटांड बाघमारा महिला अनुमंडल थाना के समीप जेसीबी की चपेट में आने से दिहाड़ी मजदूर काको बस्ती के हाड़ी टोला निवासी तारा नापित ( ४५ ) की घटनास्थल पर मौत हो गई.घटना के बाद तेजी से भाग रहे जेसीबी वाहन को स्थानीय लोगों की मदद से आकाश किनारी कांटा के पास पकड़ कर चालक को पुलिस के हवाले कर दिया गया. बताया जाता है कि तारा अपनी साइकिल से जितिया के लिए मछली और फल फूल बाजार से लेकर घर पहुंचा कर प्रत्येक दिन की तरह काम की तलाश में काको से अपने गंतव्य स्थान पर जा रहा था तभी तीलाटांड़ महिला थाना के पास एन एच 32 पर जेसीबी वाहन की चपेट में आ गया घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई.वहां देखते ही देखते लोगों की भीड़ लग गई .सूचना मिलते ही कतरास थाना प्रभारी आशीष कुमार सिंह घटनास्थल पर पहुंचे और घटना की जानकारी ले कर परिजनों को समझने का प्रयास किया.लेकिन परिजन मुआवजे की मांग को लेकर स्थानीय लोगों के साथ सड़क पर धरना पर बैठ गए, घंटों बाद थाना प्रभारी की पहल पर भाटामहौल पंचायत के मुखिया बीरबल मंडल कंचन महतो सहित अन्य लोगों ने परिजनों को समझाया बुझाया इसके बाद मृतक के परिजनों को एक लाख रुपया दिया गया साथ ही अन्य लाभ दिलवाने का आश्वासन दिया जिसके बाद लोगों ने धरना समाप्त कर दिया . पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जेसीबी को अपने कब्जे में ले लिया मृतक के परिजनों ने बताया कि तारा परिवार का एक मात्र कमाउ व्यक्ति थे जिससे पूरा परिवार का भरण परसों होता था उनके पैसे से ही बच्चों की पढ़ाई लिखाई होती थी .

# राज्य में विकास की अपार संभावनाएं,सिर्फ सही काम करने की जरूरत : राज्यपाल

**संवाददाता। धनबाद**

धनबाद : राज्यपाल संतोष गंगवार ने कहा है कि राज्य में विकास की आपार संभावनाएं हैं। इसलिए इसका बेहतर से बेहतर उपयोग करने की आवश्यकता है। दुमका से रांची जाने के क्रम में राज्यपाल कुछ समय के लिए धनबाद में रुके थे और पत्रकारों से बातचीत कर रहे थें । उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भी आपार संभावनाएं हैं। ऐसा लगता है कि इस क्षेत्र में ढंग से कोशिश हीं नहीं हुई है । काफी महत्वपूर्ण रिक्तियां है जिस पर काम करने से शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य किया जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में और क्या संभावनाएं हैं इसकी आकलन कर रहा हूं तथा निश्चित रूप से इस क्षेत्र में कार्य करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश को बेहतर से बेहतर बनाने के लिए उनके तरफ से कोई कसर बाकी नहीं रखी जाएगी।



इसके पूर्व झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार मंगलवार को कुछ समय के लिए धनबाद में रुके. सर्किट हाउस में उन्हें पुलिस ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया. राज्यपाल को उप विकास आयुक्त सादात अनवर, वन प्रमंडल पदाधिकारी विकास पालीवाल, नगर आयुक्त रविराज शर्मा और सिटी एसपी अजीत कुमार ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया. सर्किट हाउस में कुछ देर रुकने के बाद वे रांची के लिए प्रस्थान कर गए. मौके पर एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, एसडीओ राजेश कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी, डीएसपी हेडक्वार्टर-1 शंकर कामती, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर दीपक कुमार मौजूद थे .

### सहियाओं को मिलेगी प्रोत्साहन राशि

**रांची।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत सहिया साथी, प्रखंड प्रशिक्षक दल (बीटीटी) और राज्य प्रशिक्षक दल (एसटीटी) को अब बढ़ी हुई प्रोत्साहन राशि मिलेगी. इसके लिए राज्य सरकार ने 108.34 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है. इसका लाभ 46,031 सहिया, बीटीटी और एसटीटी को मिलेगा.

सहिया पर खर्च होगा 103.11 करोड़ राज्य सरकार सहिया के प्रोत्साहन राशि पर 103.11 करोड़ रुपये खर्च करेगी. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत ग्रामीण इलाकों में सहिया की संख्या 39,964 है, जबकि शहरी इलाकों में इनकी संख्या 3,000 है. इन्हें प्रतिमाह दो हजार रुपये प्रोत्साहन राशि दी जाएगी.

सहिया साथी पर खर्च होंगे 3.48 करोड़ : सहिया साथी के प्रोत्साहन राशि पर राज्य सरकार 3.48 करोड़ रुपये खर्च करेगी. ग्रामीण क्षेत्र में सहिया साथी की संख्या 2295 है, जबकि शहरी इलाके में इनकी संख्या 125 है.

# तेतुलमारी से बीआईटी सिंदरी का छात्र लापता

## पुलिस पर शिथिलता का आरोप, बवाल

**खास बातें**

- लोगों ने पुलिस को दिया तीन घंटे का अल्टिमेटम

**संवाददाता। तेतुलमारी**

बीआईटी सिंदरी के छात्र के 24 घंटे से लापता रहने के मामले में तेतुलमारी पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाकर मंगलवार की देर शाम परिजनों व ग्रामीणों ने थाना पहुंच कर जमकर बवाल काटा . सैकड़ों की संख्या में थाना पहुंचे ग्रामीणों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए नारेबाजी की साथ ही ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर तीन घंटे के अंदर पुलिस हरकत में नहीं आती है तो थाना घेराव कर थाना परिसर में धरना पर बैठेंगे . बताया जाता है कि नगरीकला निवासी अयोध्या प्रसाद महतो के पुत्र बीआइटी सिन्दरी के छात्र 25 वर्षीय विवेक कुमार सोमवार की सुबह साढे सात बजे से गायब है, वह तेतुलमारी रेलवे स्टेशन जाने की बात कहकर घर से निकला था, सुबह नौ बजे उसके मोबाइल पर संपर्क किया गया तो उसका मोबाइल स्वीच आफ मिला, काफी खोज बीन करने के बाद उसका कोई पता नहीं चला तब उसके मामा चंदन पटेल ने पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की,मंगलवार की शाम दर्जनों की संख्या में महिला पुरुष थाना पहुंचे और पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस अपने कार्य में लापरवाही बरत रही है उक्त छात्र को ढूंढ निकालने के बजाय आराम बैठी हुई है, लोगों ने पुलिस से कहा कि उक्त छात्र का स्विफ्ट कार से किसी ने अपहरण कर लिया है.

### नूतन सिन्हा को मिला राष्ट्रीय रंग विदुषी नाट्य सम्मान



**भूली :** सांस्कृतिक संस्था कला निकेतन की नाट्य क्षेत्र में झारखंड सरकार द्वारा 'राजकीय कला सम्मान ' एवम राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त नूतन सिन्हा को नाट्य क्षेत्र में मासूम आर्ट ग्रुप डालटनगंज द्वारा राष्ट्रीय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें नूतन सिन्हा को स्व. अनुराधा मोईत्रा स्मृति में 'राष्ट्रीय नाट्य रंग विदुषी सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया। नूतन सिन्हा राष्ट्रीय स्तर की नाट्य प्रतियोगिताओं में अभिनेत्री का दर्जनों अवार्ड जीती हैं। इस विधा में निरन्तर कार्य करती हुई समाज को नई दिशा प्रदान करने के लिए सफ़ल प्रयास कर रही हैं । ये कला निकेतन की सहायक निर्देशिका भी हैं।

# जयराम का 'फार्म' लुभा रहा है जेएमएम,भाजपा के बरसाती मेढकों को

**विधानसभा चुनाव**

**अमित सिन्हा। धनबाद**

धनबाद । चुनाव लड़ने के इच्छुक नेता जिन्हें अपनी पार्टी पर पूरी तरह यह भरोसा नहीं है कि पार्टी उन्हें आगामी विधानसभा चुनाव में टिकट देगी. वैसे नेताओं का भरोसा जेएलकेएम पर बनता जा रहा है. पार्टी सूत्रों के अनुसार झारखंड मुक्ति मोर्चा के कुछ नेताओं ने जेएलकेएम का फ़ॉर्म खरीदा है. जयराम महतो की पार्टी जेएलकेएम ने विधानसभा चुनाव में हर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की इच्छा रखने वाले नेताओं के लिए फॉर्म निर्गत किया है. जिसे भर कर पांच हजार की राशि के साथ जमा कराना है. यह फॉर्म किसी पार्टी के नेता ले सकते हैं. ऐसे में चुनाव लड़ने की मंशा पालने वाले झामुमो के नेता भी कहाँ पीछे रहने वाले थे. झामुमो नेताओं ने फॉर्म खरीदने की बात को काफी गुप्त रखा है. फॉर्म खरीदने वाले किसी नेता ने अब तक इसकी पुष्टि नहीं की है. इसके बावजूद पार्टी के भीतर कानाफूसी शुरू हो गई है. इसमें निरसा, सिन्दरी, टुंडी और बाघमारा के नेता सबसे आगे हैं.

**मासस के भाकपा माले में विलय के बाद संशय में है निरसा सिन्दरी के झामुमो नेता**

निरसा और सिन्दरी विधानसभा में मासस का जनाधार काफी मजबूत है. मासस का भाकपा माले में विलय होने के बाद से दोनों विधानसभा के झामुमो नेता अपनी राजनीतिक भविष्य को लेकर संशय में है. भाकपा माले के गठबंधन में शामिल होने की वजह से झामुमो नेताओं को लग रहा है कि निरसा और सिन्दरी विधानसभा की सीटें गठबंधन में लाल हाथों में चली जायेगी. ऐसे में उनका अस्तित्व क्या होगा. निरसा विधानसभा में झामुमो के एक कद्दावर नेता ने जेएलकेएम का फॉर्म पहले ही खरीद कर रख लिया है. सूत्रों की माने तो अगर निरसा से झामुमो उन्हें फिर टिकट नहीं देती है तो वह जेएलकेएम के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे. वहीं सिन्दरी विधानसभा के एक नेता ने भी अपनी पत्नी के नाम पर जेएलकेएम का फॉर्म खरीद रखा है. वैसे तो वह सिन्दरी विधानसभा के पुराने नेता है लेकिन कुछ दिनों तक पार्टी से अलग अपना राग अलाप रहे थे. इधर उन्हें पार्टी ने सम्मान तो दिया लेकिन टिकट मिलने की संभावना काफी कम है. ऐसे में झामुमो नेता ने अपनी अलग पंक्ति बनाने की चाहत में पत्नी को ढाल बना लिया है. इसी तरह टुंडी के एक झामुमो नेता कोयले की कमाई से स्वयम्भू लोकप्रिय बन बैठे हैं. अब उनकी लालसा हैं कि पार्टी उन्हें टुंडी विधानसभा से टिकट दें. टुंडी से सिटिंग विधायक होने के कारण उन्हें टिकट मिलने की उम्मीद नहीं है. इसलिए उन्होंने भी जेएलकेएम का फॉर्म खरीद रखा है. वैसे इनका ज्यादा समय बाघमारा में ही गुजरता है. इधर धनबाद विधानसभा के भी एक नेता ने फॉर्म खरीद कर बस्ते में रख लिया है. पार्टी ने उन्हें बोलने का काम दिया है लेकिन वह अब लड़ना चाहते हैं. इसी प्रकार बाघमारा के एक झामुमो नेता ने भी बाघमारा से चुनाव लड़ने की मंशा लेकर फॉर्म खरीदा है.




**क्या कहते हैं आंकड़े**

पिछले लोकसभा चुनाव में निरसा विधानसभा में जेएलकेएम को मात्र 2300 वोट मिले थे. जिस झामुमो नेता ने जेएलकेएम का फॉर्म खरीदा है उनका इतना बड़ा जनाधार नहीं है कि वह जेएलकेएम को मिले वोट में एक शून्य बढ़ा दें. सिन्दरी विधानसभा से जेएलकेएम को 19400 वोट मिले थे. इतने वोट को जीत में बदलना भी झामुमो नेता के लिए बहुत मुश्किल है. टुंडी की बात करें तो वहाँ जेएलकेएम को 60 हजार वोट मिले थे. फ़ॉर खरीदने वाले नेता के जाती का कुछ वोट भी इसमें जुड़ जाता है तो लक्ष्य आसान हो जाएगा.

**भाजपा नेता भी पीछे नहीं**

टुंडी, बाघमारा विधानसभा के भाजपा नेता ने भी जेएलकेएम का फ़ॉर खरीद लिया है. जेएलकेएम का टिकट देने का अंतिम निर्णय तो जयराम का होगा लेकिन फॉर्म खरीदने में भाजपा व झामुमो दोनों पार्टी के नेता आगे हैं.

### ब्रीफ खबरें

## मंदिर हटाने की साजिश रोकने की मांग

**केंदुआ.** ग्रामीण एकता मंच ने गोपालीचक में संचालित आउटसोर्सिंग कम्पनी के द्वारा कोयला खनन के लिए हिंदुओं के आस्था के प्रतीक महारानी पूजा स्थल को हटाने की साजिश का विरोध किया है. मंच के अध्यक्ष बबलू सिंह ने उपायुक्त को आवेदन प्रेषितकर अविलम्ब पूजा स्थल को हटाने की साजिश को रोकने की मांग की है. कहा कि पूजा स्थल 150 वर्ष पुरानी है जो हिंदुओं के आस्था व भावना से जुड़ा हुआ है.कम्पनी के साजिश के खिलाफ पूजा स्थल के लिए 29 सितंबर को अन्न जल त्याग सत्याग्रह करेंगे.

## स्थानीय युवाओं को रोजगार देने की मांग

**धनबाद ।** स्थानीय बेरोजगारों के लिए रोजगार की मांग को लेकर यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के नेता संजु महतो के नेतृत्व में सेल महाप्रबंधक को एक सूत्री मांग पत्र सोपा गया. संजू महतो ने कहा कि यहां के अपरसिम के ठेकेदारों के द्वारा स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार ना देकर बाहरी लोगों से काम लिया जा रहा है . जबकि राज्य सरकार ने 75% स्थानीय लोगों को रोजगार देने की बात कही है. लेकिन यहां के प्रबंधन इसका उलंघन कर रहे हैं. इसे लेकर मंगलवार को सेल प्रबंधन को मांग पत्र सोपा गया है. अगर मांगे पूरी नहीं हुई तो इसके विरुद्ध यूनियन अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएगा.

## प्राथमिक शिक्षक संघ चुनाव के लिए नामांकन जारी

**महुदा ।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला कमेटी के चुनाव के लिए नामांकन जारी है. बीएसएस बलवाड़ी में मंगलवार को जिला महासचिव पद के लिए बाघमारा अंचल के राज्य प्रतिनिधि प्रवीण कुमार लाला ने नामांकन किया. इस अवसर पर चुनाव समिति के दिलीप कुमार कर्ण, कुमार वंदन, कुलदीप प्रभात रंजन, अनवर हुसैन, तापस कुमार खवास, श्रवण कुमार महतो, मोहम्मद असलम, मुनव्वर सुल्तान, मंजुला केरकेट्टा, रेखा कुमारी, मदन कुमार सिंह, रामेश्वर महतो उर्फ बॉबी, सुरेन महतो, राजकुमार वर्मा, संजय कुमार समेत अन्य शिक्षक मौजूद थे.

## भाजपा की परिवर्तन यात्रा का जोरदार स्वागत

**मैथन ।** निरसा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के पिरवर्तन यात्रा के दूसरे दिन की शुरुआत मां कल्याणेश्वरी की पूजा-अर्चना कर हुई. परिवर्तन यात्रा के प्रमंडलीय प्रभारी पूर्व सांसद रविंद्र कुमार राय एवं निरसा विधायक अर्पणा सेनगुप्ता ने मां कल्याणेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना की. यात्रा संजय चौक के रास्ते मैथन मोड़ स्थित दुर्गा मंदिर पहुंची, जहां भूपेंद्र सिंह एवं सुरजीत चंद्रा के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने रथ का स्वागत किया. महिला नेत्री दुर्गा देवी के नेतृत्व में रथ पर बैठे नेताओं पर फूलों की बारिश की गई.

## धनबाद रेल मंडल में स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम

**धनबाद ।** धनबाद रेल मंडल के विभिन्न स्टेशनों एवं रेलवे परिसर में मंगलवार को स्वच्छता जागुरुक्ता कार्यक्रम हुआ आयोजित. इस दौरान कर्मचारियों के द्वारा आसपास के आवासीय कॉलोनी में स्वच्छता के बैनर तले पंपलेट वितरण हुआ. मौके पर धनबाद रेल मंडल के अधिकारियों के अलावा कर्मचारी मौजूद थे.स्वच्छता अभियान के जरिए रेलवे द्वारा स्थानीय निवासियों को सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण बनाए रखने के लिया जागुरुक किया गया.

## द्वि मासिक तम्बाकू मुक्त युवा अभियान शुरू

**धनबाद ।** राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 2.0 की शुरुआत हो चुकी है. मंगवलार को अपर समाहर्ता विनोद कुमार, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, सिविल सर्जन डॉ. चंद्रभानु प्रतापन तथा जिला तम्बाकू नियंत्रण कोषांग की जिला नोडल पदाधिकारी डॉ. मंजू दास ने जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया.

डॉ. मंजू दास ने कहा कि अभियन 24 सितम्बर से 24 नवम्बर (60 दिन) तक चलाया जाएगा. अभियान के दौरान युवाओं को तम्बाकू के दुष्परिणाम के प्रति जागरुक किया जाएगा. मौके पर कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. पंकज उइके, वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन के डॉ. देवाशीष सरकार, जिला सलाहकार राहुल कुमार, सोशल वर्कर शुभांकर मैत्रा, उमाशंकर मंडल, पल्लवी सिंह और लालदेव रजक मौजूद थे.

### राहुल गांधी के आरक्षण विरोधी बयान के विरोध में एसटी मोर्चा ने दिया धरना

# मेरे रहते दलितों का हक-अधिकार कोई नहीं छीन सकता : सांसद

- दलित हमारे परिवार का हिस्सा, इनका अपमान नहीं सहूंगी : रागिनी सिंह
- आरक्षण को लेकर राहुल की मानसिकता सही नहीं : रामजीत भुइयां



संवाददाता । धनबाद

अमेरिका में राहुल गांधी के द्वारा आरक्षण के विरोध में दिए गए बयान के खिलाफ भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा मंगलवार को धनबाद के रणधीर वर्मा चौक पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से धनबाद सांसद ढुल्लू महतो, भाजपा नेत्री रागिनी सिंह, अनुसूचित जाति मोर्चा के महानगर और ग्रामीण जिला अध्यक्ष उपस्थित थे. सांसद ढुल्लू महतो धरना का समर्थन करते हुए कहा कि मेरे रहते दलित समाज का हक और अधिकार कोई नहीं छीन सकता है. राहुल गांधी मानसिक रूप से बीमार की तरह बातें करते हैं. विदेश में आरक्षण विरोधी बात करते हैं और देश में खुद को दलित का हितैषी बताते हैं. कांग्रेस की यह दोहरी नीति नहीं चलने दी जाएगी. डॉ भीम राव अंबेडकर हमारे आदर्श हैं और उनके अनुयायियों के खिलाफ जो भी बोलेगा उसके खिलाफ मोर्चा खोला जाएगा. मुझे सांसद बनाने वालों के लिए मैं हमेशा खड़ा हूं.

वहीं भाजपा नेत्री रागिनी सिंह ने कहा कि कांग्रेस के नेता दलितों का अपमान करते हैं और चुनाव आने पर उनके दरवाजे जाकर वोट के लिए गिड़गिड़ाते हैं. अब यह देश और दलित विरोधी मानसिकता नहीं चलने वाली है. इस दौरान उन्होंने यह भी कहा झरिया में गरीब के बेटे की हत्या हो रही ओर स्थानीय विधायक मस्त हैं.

जबकि उन्हें सामने आकर जवाब देना चाहिए. महानगर अध्यक्ष रामजीत भुइयां ने कहा की आरक्षण को लेकर राहुल गांधी की मानसिकता सही नही हैं. अनुसूचित जाति के एक एक लोग उनकी मानसिकता से उन्हें अवगत कराएंगे कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्रामीण जिलाध्यक्ष परेश चंद्र दास ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन महानगर अध्यक्ष रामजीत भुइंया ने किया.

संचालन प्रदेश मीडिया प्रभारी बप्पी बाउरी ने किया. मौके पर प्रदेश मंत्री फूल जोशी, नीलम महतो, महानगर अध्यक्ष रामजीत भुइंया, ग्रामीण जिलाध्यक्ष परेश चंद्र दास, समीर बाउरी, शिवप्रकाश कुमार, बलराम हरी, प्रदीप बाउरी, विजय कुमार, बुलन बाउरी, राजेश हरी, योगेंद्र भुइंया, विनेश भुइंया, संजय बाउरी, बैजनाथ बाउरी, सुरजीत बाउरी, रत्नेश भुइंया, प्रदीप हरी, रंजीत दास, विजय दास, पनकज पासवान, शंकर मुंडा, पुष्पा भारती, अमावती देवी, कन्हैया भुइंया, रवि भुइंया, मालो देवी, संजय राम, महेश भुइंया उपस्थित थे.

# पुलिस ने चोरी कांड का किया उदभेदन

- सामान समेत दो गिरफ्तार

संवाददाता । निरसा/पंचेत



पंचेत ओपी क्षेत्र के लुचीबाग गांव निवासी श्यामनाथ साव के घर में हुई चोरी की घटना का उद्भेदन पुलिस ने किया है. इस मामले में पुलिस ने दो चोरों को सामान समेत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. 19 सितंबर की रात श्यामनाथ साव के घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था. चोरों ने 3 मोबाइल और 20-25 हजार रुपए नगद चुराए थे. भुक्तभोगी श्यामनाथ साव के लिखित आवेदन के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ चिरकुंडा (पंचेत ओपी) थाना में मामला दर्ज किया गया था. 21 सितंबर को निरसा एसडीपीओ रजत मणि बाखला के नेतृत्व में चोरी की घटना का उद्भेदन करने के लिए एक पुलिस टीम गठित की गई थी. 23 सितंबर को पुलिस ने दो चोर बाबू बोदरा उर्फ कोंदा (21) और सोहल अंसारी (19) को पकड़ लिया. पूछताछ करने पर इन दोनों ने चोरी की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की. तलाशी लेने पर तीन मोबाइल सेट और नगद रुपए बरामद किए गए.

### निवारक सतर्कता जागरुकता अभियान

# भ्रष्टाचार व्यवस्था को दीमक की तरह खोखला कर रहा : हफिजुल

**खास बातें**

- तथ्यों की जानकारी के अभाव में होती है गलतियां

संवाददाता । केंदुआ



भ्रस्टाचार व्यवस्था को दीमक की तरह खोखला कर रहा है. जिसे रोक व उजागर कर उसके कमी को दूर करना होगा. कुसुंडा एरिया के कार्मिक विभाग द्वारा आयोजित निवारक सतर्कता जागरूकता अभियान को सम्बोधित करते हुए एजीएम हफीजुल कुरैशी ने उक्त बातें कही.एजीएम ने कहा कि तथ्यों की जानकारी के अभाव में अधिकारी कर्मचारी गलती करते है अगर सही समय पर सूचना व जानकारी मिल जाय तो इसे दूर किया जा सकता है.एपीएम वेद प्रकाश ने कहा कि कार्मिक विभाग दक्ष होने के साथ सामाजिक व मानवता पक्ष को ध्यान पर रखकर काम करता है. लेकिन कर्मचारियों को चाहिये कि काम के त्वरित निष्पादन में कानून का पालन करे व गलतियां कम करने का प्रयास करे. उत्खनन विभाग के प्रबंधक सीएमओआई के अध्यक्ष एके सिंह ने कहा कि लोग अज्ञानतावश गलतियां करते है. इसलिए विजिलेंस ने बीसीसीएल के साथ मिलकर तीन माह का सतर्कता अभियान चला रहा है. जिससे कमी को दूर हो. काम मे पारदर्शिता हो व नया आयाम लिखा जा सके. कार्यक्रम के अंत मे जीएम प्रणव दास भी शामिल हुए. इसके एच के मिश्रा, सुनिल गुप्ता, सकलानी, पल्लवी, अतुल शर्मा, चन्द्रप्रकाश, अरुण वर्मा आदि मौजूद थे.

# सांसद ढुल्लू महतो का दो मामलों में सफाई बयान दर्ज

- अभियोजन ने लगाई केस री ओपन करने की अर्जी
- सांसद ने अदालत में अपने बयान में खुद को निर्दोष बताया

संवाददाता । धनबाद



नाजायज मजमा बनाकर गाली गलौज मारपीट करने व ओरिएंटल स्ट्रक्चरल इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजर मुकेश चंदानी को धनबाद परिसदन बुलाकर धमकी देने व रंगदारी मांगने के मामले में धनबाद भाजपा सांसद ढुल्लू महतो अदालत में हाजिर हुए. एमपी एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी अर्पिता नारायण की अदालत मे सांसद ढुल्लू महतो, का सफाई बयान दर्ज किया गया. कोर्ट को दिए बयान में सांसद ने कहा कि उन पर लगे सारे आरोप गलत है वह निर्दोष है. सांसद ढुल्लू महतो का बयान दर्ज होने के तुरंत बाद सहायक लोक अभियोजक उमेश दीक्षित ने अदालत में आवेदन दायर कर कैसे को रिओपन करने की प्रार्थना की जिस पर अदालत में बचाव पक्ष से जवाब मांगा है. 19 सितंबर को साक्ष्य पेश नहीं किए जाने के कारण अदालत ने अभियोजन के साक्ष्य को बंद कर दिया था. वहीं नाजायज मजमा बनाकर सड़क यातायात को बाधित करने व सरकारी काम मे बाधा पहुंचाने के अन्य मामले में सांसद ढुलू महतो ,बबलू अंसारी ,राज शंकर राय, बलराम महतो, सुरेश कुमार साहू ,शरद महतो, अजय गोराई, बबलू महतो, किरण महतो का सफाई बयान दर्ज किया गया कोर्ट को दिए बयान में सभी आरोपियों ने खुद को निर्दोष बताया. ओरिएंटल स्ट्रक्चर इंजीनियरिंग प्राईवेट लिमिटेड के असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट एस एस सेट्टी के शिकायत पर धनबाद थाने मे प्राथमिकी दर्ज की गई थी. प्राथमिकी के अनुसार 14 जून 2018 को ढुलू महतो ने दिन के करीब 11 बजे उनके साइट मैनेजर मुकेश चंदानी को धनबाद परिसदन में बुलाया और कहा कि उनके खिलाफ मुख्यमंत्री तक शिकायत की गई है. इस दौरान उसके साथ गलत भाषा का प्रयोग करते हुए बेइज्जत किया गया और शारीरिक रूप से क्षति पहुंचाने की धमकी दी गई .

## पाइप लोड टेंपू जब्त, एक गिरफ्तार

संवाददाता । निरसा बाजार



पुलिस के नाक में दम करने वाले चोर गिरोह का पर्दाफाश करने में पुलिस ने आखिकार सफलता हासिल कर ही ली. एसडीपीओ रजत मनी बाखला के नेतृत्व में गठित एक टीम द्वारा सोमवार को गुप्त सूचना के आधार पर जी०टी० रोड़ तेतुलिया चौक के पास छापामारी की गयी. छापामारी के क्रम में एक टेम्पू नम्बर -JH -10CE -1513 में लोड़ जल-नल योजना का सरकारी पाईप के साथ फटीक शेख उर्फ चाँद शेख ( 23 वर्ष,) को पकड़ा गया. पकड़ाये व्यक्ति से जल-नल योजना के पाईप के संदर्भ में वैध कागजात की माँग करने पर उसके द्वारा वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया और पूछताछ करने पर संतोषजनक जवाब भी नहीं दिया गया. तत्पश्चात् उसे विधिवत् गिरफ्तार किया गया. पकड़ाये व्यक्ति फटीक शेख उर्फ चाँद शेख के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है. इस संबंध में निरसा थाना कांड सं0-323/2024, दिनांक-23.09.2024, धारा-303(2)/317 (2) बी०एन०एस० दर्ज की गयीं है. छापामारी टीम में शामिल थनेदार मंजीत कुमार सिंह, अनि रंजीत उरांव, सअनि अनवर हुसैन व सशस्त्र बल शामिल थे. बतातें चले कि विगत् कुछ दिनों से निरसा पुलिस थाना क्षेत्र में बिछाई जा रही जल-नल योजना की पाईप चोरी की सूचना मिल रही थी. वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा टीम का गठन कर उक्त तार चोरी में संलिप्त व्यक्तियों का पता लगा कर विधिवत् कार्रवाई करने हेतु निर्देश दिया गया, जिसके आलोक में 22 सितंबर रविवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, निरसा के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया और 23 सितंबर को पुलिस को चोरी के उदभेदन में सफलता मिली. उक्त जानकरी एसडीपीओ रजत मनी बाखला ने मैथन स्थित अपने कार्यालय में पत्रकारों को दी.

## संयुक्त मोर्चा ने किया विरोध प्रदर्शन

**महुदा ।** बीसीसीएल के पश्चिमी झरिया क्षेत्र मुनीडीह महुदा ग्रूप (डब्लुजेए) के मुरूलिडीह 20/21 पीट कोलियरी में संयुक्त मोर्चा की ओर से कोलियरी एवं वॉशरियों को एमडीओ एवं रिवेन्यू शेयरिंग मोड में देने के खिलाफ अशोक दसौंधी के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया गया. वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि एम डी ओ एवं रिवेन्यू शेयरिंग का विरोध करते हैं. संयुक्त मोर्चा के सभी पदाधिकारी ने कहा कि जिन कोलिरियों एवं वॉशरियो को एम डी ओ / रेवेन्यू शेयरिंग में दिया गया है. उन्हें वापस लिया जाए एवं एम डी ओ या रिवेन्यू शेयरिंग किसी भी कोयलियरी एवं वॉसरी में देना बंद किया जाय नहीं तो यह आंदोलन लगातार जारी रहेगा.

विरोध प्रदर्शन को संयुक्त मोर्चा की तरफ से बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के संयुक्त महामंत्री कॉमरेड मानस चटर्जी अशोक दशोंधी, कॉमरेड पी एन तिवारी, राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन की तरफ से अब्दुल समद अंसारी, जनता मजदूर संघ से मोइन अंसारी ने संबोधित किया.

# पुलिस ने वैन चोरी के एक आरोपी को किया गिरफ्तार, अन्य फरार

- पुलिस ने सीसी टीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की

संवाददाता । केंदुआ



पिकअप वैन चोरी करने के अपराध में पुटकी पुलिस ने मंगलवार को लोयाबाद कोक प्लांट निवासी पवन कुमार को न्यायायिक हिरासत में भेज दिया. गिरफ्तार अपराधी के स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर धनबाद, हजारीबाग व चतरा के कई स्थानों पर छापामारी कि लेकिन वैन को बरामद नही कर सकी. पुलिस चोरी में लिप्त प्रथम कुमार भारती, सूरज सिंह व दीपक कुमार सिंह, कन्हाईकला, चतरा की सरगर्मी से तलाश कर रही है.

दीपक ने वैन चोरी करने के लिए एक लाख रुपया एडवांस दिया था. जिसे तीनो ने बांट लिया.वैन चुराकर इन्होंने दीपक को हजारीबाग में सुयर्ड कर दिया. जहां पुलिस को वैन का अंतिम लोकेशन मिला. पुलिस डुमरी टोल प्लाजा के सीसी कैमरा में रिकार्ड वीडियो के आधार पर अपराधियों तक पहुंची. इनके चिन्हित ठिकाने पर कई बार छापामारी की.

सभी फरार व इनका मोबाइल स्विच ऑफ मिला. गत पांच सितंबर को डेकोरेटर जितेंद्र कुमार सिंह व फंटूस का पिकअप वैन रात एक से दो बजे के बीच चोरी हो गयी. शिकायत मिलते ही डीएसपी विधि व्यवस्था दीपक कुमार के निर्देश पर इंस्पेक्टर मनोहर करमाली के नेतृत्व में पुलिस टीम डुमरी टोल प्लाजा पहुंची जहां टोल टैक्स देते अपराधी व वैन दिखा. इसके बाद पुलिस की दो टीम नवादा व हजारीबाग रवाना हो गयी.सीसी टीवी फुटेज को स्थानीय स्तर पर लोगो ने देख पवन की पहचान की. वैन में प्रथम व पवन थे जबकि सूरज बाइक से पुलिस को देखते पीछे चल रहा था. छापामारी दल में अनि दिलीप पाल,अमित कुमार सिंह, बुद्धि नारायण शामिल थे. पुलिस को अंदेशा है कि अपराधियों के पकड़े जाने के बाद कई अन्य वाहन चोरी के कांडों का उद्भेदन सम्भव है.

## आउटसोर्सिंग कंपनी के खिलाफ 29 को सत्याग्रह

**पुटकी ।** ग्रामीण एकता मंच के केंद्रीय अध्यक्ष रणजीत सिंह उर्फ बबलू सिंह आगामी 29 सितंबर को जन समस्याओं के संबंध में विभिन्न मुद्दों के खिलाफ दो नंबर स्थित महारानी स्थान पर 24 घंटे अन्न जल त्याग कर सत्याग्रह करेंगे. इस आशय की जानकारी अध्यक्ष रणजीत सिंह ने उपायुक्त को ज्ञापन के माध्यम से दी है. ज्ञापन में विभिन्न चार मुद्दे उठाए गए हैं जिसमें आउटसोर्सिंग कंपनी और बीसीसीएल के द्वारा 12500 वृक्षों की अवैध कटाई, डीजीएमएस के गाइड लाइन के अनुसार रियायशी इलाके के 300 फीट के बाद उत्खनन के नियम का उल्लंघन कर आउटसोर्सिंग द्वारा कार्य करने एवं सरकारी विद्यालय के बगल में उत्खनन करने, बीसीसीएल के द्वारा गोपाली चेक नंबर दो के रियायशी इलाके के बीचो-बीच कोयला डिपो बना देने, उक्त आउटसोर्सिंग कंपनी एस. एन आर.एस.आइ वी.एस.आइ (जे वी) एवं बीसीसीएल के पी बी एरिया नंबर 7 के अधिकारियों द्वारा लगभग 150 वर्ष पूर्व स्थापित महारानी स्थान को हटाने की हो रही साजिश को अविलंब रोकने की मांग की गई है.

# झामुमो-कांग्रेस सरकार ने जनता को ठगने का किया काम : शरद



- लोयाबाद मंडल में पप्पू सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

संवाददाता । लोयाबाद

भारतीय जनता पार्टी की धनबाद महानगर इकाई के अंतर्गत लोयाबाद मंडल में मंडल अध्यक्ष पप्पू सिंह की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई. यह बैठक आगामी 26 सितंबर, 2024 को परिवर्तन संकल्प यात्रा की सफलता के लिए आयोजित की गई थी. बैठक में भाजपा के वरीय नेता शत्रुघ्न महतो उर्फ शरद महतो ने कहा, झारखंड में झामुमो-कांग्रेस सरकार ने राज्य की जनता को ठगने का काम किया है, जिससे जनता परिवर्तन चाहती है. उन्होंने आगे कहा, लोयाबाद मंडल से हजारों कार्यकर्ता परिवर्तन यात्रा का भव्य स्वागत करेंगे. पूरे क्षेत्र में झंडा और बैनर लगाने का कार्य शुरू किया जाए. भाजपा जिला महानगर के मंत्री पंकज सिन्हा उर्फ कुमार अमित ने कहा, झारखंड की लूट-फरेब और निकम्मी सरकार ने युवाओं, किसानों और महिलाओं को 5 वर्ष तक ठगने का काम किया है. परिवर्तन यात्रा झारखंड की रोटी, बेटी और माटी बचाने की यात्रा है. मंडल अध्यक्ष पप्पू सिंह ने बूथवार बैठक करने की कार्ययोजना बनाने और लोयाबाद मंडल से रिकॉर्ड संख्या में युवाओं और महिलाओं की सहभागिता परिवर्तन यात्रा में होने की बात कही. बैठक का संचालन अनिल मंडल ने किया और धन्यवाद ज्ञापन भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष जलाल अंसारी ने किया. इस बैठक में वार्ड संख्या 08 के निवर्तमान वार्ड पार्षद महावीर पासी, मनोज चौहान, कृष्णा निषाद, सूरज महतो, धीरज रवानी, राम सिंह, सुरेश महतो, रीता देवी, दिनेश पासवान, छोटू रवानी, विंध्याचल कुमार, कृष्णा जी, विनय चौहान सहित सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे.

## जलापूर्ति योजना में स्थानीय युवाओं ने की नियोजन की मांग



संवाददाता । केंदुआ

सियालगुदरी खतियानी मोर्चा ने गांव ने निकट बने पीएचइडी की धनबाद शहरी जलापूर्ति योजना के कार्य मे स्थानीय बेरोजगारो को नियोजित करने की मांग को लेकर धरना दिया. युवको ने अभय सिन्हा नामक व्यक्ति को प्रेषित आवेदन पत्र में कहा कि एक सितंबर से पेयजल आपूर्ति की जा रही है. रैयतों की जमीन पर रिजर्व वाटर टैंक , वाटर टावर व अन्य जलापूर्ति व्यवस्था का निर्माण किया गया है लेकिन स्थानीय रैतदारों को नियोजन से वंचित रखा गया है. नियोजन के लिए काफी पहले से मांग की जा रही है जिसे अनदेखा किया जा रहा है. नियोजन पर अगर 15 दिनों के अंदर उचित निर्णय नही लिया गया तो ग्रामीण आंदोलन को तेजकर धरना प्रदर्शन करेंगे.धरना पर मटुकधारी सिंह चौधरी, दीपक सिंह चौधरी,भोला ओझा, सुभाष सिंह चौधरी,मिथलेश सिंह चौधरी, कैलाश सिंह चौधरी, जितेंद्र सिंह चौधरी,गोलक सिंह चौधरी, मनोज ओझा, वरुणदेव ओझा, मंटू सिंह चौधरी आदि शामिल थे.

## कुमारधुबी पुलिस ने किया चोरी का लोहा जब्त



**मैथन ।** ईसीएल के राजपुरा कोलियरी से दिन के उजाले में लोहा चोरी हो रही है. मंगलवार को कुमारधुबी पुलिस ने चालू खदान से संजय नगर जाने वाले रास्ते के बीच साइकल पर लदा चोरी का करीब एक क्वींटल लोहा जब्त किया है. मौके से साइकल छोड़ दो युवक फरार हो गया. बताते चलें कि इन दिनों शाम ढलते ही कोलियरी में लोहा चोरों का आतंक शुरू हो जाता है. गैस कटर से रातभर लोहा कटिंग करते हैं. सुबह होते होते लोहे को ठिकाने लगा दिया जाता है. बताया जाता है कि उक्त चोरी का लोहा गलफरबाड़ी क्षेत्र के विभिन्न लोहा गलाने वाली फैक्ट्री में खपाया जाता है.



# सदर अस्पताल में आधार लिंक्ड जन्म पंजीकरण सेवा शुरू

## लॉन्च इवेंट में एक नवजात शिशु का बनाया गया जन्म प्रमाण पत्र

संवाददाता। बोकारो

बोकारो जिला प्रशासन ने आधार लिंक्ड जन्म पंजीकरण प्रणाली सेवा शुरू करके राज्य में एक अग्रणी कदम उठाया है. यह अभूतपूर्व पहल शून्य से पांच वर्ष की आयु के बच्चों के लिए जन्म पंजीकरण और आधार नामांकन की प्रक्रियाओं को सरल बनाने पर केंद्रित है.
सेवा की शुरुआत औपचारिक रूप से सदर अस्पताल बोकारो में यूआइडी के डीपीओ, पोस्ट पैमेंट बैंक के प्रतिनिधि व टीम के अन्य सदस्यों द्वारा की गई.
लॉन्च इवेंट के दौरान, एक लाइव प्रदर्शन हुआ. जिसके परिणामस्वरूप नवजात शिशु बीएससिटी चास निवासी प्राप्ति राज का सफल पंजीकरण हुआ. यह उपलब्धि प्रगति का प्रतिनिधित्व करती है कि प्रत्येक बच्चा सामाजिक कल्याण सेवाओं तक सही तरीके से पहुंच सकता है. इस संबंध में उपायुक्त विजया जाधव ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य जन्म पंजीकरण और आधार नामांकन के महत्वपूर्ण चरणों में माता-पिता और बच्चों दोनों के लिए समग्र यात्रा में सुधार करना है. एएलबीआर के माध्यम से, आधार नामांकन की प्रक्रिया जन्म के साथ-साथ होती है, जो इसे पंजीकरण प्रक्रिया के साथ जोड़ती है.
(चाइल्ड एनरोलमेंट लाइट क्लाइंट) ऑपरेटरों की देखरेख में टैबलेट का उपयोग करके इस नामांकन विधि को आसानी से सुविधाजनक बनाया गया है, जिससे बच्चे को नामांकित करने के लिए केवल संबंध दस्तावेज के प्रमाण की आवश्यकता होती है. अब सदर अस्पताल बोकारो में जन्म लेने वाले बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र के साथ ही उनका आधार नंबर भी जारी होगा. इससे उन्हें विभिन्न योजनाओं से अच्छादित करने में आसानी होगी, वहीं फर्जी जन्म प्रमाण पत्र निर्माण में भी अंकुश लगेगा.



### ब्रीफ खबरें

### पिहरा की महिला ने दिल्ली में कर ली आत्महत्या

**गावां (गिरिडीह)।** गावां थाना क्षेत्र के पिहरा पश्चिमी पंचायत के जगदीशपुर निवासी मनीषा देवी (22) वर्ष, पति रूपेश कुमार गोपी ने दिल्ली में फांसी लगाकर जान दे दी. वह दिल्ली के एक किराए के मकान में पति के साथ रहती थी. हालांकि आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है. फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है. घटना के बाद झारखंड युवा एकता संगठन के अध्यक्ष विनोद यादव और संजय यादव मौके पर पहुंच कर परिजनों को ढांढस बंधाया और मामले की जानकारी ली. मृतका का मायके बिहार के गोविंदपुर थाना क्षेत्र के माधोपुर में है.

### जमुआ प्रखंड परिसर से बाइक चोरी

**जमुआ (गिरिडीह)।** प्रखण्ड परिसर जमुआ से मंगलवार दोपहर अज्ञात चोरों ने बाइक चोरी कर ली. भुक्त भोगी प्रतापपुर निवासी मुंशी रविदास, पिता नन्हकू रविदास ने जमुआ थाना को दिए आवेदन में बताया कि उसका पुत्र प्रदीप कुमार दास हीरो स्प्लेंडर से जिसका नम्बर जेएच 11 एए 5970 रंग काला जमुआ प्रखण्ड मुख्यालय गया था . बाइक बाहर खड़ा कर वह अपने कार्य के लिए अंदर गया था. बाहर निकलने पर बाइक गायब था. बताया कि काफी खोजबीन के बाद नहीं मिलने पर जमुआ थाना को आवेदन दिया. बताया कि बाइक की डिक्की में कुछ आवश्यक कागजात, बैंक पासबुक, आधार कार्ड सहित अन्य जरूरी जमीन का कागजात था. जमुआ पुलिस से जांच पड़ताल कर उचित करवाई की मांग की है. इस बाबत जमुआ थाना प्रभारी ने बताया कि जांच पड़ताल की जा रही है.

### कैलाश सिंह की पहली पुण्यतिथि मनी

**गावां (गिरिडीह)।** झामुमो नेता स्व कैलाश सिंह की पहली पुण्य तिथि के अवसर पर मंगलवार को प्रखंड झामुमो पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा उनके आवास कुरची में स्व कैलाश सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री अध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने की. स्व कैलाश सिंह के आदर्शों एवं उनके बताए गए रास्तों पर चलने का उपस्थित सभी लोगों ने संकल्प लिया. इस अवसर पर पूर्व मुखिया भीम रविदास, शिवनारायण राउत, शेखर सिंह समेत कई लोग मौजूद थे.

### माकपा कसमार लोकल कमिटी की बैठक

**कसमार (बोकारो)।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी कसमार लोकल कमिटी की बैठक मंगलवार को कसमार में की गयी. जिसकी अध्यक्षता उमा शंकर महाराज ने की. बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के बोकारो जिला सचिव भागीरथ शर्मा, लोकल कमिटी सचिव शकूर अंसारी एवं अख्तर खान मुख्य रूप से उपस्थित थे. बैठक में सर्वप्रथम माकपा के राष्ट्रीय महासचिव सीताराम येचूरी के असामयिक निधन पर शोक व्यक्त किया गया. इस दौरान बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए. जिसमें आगामी 29 सितंबर को पोंडा ब्रांच सम्मेलन, 3 अक्टूबर को कसमार ब्रांच सम्मेलन, 4 अक्टूबर को गर्री ब्रांच एवं 5 अक्टूबर को नावाडीह ब्रांच व महिला ब्रांच के सम्मेलन का निर्णय लिया गया. इसके बाद 20 अक्टूबर को कसमार लोकल कमिटी का सम्मेलन किया जाएगा. बैठक में पार्टी ने केंद्र सरकार के एक देश एक चुनाव के फैसले का विरोध किया.

### कांग्रेस के जिला पर्यवेक्षक पहुंचे गिरिडीह

**गिरिडीह।** कांग्रेस के जिला पर्यवेक्षक सुल्तान अहमद मंगलवार को गिरिडीह पहुंचे और प्रखंड अध्यक्ष सहित पार्टी पदाधिकारी से विधानसभा चुनाव को लेकर राय शुमारी की. जिले के 6 विधानसभा क्षेत्र के लिए बारी-बारी से प्रखंड अध्यक्ष और जिले के पार्टी पदाधिकारी से उनकी राय जानी. मालूम हो कि गिरिडीह की 6 विधानसभा क्षेत्र के लिए कुल 36 उम्मीदवारों ने अपना दावा पेश किया है. मंगलवार को कांग्रेस कार्यालय में शुरू हुई राय शुमारी खुला दरबार में हो रही थी, पर जमुआ प्रखंड के अध्यक्ष महसर इमाम ने इस पर ऐतराज जताया और सभी पार्टी पदाधिकारी से बारी-बारी से उनकी राय जानने की बात कही. मामले को लेकर थोड़ी देर हो हंगामा हुआ पर अंततः इमाम की मांग मान ली गई और पर्यवेक्षक ने बारी-बारी से सभी की राय जानी.

### महिला का यौन शोषण आरोपित युवक गया जेल

**गावां (गिरिडीह)।** गावां थाना क्षेत्र के पिहरा पूर्वी पंचायत स्थित एक मुहल्ले की शादीशुदा महिला ने एक युवक पर शादी का प्रलोभन देकर यौन शोषण कर बाद में छोड़ देने का आरोप लगाई है. आवेदन में कहा गया था कि माल्डा निवासी रोहित ठठेरा ने शादी करने का प्रलोभन देकर बहला फुसलाकर ले गया. लगभग एक माह तक मेरे साथ यौन शोषण किया और बाद में मुझे मारपीट कर भगा दिया . महिला तीन बच्चे की मां भी है. मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. थाना प्रभारी ने कहा कि महिला के बयान पर गावां थाना में प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी युवक को जेल भेज दिया गया है. मामले की जांच की जा रही है.

### सीएम के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर बैठक

**साहिबगंज।** मंगलवार को मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा ने कार्यक्रम स्थल भोगनाडीह में पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. उप विकास आयुक्त ने प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पदाधिकारी को आयोजित कार्यक्रम में कार्यों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. इस मौके पर जिला परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार दास, अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल कपिल कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी जयवर्धन कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी विष्णु देव कच्छप, जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी छुटेश्वर कुमार दास, जिला के वरीय पदाधिकारी एवं प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी उपस्थित थे.

### महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**तिसरी (गिरडीह)।** तिसरी थाना क्षेत्र के कुम्हारडीह टोला में सोमवार की देर रात एक 24 वर्षीय महिला ने फांसी लगाकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली. मृतका मुख्यालय स्थित कुम्हारडीह निवासी सोनू प्रजापति की पत्नी सबिता देवी थी. मृतका के पति का कहना है कि उसके खाना नहीं खाने से नाराज़ होकर पत्नी ने आत्महत्या की. इस बाबत सोनू प्रजापति ने बताया कि वह तिसरी चौक में था तभी उसकी पत्नी फोन करके खाना खाने के लिए घर बुलाई. वह घर गया तो उसकी पत्नी ने खाना खाने के लिए बोला लेकिन सोनू ने खाने से इंकार कर दिया. सोनू का कहना है कि उसकी तबियत ठीक नहीं थी, जिसके कारण वह दो दिनों से खाना नहीं खा रहा था. सोनू के मुताबिक इसी बात को लेकर उसकी पत्नी रूम में जाकर अंदर से दरवाजा बंद कर ली. जिसके बाद वह चापाकल पर हाथ धोने के लिए चला गया, थोड़ी देर बाद दरवाजा नहीं खुला तो उसने आसपास के लोगों को बुलाया और दरवाजा खोल कर देखा तो उसकी पत्नी फंदे से झूल रही थी. इधर महिला के पिता मित्तल प्रजापति ने कहा कि पति खाने के लिए समय पर नहीं देता था जिसके कारण उसने आत्महत्या कर ली. फ़िलहाल तिसरी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, साथ ही मामले की पड़ताल में जुट गई है. मृतका का एक डेढ़ वर्ष का पुत्र भी है. परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है.

# अन्याय व विकास विरोधी हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकना है : शिवराज चौहान

## भाजपा की सरकार बनी तो 2,87,000 युवाओं को मिलेगा रोजगार

**खास बातें**

- सरकार बनी तो तीन माह में एयरपोर्ट होगा चालू
- राज्य में चल रही है पति पत्नी की सरकार : सांसद

संवाददाता। बोकारो



झारखंड चुनाव प्रभारी व केन्द्रीय ग्रामीण विकास कृषि कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को सेक्टर वन स्थित विवेकानंद मैदान में चुनावी बिगुल फूंका. तेज बारिश होने के बावजूद भी पानी में भींगते हुए शिवराज सिंह चौहान ने अपने 25 मिनट की भाषण में जनता से आह्वान करते हुए कहा कि समय आ गया है अत्याचारी, अन्याय करने वाली, विकास विरोधी हेमन्त सरकार को उखाड़ फेंकने की. शिवराज पूरे चुनावी मोड में दिखे. उन्होंने कहा कि झारखंड की माटी, रोटी और बेटी की अस्मिता की रक्षा के लिए डबल इंजन की सरकार को लाना जरूरी है. भाजपा सरकार आएगी तो विदेशी घुसपैठियों पर नकेल कसने का काम करेगी. केन्द्रीय मंत्री ने जनता से वादा किया कि भाजपा सरकार आती है तो प्रदेश में रिक्त पड़े 2,87,000 पदों को भरने का काम करेगी. वहीं विस्थापित, पुर्नवास और रोजगार से जुड़ी समस्याओं को निदान किया जायेगा.
बोकारो एयरपोर्ट की चर्चा करते हुए शिवराज ने कहा कि राज्य सरकार की अकर्मणयता के कारण इसकी परिचालन आरंभ नहीं हो पा रही है. भाजपा सरकार बनी तो सरकार बनते ही तीन माह के अंदर इसकी परिचालन आरंभ कर दी जाएगी. हेमन्त सरकार पर तीखी प्रहार करते हुए कहा कि यह विकास विरोधी है. यह सिर्फ राज्य को लूटने में लगी है. जल, जंगल व जमीन की बात करने वाले आदिवासियों की जमीन हथिया कर जेल यात्रा कर रहे हैं और जेल से बाहर आने के बाद ऐसी छवि जनता के बीच प्रस्तुत कर रहें है जैसे की वो कोई पुण्य का काम कर लौटे हो.
सांसद ढुल्लू महतो ने कहा कि राज्य में पति पत्नी की सरकार है. ढुल्लू ने बेरमो विधायक अनुप सिंह का नाम तो नहीं लिया, लेकिन अनुप के सुरक्षा व्यवस्था में खर्च हो रहे पैसे पर प्रश्न उठाया.
सभा को बोकारो चुनाव प्रभारी, पूर्व औरंगाबाद सांसद सुशील सिंह, चुनाव क्लास्टर प्रभारी व बिहार सरकार के मंत्री नितिन नविन, रोहित लाल सिंह व बोकारो विधायक ने संबोधित किया. कार्यक्रम में विधानसभा प्रभारी चंद्रशेखर अग्रवाल, पूर्व सांसद रविन्द्र राय, जयदेव राय, वीरभद्र प्रसाद सिंह, डॉ परिंदा सिंह, अर्चना सिंह, लीला देवी, ममता गोस्वामी, करूणा, अनिल स्वर्णकार, गिरजा देवी सहित जिला व मंडल के भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे.

### स्कूल के समीप तम्बाकू बेचने वालों पर 3 हजार जुर्माना



**देवघर।** सिविल सर्जन देवघर डॉ० रंजन सिन्हा के निर्देशानुसाआर तम्बाकू मुक्त युवा आभियान 2.0 के तहत सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम (कोटपा) 2003 के शैक्षणिक संस्थानों के निकट कड़ाई पूर्वक अनुपालन हेतु डॉ० मनोज कुमार गुप्ता, जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी एनसीडी सेल देवघर की अध्यक्षता में देवघर शहरी क्षेत्र के विभिन्न शैक्षणिक संस्थान यथा देवघर कॉलेज, सत्संग कॉलेज, बाजला महिला कॉलेज, आर एल सराफ विद्यालय, देवघर पब्लिक स्कूल के समीप छापेमारी सह जागरुकता अभियान चलाया गया. जहां विद्यालय परिसर के 100 गज के दायरे के अंदर तंबाकू उत्पाद बेचने वालों पर कार्रवाई करते हुए अर्थ दंड के रूप में कुल 17 विक्रेताओं से रूप में 3000 रुपया वसूल किया गया एवं कड़ी चेतावनी दी गईं . मौके पर अभिमन्यू दांगी, रवि कुमार सिन्हा, प्रशांत मालवीय, कुमार अभिषेक, रवि चंद्र मुर्मू, आरक्षी चंचल रविदास एवं रामचंद्र प्रसाद यादव उपस्थित थे.

### गुरु गोबिंद सिंह एजुकेशनल सोसायटीज में रेजिंग डे आयोजित

**बोकारो।** गुरु गोबिंद सिंह एजुकेशनल सोसायटीज टेक्निकल कैंपस, इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट कॉलेज, बोकारो में राष्ट्रीय एन. एस. एस. दिवस के उपलक्ष्य पर रेजिंग डे आयोजित किया गया. जिसमें 50 नये स्वंय-सेवी छात्रों का पंजीकरण किया गया तथा स्वंयसेवी छात्र-छात्राओं को एन. एस. एस. यूनिफार्म व कलर वितरित किये गये. स्वंयसेवी छात्रों ने शानदार परेड का प्रदर्शन किया. कॉलेज निदेशक डा. प्रियदर्शी जरुहार ने स्वंयसेवी छात्रों को एन. एस. एस. का शपथ ग्रहण कराया. कालेज एन. एस. एस. के प्रोग्राम ऑफिसर डा. ए. पी. बर्णवाल एवं प्रोग्राम कोओर्डिनेटर प्रो. सुषमा कुमारी हैं. एन. एस. एस. भारत सरकार के युवा व खेल मंत्रालय की महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके द्वारा छात्रों को सामुदायिक सेवा का अवसर मिलता है. इसके जरिये युवाओं में चरित्र-विकास एवं नेतृत्व के गुण विकसित होते हैं. एन. एस. एस. के पदाधिकारी डा. ए. पी. बर्णवाल ने बताया कि आज के ही दिन, 24 सितंबर को महात्मा गांधी के शताब्दी वर्ष 1969 में इस योजना की शुरुआत हुई थी. इसका बीज-वाक्य 'मी नाट बट यू' है, जिसका अर्थ है कि एक एन. एस. एस. स्वंयसेवी अपने से पहले समुदाय के हित को रखता है. आशना कश्यप - सी. एस. सी., गौरी कुमारी बी. बी. ए., गुलाम हुसैन एम. ई., हरित सिंह बी. सी. ए., यश टोपो सी. एस. सी. डेटा साईंस व अन्य ने योगदान दिया. संस्थान अध्यक्ष तरसेम सिंह तथा सचिव सुरेंद्र पाल सिंह ने बधाई दी.

### सीओ की मनमानी से परेशान रमनी आज करेंगे आत्मदाह

**जमुआ (गिरिडीह)।** जमुआ अंचल में तैनात अंचल अधिकारी और अंचल कार्यालय के कम्प्यूटर ऑपरेटर की मनमानी के खिलाफ जमुआ प्रखंड के जगन्नाथडीह निवासी रमनी रंजन दाराद बुधवार को आत्मदाह करेंगे. दाराद ने 25 सितंबर को अंचल कार्यालय परिसर में आत्मदाह कर लेने की बात कही है. दाराद ने इस आशय का एक पत्र सूबे के मुख्यमंत्री को प्रेषित किया है. पत्र की प्रतिलिपि जिले के उपायुक्त, अपर समाहर्ता, खोरीमहुआ के एसडीपीओ व एलआरडीसी, एसडीओ, जमुआ के थाना प्रभारी और सीओ को भी सौंपा है. दाराद का आरोप है कि सीओ और कम्प्यूटर आपरेटर खुले तौर पर उनका जमीनों की हेराफेरी कर रहे हैं.

# प्रखंड कार्यालय में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

**खास बातें**

- पूजा समिति को पंडाल में सीसीटीवी लगाने का आदेश
- वोलेंटियर्स को जारी किया जायेगा आई कार्ड

संवाददाता। पीरटांड (गिरिडीह)

पीरटांड़ प्रखंड मुख्यालय सभागार में मंगलवार को सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, एसडीएम शहजाद परवेज, प्रमुख सविता टुडू, बीडीओ मनोज कुमार मरांडी ने दुर्गा पूजा समितियों के साथ बैठक किया. बैठक के दौरान पीरटांड़ प्रखंड के सभी छह पूजा समिति मधुबन, चिरकी, खुखरा, पालगंज, कुण्डको एवं हरलाडीह के अध्यक्ष, सचिव एवं सभी पंचायत के मुखिया के साथ एक-एक बिंदुओं पर चर्चा की गई. पूजा पंडाल के पास जाम से निजात पाने को लेकर भी चर्चा की गई.
विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि पूजा समिति की जब बैठक करते हैं तो एक-एक बिंदुओं पर चर्चा कर लें. जितने भी पूजा पंडाल है, वहां के समिति के अध्यक्ष, सचिव का नाम उपलब्ध करा देना है. एसडीओ शहजाद परवेज ने सभी पूजा समिति को निर्देश दिया कि पूजा पंडाल में सीसीटीवी कैमरा आवश्यक रूप से लगवाएं. वोलेंटियर्स की लिस्ट उपलब्ध करा देना है. ताकि आईकार्ड उपलब्ध कराई जा सके. इस साथ ही बैठक में सभी थाना प्रभारी को निर्देश दिया गया कि अपने-अपने थाना क्षेत्र में पूजा में शांति व्यवस्था को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ले. ताकि किसी भी प्रकार के अप्रिय घटना से निपटा जा सके. बैठक में उपरोक्त के अलावे उप प्रमुख महेंद्र प्रसाद, पीरटांड़ थाना प्रभारी गौतम कुमार, हरलाडीह ओपी प्रभारी दीपक कुमार, मधुबन थाना प्रभारी जगरनाथ पान, खुखरा थाना प्रभारी निरजंन कच्छप, पंचायत समिति सदस्य केशव पाठन, नवीब सिंह, जोगेंद्र तिवारी, अनूप मिश्रा, बिरजू साव, राधेश्याम मदक सहित कई लोग उपस्थित थे.

# अपर समाहर्ता ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का भ्रमण कर लिया जायजा

## बाढ़ में फंसे लोगों में राहत सामग्री वितरित, राहत शिविर में जाने की अपील

संवाददाता। साहिबगंज



मंगलवार को अपर समाहर्ता गौतम भगत ने बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया. श्री भगत ने रामपुर दियारा, गरमटोला, हाजीपुर दियारा सहित कई अन्य बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण कर बाढ़ प्रभावित गांव के ग्रामीणों से मुलाकात की और ग्रामीणों की समस्या से रूबरू हुए. अपर समाहर्ता द्वारा बाढ़ में फंसे लोगों के बीच राहत सामग्री का वितरण किया. जिनमें चूड़ा, गुड़, मोमबत्ती, माचिस का वितरण 40 परिवारों के बीच वितरण किया गया. श्री भगत ने ग्रामीणों से बातचीत करते हुए आश्वासन दिया कि जिला प्रशासन के द्वारा राशन की कमी नहीं होने दी जाएगी. समय-समय पर जिला प्रशासन के द्वारा बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया जाता रहेगा. बाढ़ ग्रस्त इलाकों में फंसे लोगों से कहा कि वह अपने मवेशियों एवं आवश्यक सामग्री के साथ सुरक्षित स्थानों पर या जिला प्रशासन द्वारा बनाए गए राहत शिविरों में प्रस्थान करें. वहीं श्री भगत ने बताया कि बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए जिला प्रशासन द्वारा विशेष नाव की व्यवस्था की गई है. दियारा क्षेत्रों में फंसे हुए लोगों को नाव के माध्यम से राहत शिविर ले जाने का कार्य किया जा रहा है. राहत शिविर जाने वाले नागरिकों को जिला प्रशासन द्वारा नाव उपलब्ध कराया जा रहा है. राहत शिविर की स्थापना की गई है, जिसमें जिला प्रशासन द्वारा रहने एवं भोजन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है. मौके पर अपर समाहर्ता गौतम भगत, सदर सीओ व कर्मचारीगण मौजूद थे.

### जिप अध्यक्ष ने की स्नान घाट का भूमि पूजन

**गांडेय।** जिप अध्यक्ष मुनिया देवी ने मंगलवार को 15 वें वित्त आयोग अनुदान मद से रसंजोरी पंचायत के संगरभंग गांव के तालाब में स्नान घाट निर्माण की आधारशिला रखी. स्वीकृत योजना शिलान्यास के दौरान मौजूद बतौर मुख्य अतिथि अध्यक्ष मुनिया देवी ने कहा कि सगरभंगा गांव के लोगों के साथ-साथ आसपास के जानवरों के लिए भी यह तालाब काफी उपयोगी है. कहा कि उक्त तालाब में स्नान घाट बनने से लोगों को काफी सुविधा होगी. स्नान घाट निर्माण से लोगों को स्नान करने, कपड़ा साफ सफाई करने, खास कर बच्चों को नहाने में काफी सहुलियत होगी. मौके जिप सदस्य गांडेय भाग- 46 शालेहा खातुन, रसनजोरी पंचायत मुखिया पति भागीरथ मंडल, सामाजिक कार्यकर्ता मुफ्ती सईद आलम, मृत्युंजय कुमार सिंह, अतुल सिंह, झुनझुन सिंह, सर्बेश्वर सिंह, दिलीप सिंह, पंसस मो रकीब अंसारी, जेई किशोर हरि, संजय पुजहर, मनीष कुमार, देवचंद हांसदा, अरूण मंडल, संवेदक महेंद्र यादव समेत दर्जनों लोग मौजूद थे.

### अबुआ आवास में गड़बड़ी को लेकर धरना

**देवघर/मोहनपुर।** मोहनपुर प्रखंड कार्यालय के पास मजदूर किसान संगठन ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर प्रखंड विकास पदाधिकारी को विभिन्न मांगों को लेकर आवेदन देकर शिकायत की. आंदोलनकिरयों ने कहा कि वैसे लोगों को अबुआ आवास योजना का लाभ मिल रहा है, जो इसकी श्रेणी में नहीं आते हैं और जिन लोगों को सच में इसकी योजना की आवश्यकता वह अभी इस योजना से वंचित हैं. पंचायत वार सक्षम पदाधिकारी से जांच कराकर दोषी व्यक्तियों के ऊपर कारवाई करने की मांग की गई. सार्वजनिक पेंशन योजना, मंईयां सम्मान योजना, लाभुकों को बकाया भुगतान अभिलंब किया जाए. मनरेगा योजना में गड़बड़ी की जांच कर दोषी व्यक्ति पर कार्रवाई किया जाए. इस दौरान भूतनाथ यादव, राकेश भारती, चंद्रशेखर रजक, भागीरथ प्रसाद यादव, पिंटू कुमार, नरेश यादव, मोहम्मद आजाद, पंचानंद दास, केदार दास, हेमंत कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे.

## डीपीएस बोकारो में चार दिवसीय सीबीएसई क्लस्टर- 3 बास्केटबॉल प्रतियोगिता शुरू

# स्फूर्ति व लक्ष्य पर केंद्रित रहना सिखाता है खेल : हरभजन सिंह

संवाददाता। बोकारो



बच्चों को खेल में आगे आना चाहिए. आज के दौर में मोबाइल पर समय नष्ट करने से बेहतर है कि बच्चे आउटडोर गेम्स में अधिकाधिक भाग लें. यह न केवल उन्हें शारीरिक और मानसिक स्फूर्ति प्रदान करता है, बल्कि आपसी सामंजस्य और लक्ष्य पर केन्द्रित रहना भी सिखाता है. यह कहना है पूर्व ओलंपियन एवं झारखंड बास्केटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष हरभजन सिंह का.
श्री सिंह मंगलवार को डीपीएस बोकारो की मेजबानी में शुरू हुई चार दिवसीय सीबीएसई क्लस्टर- 3 अंतर विद्यालय बास्केटबॉल प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे.
इसके पूर्व, मुख्य अतिथि श्री सिंह सहित सम्मानित अतिथि अंतरराष्ट्रीय साइक्लिस्ट एवं स्पेशल ओलंपिक के ऑफिशियल सतबीर सिंह सहोता, सीबीएसई पर्यवेक्षक संतोष कुमार एवं डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने डॉ राधाकृष्णन सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स से संबद्ध विभिन्न विद्यालयों की प्राचार्यों की उपस्थिति में प्रतियोगिता का शुभारंभ किया.
दीप-प्रज्जवलन से समारोह का उद्घाटन हुआ. जबकि सीबीएसई एवं डीपीएस बोकारो के झंडोत्तोलन तथा गुब्बारे उड़ाकर उत्साहपूर्ण माहौल में खेल की शुरुआत की गई.
अपने संबोधन में प्राचार्य डॉ गंगवार ने सभी प्रतिभागी टीमों एवं अभ्यागत अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रतियोगिता की रूपरेखा पर प्रकाश डाला. वसुधैव कुटुम्बकम के सिद्धांत की दिशा में विद्यालय की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए उन्होंने प्रतिभागियों को बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं.
समारोह में सीबीएसई के तकनीकी प्रतिनिधि प्रियरंजन कुमार सिंह सहित स्थानीय शिक्षाविदों में चिन्मय विद्यालय के प्राचार्य सूरज शर्मा, जीजीपीएस- 5 के प्राचार्य सोमेन चक्रवर्ती, जीजीपीएस चास के प्राचार्य अभिषेक कुमार, एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य फादर डॉ जोशी वर्गीस, आदर्श विद्यालय के प्राचार्य रंजीत कुमार, एआरएस पब्लिक स्कूल के प्राचार्य विश्वजीत पात्रा, राजेन्द्र प्रसाद पब्लिक स्कूल के प्राचार्य मुकेश कुमार, रेनबो पब्लिक स्कूल के प्राचार्य विपुल कुमार तथा एआरएस पब्लिक स्कूल के निदेशक लाल बाबू आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे.
इस दौरान रांची, बोकारो, जमशेदपुर और धनबाद की टीमों ने अपने मैच जीते. प्रतियोगिता में लगभग 1200 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं. 27 सितंबर को प्रतियोगिता का समापन होगा.

### डीसीसी ने जागरुकता रथ को किया रवाना

**साहिबगंज।** मंगलवार को जिला में मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए तंबाकू मुक्त युवा अभियान 2.0 का समाहरणालय परिसर से उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा ने हरी झंडी दिखाकर जागरुकता रथ को रवाना किया. तंबाकू मुक्त युवा अभियान 2.0 जागरूकता रथ के माध्यम से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लोगों को मादक पदार्थों के दुरुपयोग, मादक पदार्थों के सेवन से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव आदि के बारे में विस्तार से बताया जायेगा. उप विकास आयुक्त ने बताया कि मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए जिले में जिला स्वास्थ्य समिति (एनसीडी कोषांग, साहेबगंज) द्वारा 24 अगस्त से 60 दिनों तक जागरुकता अभियान चलाया जायेगा. साठ दिवसीय तम्बाकू मुक्त युवा अभियान-2.0 जो युवाओं में तम्बाकू के उपयोग की शुरुआत को रोकने और उपयोगकर्ताओं को तम्बाकू छोड़ने में सहायता करने के लिए कदम उठाने पर ध्यान केंद्रित करेगा, इसके बाद जिला में साठ दिवसीय तम्बाकू मुक्त युवा अभियान चलाया जाएगा. इस मौके पर डॉ किरणमाला, जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी- सह- नोडल पदाधिकारी एनटीसीपी, साहिबगंज, हिना गौरव बरनवाल डीपीएम, जिला स्वास्थ्य समिति साहिबगंज, सती बाबू डाबड़ा वीबीडी काउंटलटेंट, पंकज पीटर सोरेन, डीपीएम, एनसीडी, राजीव पॉल, एस डब्लू एनटीसीपी, अमित कुमार, एफएलसी, ऋषिकेश कुमार उपस्थित थे.

▼ ब्रीफ खबरें

## बाइक की टक्कर से एक घायल

**तेतुलमारी।** तेतुलमारी हीरक मार्ग मे छोटानगरी के समीप सोमवार की रात दो बाइक के बीच हुई टक्कर में छोटानगरी के गंडुवा बस्ती निवासी 47 वर्षीय ललित रवानी गंभीर रूप से जख्मी हो गया। स्थानीय लोगों के सहयोग से पुलिस ने उसे उठाकर इलाज के लिए धनबाद के असर्फी अस्पताल ले गया जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए उसे रांची रेफर कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जख्मी किसी कार्य से कांको चौक जा रहा था, तभी विपरीत दिशा से आ रही बाइक ने जोरदार टक्कर मार दिया है, जिससे वह वहीं गिर पड़ा। घटना के बाद दूसरा बाइक सवार अपनी बाइक को खड़ा कर भाग निकला।

## प्रवीण कुमार लाला ने किया नामांकन

**महुदा :** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला कमिटी के चुनाव के लिए नामांकन जारी है। बीएसएस बलवाड़ी में मंगलवार को जिला महासचिव पद के लिए बाघमारा अंचल के राज्य प्रतिनिधि प्रवीण कुमार लाला ने नामांकन किया। इस अवसर पर चुनाव समिति के सदस्य दिलीप कुमार कर्ण, कुमार वंदन, कुलदीप प्रभात रंजन, अनवर हुसैन, तापस कुमार खवास, श्रवण कुमार महतो, मोहम्मद असलम, मुनव्वर सुल्तान, मंजुला केरकेट्टा, रेखा कुमारी, मदन कुमार सिंह, रामेश्वर महतो उर्फ बॉबी, सुरेन महतो, राजकुमार वर्मा, संजय कुमार, विनय रंजन तिवारी, अजय कुमार, गंगा नारायण सिंह, मानिकचंद दास, दिनेश राम, सुवर्णा माझी, ज्ञानपति कुमारी सहित कई समर्थक शिक्षक मौजूद थे।

## दुर्गा पूजा से छठ पर्व तक सैलून खुला रहेगा

**धनबाद ।** धनबाद के बी ब्लॉक स्थित बाबा धर्मदास मंदिर में भूली नई समाज संघ की बैठक हुई। इस बैठक की अध्यक्षता गंगा शर्मा ने की, जिसमें नई समाज के अध्यक्ष इंद्र देव शर्मा ने महत्वपूर्ण घोषणा की। उन्होंने बताया कि दुर्गा पूजा से लेकर छठ पर्व तक सैलून खुला रहेगा, जिससे लोगों को इन त्योहारों के दौरान सुविधा होगी। बैठक में कई प्रमुख लोग उपस्थित थे, जिनमें प्रमोद शर्मा, सुरेश शर्मा, मुकेश ठाकुर, सुभाष ठाकुर, और उमेश ठाकुर शामिल थे। यह बैठक समाज के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लेने और समुदाय की आवश्यकताओं पर चर्चा करने के लिए आयोजित की गई थी।

## राजपुरा खदान में ग्रामीणों ने किया विरोध

**मैथन ।** ईसीएल के राजपुरा खदान में जलापूर्ति और लाइट की समस्या को लेकर शिवलीबाड़ी उत्तर पंचायत के ग्रामीणों ने मंगलवार को उत्पादन ठप कर दिया। यह विरोध पूर्व मुखिया मोहम्मद सनोवर के नेतृत्व में किया गया। ग्रामीणों ने प्रबंधक संजीव कुमार और एजेंट आरआर कांत से वार्ता के दौरान आश्वासन मिला कि जलापूर्ति शुक्रवार तक चालू कर दी जाएगी और लाइट की मांग जल्द पूरी की जाएगी। इसके बाद ग्रामीण शांत हुए। कोलियरी का उत्पादन लगभग एक घंटे तक बाधित रहा।

# आधार कार्ड में सुधार सहित चार योजना के शत प्रतिशत आवेदन हुए निष्पादित

**संवाददाता। धनबाद**

धनबाद । आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में मंगलवार को आधार कार्ड में सुधार, जाति, आवासीय व आय प्रमाण पत्र के शत प्रतिशत आवेदन निष्पादित किए गए. वहीं शिविरों में 688 आवेदनों का निष्पादन किया गया. शिविरों में 3303 आवेदन प्राप्त हुए. इसमें फोकस स्कीम के 1996 आवेदनों में 94 तथा बेनेफिशियरी ओरिएंटेड स्कीम के 910 में 277 आवेदन निष्पादित किए गए. वहीं 196 लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया. शिविरों में विभिन्न प्रकार की 121 शिकायतों का निवारण ऑन द स्पॉट किया गया. जबकि आज प्राप्त आवेदनों में 497 आवेदन निष्पादन की प्रक्रिया में है. राज्य सरकार की फोकस स्कीम में अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के 113, अबुआ आवास के 1691, सर्वजन पेंशन 59, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना 110, जाति प्रमाण पत्र के 13, आवासीय 4 व आय प्रमाण पत्र के 6 आवेदन प्राप्त हुए. इसमें सर्वजन पेंशन के 26, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के 45 तथा जाति, आवासीय व आय प्रमाण पत्र के शत प्रतिशत आवेदन निष्पादित किए गए. वहीं बेनेफिशरी ओरिएंटेड स्कीम में वृद्धा पेंशन के 31, विधवा पेंशन 3, दिव्यांगजन पेंशन 3 तथा 873 अन्य आवेदन प्राप्त हुए. जिसमें विभिन्न पेंशन योजना के 12 तथा 265 अन्य आवेदन निष्पादित किए गए. शिकायत निवारण के लिए प्राप्त 201 में 121 आवेदन निष्पादित किए गए. इसमें आधार कार्ड में सुधार के 69 में 69, राशनकार्ड में सुधार के 124 में 52 आवेदन निष्पादित किए गए. जबकि राजस्व अभिलेखों में सुधार के 7 तथा बिजली बिल से संबंधित एक आवेदन प्राप्त हुआ. शिविरों के दौरान ऑन द स्पॉट 196 लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया.

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**तेतुलमारी ।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत मंगलवार को नगरीकला दक्षिण पंचायत सचिवालय में शिविर लगाया गया। जिसका उद्घाटन बीपीआरओ रघुवंश कुमार भारती ने किया। शिविर में कहीं विभाग के स्टॉल बने हुए थे लेकिन प्रचार प्रसार की कमी होने के कारण लोगों की भीड़ कम दिखी। लेकिन लोग स्वास्थ्य जांच कराने के लिये कतार पर लगी थी। शिविर में सबसे अधिक अबुआ आवास के आवेदको ने अपनी अपनी आवेदन जमा किए। लाभुको का कहना था कि शिविर कई बार लगाई गई लेकिन लोगों की समस्या का नही हुआ यह सरकार का दिखावा है। मौके पर हल्का कर्मचारी विजय कुमार, एएनएम चंद्रिका हंसदा, मनोज रवानी, प्रितपाल सिंह,आशा देवी, मंजू देवी आदि शामिल थे।

# युवक ने किशोरी को बनाया हवश का शिकार, गिरफ्तार



**संवाददाता। बाघमारा**

**बाघमारा (कतरास)।** बाघमारा थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना में 26 वर्षीय युवक ने 12 वर्षीय किशोरी को अपनी हवश का शिकार बनाया। घटना सोमवार की है, और पुलिस ने मंगलवार को आरोपित प्रदीप मंडल को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पीड़िता को स्वास्थ्य परीक्षण के लिए धनबाद ले जाया गया। बाघमारा थाना प्रभारी चिरंजीत प्रसाद ने बताया कि अदालत में 164 के तहत पीड़िता का बयान कलमबद्ध कराया जाएगा। आरोप है कि युवक ने किशोरी को बहला-फुसलाकर खंडहरनुमा मकान में ले जाकर गलत काम किया और घर में किसी को नहीं बताने की धमकी दी। पीड़िता के परिजनों ने बताया कि सोमवार को जब किशोरी ने घटना के बारे में बताया, तो गांव में पंचायती का दौर शुरू हुआ, लेकिन आरोपित और उसके परिजन पंचायत में नहीं आए। इसके बाद मंगलवार को पीड़िता के परिजन थाने पहुंचे और प्राथमिकी दर्ज कराई। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। इस घटना ने पूरे क्षेत्र में आक्रोश पैदा कर दिया है, और लोग आरोपित के लिए कड़ी से कड़ी सजा की मांग कर रहे हैं। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि आरोपित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और न्याय सुनिश्चित किया जाएगा।

# संयुक्त मोर्चा ने किया बीसीसीएल महुदा के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

**खास बातें**

- एमडीओ और रेवेन्यू शेयरिंग मोड में देने के खिलाफ रहा विरोध प्रदर्शन



**संवाददाता। महुदा**

महुदा, झरियाः संयुक्त मोर्चा ने बीसीसीएल के पश्चिमी झरिया क्षेत्र मुनीडीह महुदा ग्रूप (डब्लुजेए) के मुरूलिडीह 20/21 पीट कोलियरी में एमडीओ और रिवेन्यू शेयरिंग मोड में देने के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। अशोक दसौंधी के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन में वक्ताओं ने एमडीओ और रिवेन्यू शेयरिंग का विरोध किया। संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों ने कहा कि एमडीओ और रिवेन्यू शेयरिंग में दी गई कोलियरी और वॉशरी को वापस लिया जाए। यदि नहीं, तो यह आंदोलन जारी रहेगा। विरोध प्रदर्शन में कई नेताओं ने संबोधित किया, जिनमें कॉमरेड मानस चटर्जी, अशोक दशोंधी, पी एन तिवारी, अब्दुल समद अंसारी, मोइन अंसारी शामिल थे।

## यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन ने सेल महाप्रबंधक को सौंपा मांग पत्र

धनबाद : यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के नेता संजु महतो के नेतृत्व में सेल महाप्रबंधक को स्थानीय बेरोजगारों के लिए रोजगार की मांग को लेकर एक सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। संजू महतो ने कहा कि अपरसिम के ठेकेदार स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार नहीं दे रहे, बल्कि बाहरी लोगों से काम ले रहे हैं। यह राज्य सरकार के 75% स्थानीय लोगों को रोजगार देने के निर्देश का उल्लंघन है। यूनियन ने चेतावनी दी है कि अगर मांगें पूरी नहीं होती तो वे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे।

## कुमारधुबी पुलिस ने चोरी का लोहा जब्त किया, दो युवक फरार

**मैथन।** ईसीएल के राजपुरा कोलियरी से दिन-दहाड़े लोहा चोरी होने की घटना में कुमारधुबी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की। मंगलवार को पुलिस ने लगभग एक क्वींटल चोरी का लोहा जब्त किया और दो युवक साइकिल छोड़कर फरार हो गए।पुलिस ने बताया कि राजपुरा कोलियरी में लोहा चोरी का आतंक जारी है, जिसमें शाम को गैस कटर से लोहा कटिंग किया जाता है और सुबह होते होते लोहे को ठिकाने लगा दिया जाता है। चोरी का लोहा गलफरबाड़ी क्षेत्र की लोहा गलाने वाली फैक्ट्रियों में खपाया जाता है। पुलिस ने आगे बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि कुछ बदमाश कोलियरी से लोहा चोरी कर रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने छापेमारी की और लगभग एक क्वींटल लोहा जब्त या। दो युवक साइकिल छोड़कर फरार हो गए। पुलिस उनकी तलाश कर रही है। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज किया है और आगे की जांच की जा रही है।

# भाजपा की परिवर्तन यात्रा बलियापुर पहुंची शुभेंदु अधिकारी का गर्मजोशी से स्वागत



**संवाददाता। धनबाद**

भाजपा की परिवर्तन यात्रा मंगलवार को निरसा होते हुए बलियापुर पहुंची। पश्चिम बंगाल भाजपा के नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी, पूर्व सांसद रबिंद्र रॉय और नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी का कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। भाजपा द्वारा पूरे प्रदेश में परिवर्तन यात्रा आयोजित की जा रही है, जिसका उद्देश्य राज्य में बदलाव लाना है। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि झारखंड और पश्चिम बंगाल में भ्रष्टाचारी सरकारें हैं जो सिर्फ तुष्टिकरण की राजनीति करती हैं। उन्होंने पश्चिम बंगाल में हिंदुओं पर अत्याचार का आरोप लगाया। शुभेंदु अधिकारी ने धनबाद के बलियापुर स्थित हाई स्कूल मैदान पहुंचकर रथ में सवार होकर बिरसा ब्रिज तक गए। इस दौरान भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने चासनाला मोड़ के समीप शुभेंदु अधिकारी और अमर बाउरी को अंगवस्त्र और माला पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया। परिवर्तन यात्रा में भाजपा के कई नेता और कार्यकर्ता शामिल थे, जिनमें रबिंद्र रॉय, अमर बाउरी, रागिनी सिंह, और अन्य प्रमुख हैं। इस यात्रा का उद्देश्य राज्य में बदलाव लाना और भाजपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना है।

# गोराई टोला में भाकपा माले का मिलन समारोह आयोजित



**संवाददाता। निरसा**

**निरसा/कालूबाथान।** केलियासोल प्रखंड के भुरकुंडाबाड़ी पंचायत के मारकोडा गोराई टोला में भाकपा माले का मिलन समारोह हुआ। इसमें बीजेपी-झामुमो छोड़ दर्जनों युवाओं ने भाकपा माले का दामन थामा। पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने नई सदस्यता लेने वालों को माला पहनाकर स्वागत किया। समारोह में शामिल हुए प्रमुख लोगों में हारू गोराई, किशन गोराई, बबलू गोराई, मनोज गोराई, मधु धीवर, दिनेश गोराई, माधव गोराई, सोमनाथ गोराई, साबुन गोराई, बबलू गोराई, सोमनाथ धीवर, भूतू गोराई, अरुण गोराई, धरम गोराई और काजल धीवर शामिल हैं। मौके पर बादल चंद्र बाउरी, नागेंद्र सिंह, रामजी यादव, रोशन मिश्रा, ललित पासवान, अंजू चटर्जी, दिनेश हाडी समेत कई नेता मौजूद थे। उन्होंने नई सदस्यता लेने वालों को संबोधित करते हुए कहा कि भाकपा माले गरीबों, मजदूरों, किसानों और युवाओं के अधिकारों के लिए संघर्ष करती है।

## होमगार्ड डीएसपी ने अस्पताल का किया निरीक्षण



**धनबाद।** होमगार्ड डीएसपी सूर्यकांत कुमार ने शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल के प्राचार्य और अधीक्षक से मुलाकात की और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। ओपीडी, इमरजेंसी, होस्टल समेत कई जगहों का निरीक्षण करने के बाद उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए । इस निरीक्षण के पीछे का मुख्य उद्देश्य अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना है। पिछले दिनों धनबाद एसएसपी ने अस्पताल में चारदीवारी बनाने का निर्देश दिया था और सुरक्षा व्यवस्था को बढ़ाने की बात कही थी। होमगार्ड डीएसपी का यह निरीक्षण इसी दिशा में एक कदम है ।

# भाजपा ने किया झारखंड का सृजन, अब करेगी संवारने का कामः डॉ. रवींद्र राय

### युवाओं को छलने का काम कर रही है हेमंत सरकार : अपर्णा सेनगुप्ता



**संवाददाता। मैथन**

भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. रवींद्र राय ने कहा कि झारखंड का सृजन भाजपा ने किया और अब उसे संवारने का काम भी भाजपा करेगी। उन्होंने वर्तमान सरकार पर जंगल राज और लूट का आरोप लगाया और जनता से हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने का निवेदन किया। डॉ. राय ने कहा कि झारखंड में भ्रष्टाचार बढ़ गया है और अपराधियों का बोलबाला है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बनने पर भ्रष्टाचार को खत्म किया जाएगा और अपराधियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। निरसा विधायक अर्पणा सेनगुप्ता ने कहा कि झारखंड सरकार युवाओं को नौकरी के नाम पर छल रही है। उत्पाद सिपाही की बहाली में 18 नौजवानों की मृत्यु हो गई। उन्होंने सरकार को बने रहने का अधिकार नहीं होने का दावा किया। यात्रा के निरसा विधानसभा संयोजक जयप्रकाश सिंह ने कहा कि निरसा के लिए भ्रष्टाचार मुक्त शासन, अपराधियों पर अंकुश, और निरसा के हर घर में नल से जल के लिए एक बार पुनः निरसा विधानसभा में कमल खिलाने और झारखंड में नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में सरकार बनाने का आवाहन किया। कार्यक्रम में मधुरेंद्र गोस्वामी, भारत यादव, घनश्याम ग्रोवर, राजकुमार अग्रवाल, दीनबंधु महतो, भूपेंद्र सिंह, रानी सिंह, संजय महतो, दीपा दास, समिता सिंह, नमिता मिश्रा, पूनम खटीक,रवि विशाल, महेंद्र पंडित,

### यात्रा का दूसरा दिन मां कल्याणेश्वरी की पूजा अर्चना से हुआ शुरू

भाजपा की परिवर्तन यात्रा का दूसरा दिन मां कल्याणेश्वरी की पूजा अर्चना से शुरू हुआ। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर रविंद्र कुमार राय और निरसा विधायक अर्पणा सेनगुप्ता ने मां कल्याणेश्वरी मंदिर में पूजा अर्चना की। यात्रा मैथन से संजय चौक होते हुए मैथन मोड़ दुर्गा मंदिर पहुंची, जहां कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

## आसनसोल

# पूर्व एपीएम को आय से अधिक संपत्ति मामले में 3 साल की सजा

**संवाददाता। रानीगंज**

रानीगंजः सीबीआइ की विशेष अदालत ने रानीगंज हेड पोस्टऑफिस के पूर्व सहायक पोस्ट मास्टर (एपीएम) दिग्विजय चटर्जी (75) को आय से अधिक संपत्ति के मामले में 3 साल की सजा और 2 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। जुर्माना नहीं भरने पर 6 माह अतिरिक्त सजा होगी। मामले में दिग्विजय की पत्नी भी आरोपी थी, लेकिन उनका निधन हो गया। सीबीआइ ने 2006 में मामला दर्ज किया था और 69 गवाहों की गवाही के आधार पर सजा हुई। दिग्विजय को 90 दिनों में उच्च न्यायालय में अपील करने की अनुमति है। वर्ष 2000 से 2005 के बीच रानीगंज हेड पोस्टऑफिस में भारी घोटाला हुआ था, जिसमें लगभग 200 करोड़ रुपये का घोटाला हुआ था। सीबीआइ ने एक दर्जन से अधिक मामले दर्ज किए और सभी मामलों पर सुनवाई जारी है। दो मामलों में आरोपियों को सजा भी हुई है। दिग्विजय चटर्जी के खिलाफ भी उस दौरान आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज हुआ था। उनके घर से एक डायरी बरामद हुई, जिससे इनका पूरा कच्चा चिट्ठा खुल गया। परिवार के सदस्यों के अलावा पोस्टऑफिस में अज्ञात व्यक्तियों के नाम से केवीपी और एनएससी की जानकारी मिली और सारे दस्तावेज बरामद हुए। 53 लाख रुपये से अधिक की बेनामी कागजात थे, जिनके नाम पर ये केवीपी और एनएससी थे, उन नामों का कोई आदमी ही मौजूद नहीं था।

### चिनाकुड़ी गोली कांडः गोपाल महतो गिरफ्तार पांच दिन की रिमांड पर भेजा

**बराकर ।** कुल्टी के नियामतपुर पुलिस ने चिनाकुड़ी में शुक्रवार को हुए गोली कांड में एक युवक गोपाल महतो को गिरफ्तार किया। गोपाल चिनाकुड़ी का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी को आसनसोल न्यायालय में पेश कर पांच दिन की रिमांड में लिया। घटना में कृष्णा नोनिया गंभीर रूप से घायल हुआ था और उसे आसनसोल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। घटना तृणमूल के जिला अध्यक्ष उज्ज्वल चटर्जी के घर के सामने हुई थी। घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। पुलिस ने आरोपी की पहचान करने के लिए सीसीटीवी फुटेज की जांच की और कई संदिग्धों से पूछताछ की। अंततः पुलिस ने गोपाल महतो को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गोपाल महतो पर गोली चलाने और हत्या की कोशिश का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर घटना के पीछे की वजह का पता लगाने की कोशिश कर रही है। फिलहाल कृष्णा नोनिया का इलाज आसनसोल जिला अस्पताल में जारी है। उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। घटना के बाद से इलाके में तनाव है और पुलिस ने सुरक्षा बढ़ा दी है।

# पत्नी की हथौड़े से हत्या मामले में फॉरेंसिक विभाग ने की जांच



**संवाददाता। रानीगंज**

रानीगंजः रानीगंज थाना के शिशु बागान क्षेत्र में एक पत्नी की हथौड़े से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। इस घटना की जांच करने के लिए फॉरेंसिक विभाग के विशेष जांच अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस अधिकारी के साथ मिलकर जांच की। जांच अधिकारियों ने घटनास्थल से नमूने एकत्र किए और आसपास के लोगों से बात की। इसके अलावा, इलाके के विभिन्न हिस्सों में वीडियो फोटोग्राफी के माध्यम से जानकारी एकत्र की। पुलिस ने बताया कि आरोपी पति गुड्डु शर्मा को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है, जिसने अपनी पत्नी शिल्पा शर्मा की हत्या करना कबूल किया है। लेकिन उसने हत्या के पीछे की वजह और मकसद के बारे में नहीं बताया। अब विशेष जांच टीम इस घटना की असली वजह की जांच कर रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि जांच के बाद ही हत्या के पीछे की असली वजह का पता चल पाएगा।

# सड़क मरम्मत की मांग पर 26 सितंबर को धरना प्रदर्शन

**संवाददाता। रानीगंज**

रानीगंज में दुर्गा पूजा से पहले सड़कों की खराब हालत को लेकर लोगों में भारी आक्रोश है। शहर की अधिकांश सड़कें खस्ताहाल हैं और कई स्थानों पर तो यह पहचानना मुश्किल है कि सड़क है या गड्ढे [1]। इस मुद्दे को लेकर रानीगंज सिटीजन फॉर्म ने लगातार विभागीय अधिकारियों से संपर्क किया, लेकिन कोई सुनवाई न होने के कारण उन्होंने 26 सितंबर को प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने के लिए रानीगंज बोरो कार्यालय के समीप 2 घंटे का शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है । इस धरना प्रदर्शन को लेकर रानीगंज सिटीजन फॉर्म के कार्यकारी अध्यक्ष गौतम घटक ने कहा कि रानीगंज के इतिहास में ऐसा आंदोलन पहली बार हो रहा है और शहर के सभी सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि इस आंदोलन में शामिल होंगे [1]। रानीगंज के लोगों का मानना है कि दुर्गा पूजा जैसे महत्वपूर्ण त्योहार से पहले सड़कों की मरम्मत करना आवश्यक है, ताकि लोगों को परेशानी न हो।

### ईसीएल ने 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत मेगा प्लांटेशन अभियान चलाया



**कनुस्तोड़िया ।** कुनुस्तोड़िया क्षेत्र के बांसड़ा साइडिंग में ईसीएल ने भारत सरकार के 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत मेगा प्लांटेशन अभियान चलाया। इस अभियान में सीएमडी श्री समीरन दत्ता के नेतृत्व में 2500 पौधे लगाए गए। इस अवसर पर स्वतंत्र निदेशक श्री शिव तपसी पासवान, निदेशक (वित्त/कार्मिक) मोहम्मद अंजार आलम और निदेशक (तकनीकी संचालन) नीलाद्री राय उपस्थित थे। सीएमडी समीरन दत्ता ने कहा कि यह अभियान पर्यावरण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को स्थापित करता है। उन्होंने सभी से अपील की कि वे इस अभियान से जुड़ें। इसके पहले बेलबाद साइडिंग के मिलिज गार्डेन में स्वामी विवेकानंद के स्टेच्यू का अनावरण सीएमडी समीरन दत्ता ने किया।



## राशिफल
आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** मंगल पराक्रम में कमी करेगा. साथ ही आत्मबल में वृद्धि होगी. भाई-बहनों के सहयोग का समय है. प्रसन्नता में वृद्धि होगी. प्रमाद न करें. रोजगार में वृद्धि होगी. मेहनत का फल भरपूर प्राप्त होगा. पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी.

**वृष** क्रोध और अति उत्साह से बचना चाहिए. कोई नया कार्य करने का योग है. निवेश शुभ रहेगा. नौकरी में कुछ प्रतिकूलता रह सकती है. व्यवसाय ठीक चलेगा. घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी. अतिथियों का आगमन होगा. उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी.

**मिथुन** बल और पराक्रम में वृद्धि होगी. दूसरों के झगड़ों में न पड़ें. परिवार के किसी सदस्य की चिंता रहेगी. व्यावसायिक यात्रा पूर्णतः सफल रहेगी. रोजगार में वृद्धि होगी. आय बढ़ेगी. भेंट व उपहार की प्राप्ति हो सकती है. निवेश शुभ रहेगा.

**कर्क** दिन थोड़ा ह्रास वाला होगा. साथ ही मानसिक तनाव रहेगा. अपनों से विवाद को बढ़ावा न दें. पुराना रोग उभर सकता है. आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है. अपरिचित व्यक्तियों पर अतिविश्वास न करें. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. अन्न जल का दान करें.

**सिंह** कोई छोटी यात्रा से लाभ होगा. उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे. उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे. निवेश शुभ रहेगा. झंझटों में न पड़ें. भाग्य का साथ मिलेगा. किसी से कोई बहस से बचें साथ ही प्रमाद से बचें. लाभ में वृद्धि होगी.

**कन्या** किसी पूज्य का आशीर्वाद मिलेगा. कार्य में सफलता मिलेगी. जिसका भविष्य में लाभ मिलेगा. घर-बाहर पूछ-परख रहेगी. स्वास्थ्य का पाया कमजोर रह सकता है. काम में मन लगेगा. जल्दबाजी से बचें. आय में वृद्धि होगी. गणेश जी का पूजन करें.

**तुला** कोर्ट व कचहरी के काम निबटेंगे. उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. जोखिम लेने का साहस कर पाएंगे. आपके कार्य के प्रभाव से आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं. उच्चाधिकारी के कोपभाजन बन सकते हैं. जल दान करें.

**वृश्चिक** किसी से विवाद हो सकता है. व्यापार से अच्छे लाभ का योग है. कुसंगति से हानि होगी. दूसरों से अपेक्षा न करें. जल्दबाजी से बाधा संभव है. चिंता तथा तनाव रहेंगे. व्यवसाय ठीक चलेगा. आय-व्यय बराबर रहेगा.

**धनु** समय उत्तम है. अपनो के सहयोग से लाभ होगा. जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा. राजकीय काम बनेंगे. प्रसन्नता रहेगी. निवेश शुभ रहेगा. यात्रा मनोरंजक रहेगी. नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं. प्रसन्नता रहेगी.

**मकर** यदि बहुत जरूरी नहीं हो तो उधार लेने से बचें. नौकरी में सामंजस्य बैठाएं. निवेश शुभ रहेगा. भ्रम की स्थिति बन सकती है. व्यवसाय ठीक चलेगा. धन प्राप्ति सुगम होगी. अपनों से बिगाड़ न करें. अन्न दान करें.

**कुंभ** संतान के कार्य पर ध्यान दे. परीक्षा का सुंदर परिणाम होगा. पिकनिक का आनंद मिलेगा. नौकरीपेशा विवेक से कार्य करें. लाभ होगा. बड़ों से मार्गदर्शन लें. घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी. मंदिर में दर्शन पूजन करें.

**मीन** सुख के सामान मिलेंगे, पर माता को कष्ट होगा. दूसरों से अपेक्षा दुःख का कारण बनेगा. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. व्यवसाय ठीक चलेगा. लाभ होगा. परिवार के किसी सदस्य की चिंता रहेगी. मंदिर में दीपक दान करें.

## पेज एक का शेष...

### खत्म हुए तीन कृषि कानून...

**क्या कहा कंगना रनौत ने :** कंगना रनौत ने मीडिया से बातचीत के दौरान अपना जुड़ाव किसान परिवार से बताया. उन्होंने कहा, किसानों के जो कानून हैं, जो वापस हो गए हैं, मुझे लगता है उन्हें फिर से लाने चाहिए. हो सकता है यह विवादित हो जाए, लेकिन मुझे लगता है कि किसानों के हितकारी कानून वापस आने चाहिए और किसानों को खुद इसकी मांग करनी चाहिए. ताकि हमारे किसान समृद्ध हो सकें. किसानों की समृद्धि में ब्रेक नहीं लगना चाहिए. देश के विकास में किसान मजबूती के मुख्य स्तंभ हैं. मैं चाहती हूं कि वे खुद अपील करें कि हमारे जो तीन कानून वापस ले लिए गए, उन्हें वापस लाया जाए. मैं हाथ जोड़ कर उनसे विनती करती हूं कि सब किसानों के हित को ध्यान में रख कर वे कानून वापस मांगें.

### जमीन घोटाले में चलेगा...

**हम सीएम के साथ खड़े हैं: शिवकुमार :** वहीं कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने कहा, मुख्यमंत्री द्वारा इस्तीफा देने का कोई सवाल ही नहीं है. उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है. वह किसी घोटाले में शामिल नहीं हैं. यह भाजपा द्वारा एक राजनीतिक साजिश है. हम उनके साथ खड़े हैं, हम उनका समर्थन करते हैं. वह देश, पार्टी और राज्य के लिए अच्छा काम कर रहे हैं. मंत्री रामलिंगा रेड्डी ने कहा, हमें कानून पर भरोसा है. हम इसका मुकाबला करेंगे. हम डबल बेंच, अन्य बेंच और सुप्रीम कोर्ट में (फैसले पर) सवाल उठाएंगे. हम मुख्यमंत्री के साथ खड़े हैं.

### आर्थिक मोर्चे पर खुशखबरी ...

ऐसे में आरबीआई द्वारा अक्टूबर में होने वाली एमपीसी की बैठक में ब्याज दरों को कम किया जा सकता है. हमें उम्मीद है कि चालू वित्त वर्ष में दो बार ब्याज दरों में कटौती हो सकती है. वैश्विक रेटिंग एजेंसी की ओर से 2024 के लिए चीन की विकास दर को 4.8 प्रतिशत से घटाकर 4.6 प्रतिशत कर दिया गया है. एसएंडपी का मानना है कि देश में प्रॉपर्टी सेक्टर में मंदी, कमजोर घेरलू मांग और नीति निर्माताओं द्वारा राजकोषीय नीति को सरल न बनाने के कारण चीन की अर्थव्यवस्था की विकास दर 2025 तक घटकर 4.3 प्रतिशत हो सकती है.

---

जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा में हुई गड़बड़ी की हो सीबीआई जांच

# साजिश का पता न चले इसलिए राज्य में बंद करा दिया इंटरनेट: बाबूलाल

प्रमुख संवाददाता। रांची

बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार के खिलाफ अपने तेवर और तल्ख कर लिए हैं. उन्होंने कहा कि बीजेपी प्रदेश कार्यालय में जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा के अभ्यर्थियों ने मुझसे मुलाकात की और परीक्षा में हुई साजिश से अवगत कराया. बाबूलाल ने ट्वीट में आगे लिखा है कि हेमंत सरकार ने इस बार जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा में चोरी कराने का नया तरीका ईजाद किया और पूरे राज्य में इंटरनेट बंद कर दी, ताकि किसी को इनकी साजिश का पता न चले.



पहले से ही प्रश्न सेट कर परीक्षा में चोरी कराने का तरीका खतरनाक

### एसएससी-सीजीएल के सवालों से खा रहे मेल

बाबूलाल ने आगे लिखा है कि दरअसल, इस जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा में जो प्रश्न आए हैं, वो पूर्व में हुई एसएससी-सीजीएल परीक्षा के प्रश्नों हुबहू मेल खा रहे हैं. जेएसएससी-सीजीएल रिजनिंग के 20 में 16 प्रश्न एसएससी-सीजीएल 2018-19 टियर 1 (7 जून 2019) से हूबहू मिलते पाए गए हैं. जेएसएससी-सीजीएल मैथ के 20 में 16 प्रश्न एसएससी संयुक्त स्नातक स्तर (टियर-2) सीबीटी परीक्षा(आठ अगस्त2022) से हूबहू मिलते पाए गए. यह बेहद ही संदेहास्पद है.

### पहले ही कर लिया गया सीटों का सौदा

बाबूलाल ने आगे लिखा है कि छात्रों को आशंका है कि नौकरी बेचने वाली हेमंत सरकार ने पहले से ही जेएसएससी-सीजीएल की सीटों का सौदा कर लिया है और अपने चहेतों को संबंधित प्रश्नों के उत्तर रटवा दिया है। जब झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के पास प्रश्न तैयार करने का समय नहीं था, तो फिर हड़बड़ी में परीक्षा करा के छात्रों का भविष्य क्यों बर्बाद किया.

जनवरी में हुई जेएसएससी परीक्षा के पेपर लीक के बाद, पहले से ही प्रश्न सेट कर परीक्षा में चोरी कराने का ये तरीका खतरनाक है. सीट बेचने की साजिश बार-बार बेनकाब होने के बावजूद हेमंत सरकार द्वारा युवाओं को धोखा देने की मानसिकता खतरनाक है. जनता अब इंटरनेट बंदी के पीछे का सारा खेल समझ चुकी है. सरकार युवाओं की मांग का संज्ञान लेकर अविलंब जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा में हुई गड़बड़ी की सीबीआई जांच कराए.

### सरकार दलित और आदिवासियों का खा रही हक

झामुमो कांग्रेस की सरकार झारखंड के गरीब, दलित और आदिवासियों का हक़ खा रही है. कांग्रेस पार्टी के नेताओं के घर से नोटों के ढेर बरामद हो रहे हैं. ऐसी भ्रष्ट, लुटेरी झामुमो कांग्रेस को सत्ता से बेदखल कर के ही झारखंड का भविष्य सुरक्षित रखा जा सकता है.

---

लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी दो गुटों में बंटी नजर आई

# कांग्रेस की बैठक में हो-हंगामा, जमकर नारेबाजी

संवाददाता। लोहरदगा

आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार लोहरदगा विस क्षेत्र में उम्मीदवारों के बारे में विस्तृत जानकारी इकट्ठा करने के लिए प्रतिनियुक्ति पर्यवेक्षक भीम कुमार लोहरदगा जिला कांग्रेस कार्यालय पहुंचे. वहां पर लोहरदगा विधानसभा चुनाव को लेकर बारी-बारी से कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से रायशुमारी ली. यहां पर प्रवेक्षक की मौजूदगी में लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी दो गुटों में बंटी हुई नजर आई और दोनों गुट के कार्यकर्ता एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते हुए दिखाई दिए.

इस बीच बैठक के दौरान काफी हो-हंगामा और जमकर नारेबाजी भी की गई, जहां पर सांसद सुखदेव भगत के द्वारा मुखर होकर स्थानीय प्रत्याशी की मांग रखी. सांसद सुखदेव भगत ने अपने संबोधन में कहा कि लोहरदगा विधानसभा सीट को बाहरी लोगों के द्वारा चारागाह बना दिया गया है, जो अब बिल्कुल भी बर्दाश्त करने लायक नहीं है. उन्होंने साफ लहजे में कहा कि लोहरदगा विधानसभा चुनाव में स्थानीय लोगों को ही तरजीह दी जानी चाहिए, जिससे लोहरदगा में कांग्रेस पार्टी की साख भविष्य में मजबूत बनी रहे, सांसद सुखदेव भगत ने स्थानीय कार्यकर्ता को आगामी विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार बनाए जाने की मांग राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी और सोनिया गांधी से मुलाकात कर रखे जाने की बात कही. वहीं बैठक में वर्तमान विधायक सह सूबे के मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि आलाकमान के निर्णय और फैसले का स्वागत किया जाएगा. उन्होंने कहा कि लोहरदगा विधानसभा सीट पर पार्टी की ओर से जिन्हें भी टिकट देगी उसे सहर्ष स्वीकार किया जाएगा. यहां पर बता दें कि कांग्रेस पार्टी के टिकट से लोहरदगा विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने हेतु कुल 10 उम्मीदवारों की सूची हाई कमान को भेजा गया है, जिसमें वर्तमान विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, जिलाध्यक्ष सुखेर भगत, युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सह ओडिशा प्रभारी अभिनव सिद्धार्थ भगत, पूर्व डीसी सह कांग्रेसी नेता दिलीप कुमार टोप्पो, जगदीप भगत, युवा जिलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग, पेशरार प्रखंड कांग्रेस कमेटी के प्रखंड अध्यक्ष विनोद सिंह खेरवार, जिप अध्यक्ष रीना कुमारी, रमा खलखो, प्रभात भगत शामिल हैं. यहां पर पार्टी की ओर से प्रखंड स्तर पर प्रवेक्षक प्रतिनियुक्त कर बैठक कर कार्यकर्ताओं से बातचीत की जा चुकी है. अब ऐसे में सर्वे और समीक्षा के बाद आलाकमान कौन कार्यकर्ता को लोहरदगा विधानसभा सीट पर उतारता है, यह कुछ दिन बाद लोहरदगा की जनता के बीच इसका परिणाम स्पष्ट हो जाएगा.

इधर पहली पाली में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर भीम कुमार द्वारा की गई समीक्षा. वहीं द्वितीय पाली में अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के केंद्रीय निर्देशानुसार प्रतिनियुक्त किए गए ओडिशा में मंत्री रहे अमरजीत भगत ने लोहरदगा पहुंचकर जिला कार्यालय में कार्यकर्तागण से बैठक की और विस्तृत जानकारी प्राप्त की. उल्लेखनीय है कि जिलाध्यक्ष सुखेर भगत के अध्यक्षता में आयोजित रामशुमारी बैठक में आगामी होने वाले विधानसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं की भावना को जानना है. उसके बारे में बारीकी से जानने के लिए केंद्र से अमरजीत भगत और प्रदेश से भीम कुमार को पर्यवेक्षक प्रतिनियुक्त कर भेजा गया था. बैठक जैसे ही प्रारंभ हुआ, मौके पर मौजूद कार्यकर्ताओं द्वारा स्थानीय उम्मीदवार को लोहरदगा विधानसभा का प्रत्याशी बनाने की मांग की. बैठक में बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्तागण मौजूद थे.



लोहरदगा में मंच पर मौजूद मंत्री रामेश्वर उरांव, सांसद सुखदेव भगत व अन्य नेतागण.



कांग्रेस की बैठक में बैठे नेताओं के समर्थक, जिन्होंने हो हंगामा किया.

- **कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाया**
- लोहरदगा विस चुनाव को लेकर कांग्रेस पर्यवेक्षकों ने पार्टी कार्यालय में बैठक कर ली जानकारी
- **लोहरदगा को चारागाह नहीं बनने दिया जाएगा : सुखदेव भगत**
- आलाकमान के फैसले को सहर्ष स्वीकार किया जाएगा : डॉ. रामेश्वर उरांव

---

# जेएसएससी सीजीएल परीक्षा धांधली पर युवाओं का विरोध

- सरकार राज्य के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है : हर्ष अजमेरा

संवाददाता। हजारीबाग

शहर के जैक एंड जिल स्कूल में आयोजित जेएसएससी सीजीएल प्रतियोगिता परीक्षा में खोरठा पेपर लीक होने का आरोप अभ्यर्थियों ने लगाया है. कहा कि प्रश्न पत्र के सील टूटे हुए थे. कहा कि खोरठा पेपर का बुकलेट ऊपर से सील था और जब उसे खोला गया तो अंदर का सील टूटा मिला. अभ्यर्थियों के मुताबिक ऑब्जर्वर ने उनकी शिकायत पर ध्यान देने की बजाय कह दिया कि हंगामा करने वालों पर कार्रवाई हो सकती है. परीक्षा संपन्न होने के बाद बाहर आए अभ्यर्थियों ने परीक्षा कैंसिल किये जाने की मांग की. कहा कि रूम नंबर 9 और 13 में यह मामला हुआ है. अभ्यर्थी ने यह भी बताया कि उसके मोबाइल पर लगभग 6:31 में खोरठा पेपर मोबाइल पर पोस्ट किया था. इसके बाद परीक्षा देने के बाद उसे पेपर को मिले तो वही क्वेश्चन पेपर था, जो परीक्षा में आया था. वहीं, बहुत मंगलवार को सैकड़ों छात्रों ने शहर के विभिन्न जगहों पर आक्रोशित रैली निकालकर परीक्षा का विरोध किया है. वहीं समाजसेवी सह भाजपा नेता हर्ष अजमेर ने भी विरोध करते हुए कहा है कि सरकार छात्रों के भविष्य खिलवाड़ कर रही है. इधर विद्यार्थियों ने भी पेपर लीक मामले को लेकर हंगामा करने की बात कही है.

**नेता प्रतिपक्ष ने किया पोस्ट :** इन सब के बीच नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाहरी ने सोशल मीडिया एक्स पर किये अपने पोस्ट में लिखा कि परीक्षा में अनियमितता की सूचना मिली है. लिखा कि पांच लाख से अधिक छात्रों के भविष्य से जुड़ा यह मामल बेहद संवेदशील है. श्री बाउरी ने लिखा कि छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ नहीं होना चाहिए और मुख्यमंत्री को इस मामले में संज्ञान लेना चाहिए.



जेएसएससी परीक्षा में पेपर लीक को लेकर विरोध-प्रदर्शन करते अभ्यर्थी.

### बलात्कार के आरोपी को उम्रकैद की सजा

**लातेहार।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय की अदालत ने सत्रवाद 69/ 2020 की सुनवाई करते हुए अभियुक्त वीरेंद्र भुइंया को बलात्कार का दोषी पाया. अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा है कि यह मामला अति गंभीर है. प्रभारी लोक अभियोजक अशोक कुमार दास के अनुसार गत 26 अप्रैल 2020 को सूचिका के बयान पर यह मामला दर्ज किया गया था. सूचिका ने बताया था कि आरोपी वीरेंद्र उसकी बेटी के साथ बलात्कार किया था और गर्भवती होने पर उसे कीटनाशक दवा खिला दी थी, जिससे उसकी बेटी व गर्भ में पल रहे बच्चे की मौत हो गई थी. अदालत ने मामले में भादवि की धारा 376 ( 2) एन, 314 व 328 के तहत आरोप गठन किया था. अभियोजन की ओर से कुल सात गवाहों को पेश किया गया.

कांग्रेसियों की मांग

### जीतने वाले को मिले टिकट

संवाददाता। मेदिनीनगर

पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी व सदस्यों की बैठक मंगलवार को जिला कांग्रेस भवन में हुई. बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस जिलाध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक व संचालन महानगर अध्यक्ष राजेश चौरसिया ने किया. बैठक में मुक्त रूप से पलामू के पर्यवेक्षक विनय सिन्हा उर्फ दीपू उपस्थित थे. बैठक में आगामी झारखंड विस चुनाव को लेकर चर्चा हुई. पार्टी पदाधिकारी ने एक स्वर में इस बार के चुनाव में जीतने वाले व्यक्ति को टिकट देने की मांग की. पार्टी पदाधिकारियों ने कहा कि सिर्फ चुनाव लड़ने के लिए पार्टी में बने व्यक्ति को चिन्हित किया जाए. टिकट वितरण के दौरान यह भी देखा जाए कि मोदी व केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ पार्टी जब संघर्ष कर रही थी, तब हल्ला बोल, धरना प्रदर्शन व पदयात्रा कौन-कौन नेता शामिल रहे. मुख्य अतिथि विनय सिन्हा ने कहा कि निश्चित रूप से कार्यकर्ताओं की भावनाओं को प्रदेश नेतृत्व तक रखूंगा. संगठन इस बार ग्रास रूट से विधानसभा के उम्मीदवारों की सूची मांगी है. उसी क्रम में सभी प्रखंडों से भी सूची प्राप्त हो रहा है. यह भी देखा जाएगा कि पार्टी के संघर्ष में कितना योगदान कौन दिया है. बैठक में प्रदेश महासचिव चंद्रशेखर शुक्ला, पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह, विमला कुमारी, रामाशीष पांडे, लक्ष्मी नारायण तिवारी, सज्जाद खान, ओम प्रकाश अमन, विनोद तिवारी, पूर्णिमा पांडे, शमीम अहमद राइन, सत्यानंद दुबे, शंकर पांडे, जितेंद्र कमलापुरी, सतनारायण तिवारी, सत्येंद्र सिंह, नफीस खान, नसीम खान, रिजवान खान, शैलेश चंद्रवंशी, सुधीर चंद्रवंशी, डॉ कृष्णमणि दुबे आदि उपस्थित थे.

---

# 28 को चतरा में राजद का सम्मेलन

- राजद के कार्यकर्ता सम्मेलन में जुटेंगे पार्टी के दिग्गज नेता

संवाददाता। रांची

28 सितंबर को चतरा एवं 29 सितंबर को पलामू में राजद का कार्यकर्ता सम्मेलन होगा. कार्यक्रम को सफल एवं ऐतिहासिक बनाने के लिए स्वयं प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव मॉनिटरिंग कर रहे हैं. प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने बताया कि राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव काफी निकट आ गया है और संभावना है कि चुनाव आयोग द्वारा अगले माह में आदर्श आचार संहिता लागू करी जा सकती है.

राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए 10 अगस्त से ही सभी जिलों में पार्टी नेताओं द्वारा कार्यकर्ताओं के बीच संवाद कार्यक्रम किया जा रहा है. पूर्व तय घोषित कार्यक्रम के तहत 28 को चतरा एवं 29 को पलामू में कार्यकर्ता सम्मेलन होगा. कार्यक्रम में राजद के कई बड़े राष्ट्रीय नेता मौजूद रहेंगे. इनमें झारखंड प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव, विधान परिषद सह राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी, राष्ट्रीय महासचिव भोला प्रसाद यादव, जहानाबाद सांसद सुरेंद्र प्रसाद यादव, औरंगाबाद सांसद अवधेश कुशवाहा, श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव, प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव, पूर्व मंत्री सुरेश पासवान समेत प्रदेश संगठन के अनेक नेता शामिल होंगे.

**चुनावी मुहिम में संकल्प के साथ जुटने का निर्देश:** कार्यकर्ता सम्मेलन में उपस्थित सभी मुख्य नेताओं द्वारा राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव एवं बिहार में नेता विपक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव के संदेश को बताया जायेगा. पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को चुनावी मुहिम में संकल्प के साथ जुटने के साथ जरूरी दिशा-निर्देश भी दिये जाएंगे.

---

# समाहरणालय में धरने पर बैठा पूरा परिवार

संवाददाता। लातेहार

मगलवार को समाहरणालय में उस समय असमंजस की स्थिति हो गई, जब बरवाडीह प्रखंड के बेतला ग्राम निवासी राजेश्वर मिस्त्री अपने पूरे परिवार के साथ समाहरणायल के मुख्य द्वार पर धरना पर बैठ गये.

तैनात महिला पुलिस कर्मियों ने धरने पर बैठे परिवार को हटने की बात कही तो पूरा परिवार उपायुक्त से मिलने की मांग पर अड़ गया. राजेशवर मिस्त्री ने बताया कि उनके पिता स्व तपेशवर मिस्त्री के द्वारा निबंधित केवाला संख्या 345 के माध्यम से 28 जनवरी 1957 मे बाबू तुलसी सिंह व बाबू जंग बहादुर सिंह से बेतला गांव मे पुराना खाता और प्लॉट संख्या कुल तीन एकड़ 38 डिसमिल जमीन क्रय किया था. जमीन खरीदने के बाद जमीन पर कब्जा कर लिया गया. आगे बताया कि पिता की मृत्यु के बाद उस जमीन के कुछ हिस्सो में मकान बनाकर सब परिवार रहने लगे.

पिता की खरीदगी जमीन का अभी नया सर्वे में खाता प्लॉट संख्या बदल गया, जिसके खतियान मे स्व तपेशवर मिस्त्री एवं कृष्णा मिस्त्री का दर्ज हो गया. आगे बताया कि कृष्णा मिस्त्री का पुत्र राजदेव विश्कर्मा के उनकी जमीन का गलत वंशावली बनाकर पोखरी निवासी हेसामुल अंसारी पिता मुमताज अली के नाम पर बेच दिया गया. जबकि हेसामुल अंसारी के द्वारा म्यूटेशन कराने के दौरान उनके द्वारा बार-बार आपत्ति देने के बाद भी बरवाडीह अंचल कार्यालय ने एक पक्षीय कार्रवाई कर दी है. आगे बताया कि पहले भी उपायुक्त को इस मामले मे आवेदन दिया था. लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नही हुई है. उन्होंने कहा कि इस मामले में उचित कार्रवाई नहीं हुई तो पूरे परिवार के साथ सड़क पर उतर कर आंदोलन करेंगे.



मांग पत्र दिखाता धरने पर बैठा परिवार.

---

**अनुसंधान** झारखंड में भ्रष्टाचार की जड़ें हुईं बहुत गहरी, एक के बाद एक मामले आते रहे सामने

# हाईकोर्ट के आदेश पर पांच बड़े मामलों को टेकओवर कर जांच कर रही सीबीआई

सौरभ सिंह। रांची

झारखंड हाईकोर्ट के आदेश पर सीबीआई पांच बड़े मामलों को टेकओवर कर जांच कर रही है. सीबीआई ने इन पांच बड़े मामलों की जांच फरवरी 2021 से 24 सितंबर 2024 (साढ़े तीन साल) के बीच टेकओवर किया है. हालांकि विधानसभा नियुक्ति घोटाला मामले में झारखंड हाईकोर्ट ने 23 सितंबर को सीबीआई जांच का आदेश दिया है. ऐसे में सीबीआई आने वाले कुछ दिनों में इस मामले को भी टेकओवर कर जांच शुरू करेगी.

### साढ़े तीन साल में पांच बड़े मामलों की जांच शुरू

झारखंड हाईकोर्ट ने सितंबर 2021 को साहिबगंज की महिला थाना प्रभारी रूपा तिर्की की मौत की जांच सीबीआई से कराने का आदेश दिया था. मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा कि यह रेयरेस्ट ऑफ दे रेयर और सीबीआई के लिए फिट केस है. कोर्ट ने तुरंत केस को सीबीआई को सौंपने का आदेश दिया था. बता दें कि 3 मई 2021 को रूपा तिर्की का शव फांसी के फंदे से लटका हुआ मिला था.

- रांची के अरगोड़ा थाना क्षेत्र में 25 जुलाई 2016 को डीपीएस के छात्र अंतरिक्ष शनिग्रहि की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गयी थी. हाईकोर्ट के आदेश के बाद फरवरी 2021 में सीबीआई की पटना शाखा ने अरगोड़ा थाना में दर्ज केस को टेकओवर किया था.
- हाईकोर्ट ने सात जुलाई 2022 को राजधानी रांची के सफायर स्कूल में छात्र विनय महतो की हत्या की जांच सीबीआई को करने का आदेश दिया था. झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस एसके द्विवेदी की अदालत ने आदेश दे दिया था. कोर्ट ने आठ माह के भीतर जांच की रिपोर्ट सौंपने को कहा था. बता दें कि 2016 में छात्र विनय का शव स्कूल के टीचर्स हॉस्टल में खून से लथपथ मिला था.
- अवैध खनन केस में ईडी के गवाह और साहिबगंज के रहने वाले विजय हांसदा की जनहित याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई थी. सुनवाई के बाद अदालत ने 18 अगस्त 2023 को साहिबगंज के जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र स्थित निम्बू पहाड़ समेत अन्य इलाकों में हुए अवैध खनन की जांच सीबीआई से कराने का आदेश दिया है. हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि इस मामले की जांच सीबीआई करे.
- झारखंड हाईकोर्ट ने 23 सितंबर को विधानसभा नियुक्ति घोटाले की सीबीआई जांच के आदेश दिये हैं. एक्टिंग चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस एके राय की अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाया. कोर्ट ने इस मामले को सीबीआई जांच के लिए पूरी तरह फिट बताया. साथ ही इससे जुड़े सभी दस्तावेज केंद्रीय जांच एजेंसी को सौंपने का निर्देश भी दिया.



---

# सांसद खेल महोत्सव के तहत नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

संवाददाता। रामगढ़

नया नगर बरकाकाना सीसीएल ग्राउंड में सांसद खेल महोत्सव के तहत नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का आयोजन युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष कुश श्रीवास्तव के नेतृत्व में हुआ. अतिथि के रूप में जिला महामंत्री विजय जायसवाल ,युवा नेता राजीव जायसवाल ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश प्रसाद, जिला मंत्री दिलीप सिंह ,अनमोल सिंह, जिला मीडिया प्रभारी भीम सैन चौहान, सोशल मीडिया प्रभारी संतोष शर्मा जी, महिला नेत्री रूप देवी, रामगढ़ ग्रामीण मंडल के महामंत्री ललन सिंह की वार्ड पार्षद उपस्थित थे. टूर्नामेंट में 18 टीमों ने भाग लिया. खेल का फाइनल मैच 29 सितंबर को किया जाएगा. इसमें हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल के द्वारा उनको ट्रॉफी दी जाएगी. टूर्नामेंट में अजीत गुप्ता,बिनोद सोनी,धीरज, अमित बेदिया, आकाश सिंह, अमृत, गोपाल , बदल, विक्की महतो, बबलू, धनंजय, बृज किशोर, मुन्ना महतो, रिकी, शिवम कुमार, अभिषेक महतो, किशलय सिंह, वासु आदि लोग सहयोग कर रहे हैं.



## बच्चों की अस्मिता के पक्ष में

सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास हाईकोर्ट के फैसले को पलटते हुए साफ कर दिया कि बच्चों से जुड़ी अश्लील फिल्मों को डाउनलोड करना, स्टोर करना, देखना व प्रसारित करना पॉक्सो व आईटी एक्ट के अंतर्गत अपराध है. मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय बेंच के सदस्यों न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला व न्यायमूर्ति मनोज मिश्र ने देश को साफ संदेश दे दिया कि बच्चों पर बने अश्लील कंटेंट की स्टोरेज करना, डिलीट न करना तथा इसकी शिकायत न करना, इस बात का संकेत है कि उसे प्रसारित करने की नीयत से स्टोर किया गया है. साथ ही मद्रास हाईकोर्ट के उस फैसले को रद्द किया, जिसमें कहा गया था ऐसे कंटेंट को डाउनलोड करना, देखना अपराध नहीं है, जब तक कि इसे प्रसारित करने की नीयत न हो. शीर्ष अदालत ने उस फैसले को रद्द करके केस वापस सेशन कोर्ट को भेज दिया. इतना ही नहीं शीर्ष अदालत ने निर्देश दिया कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी शब्द को हटाकर इसकी जगह चाइल्ड सेक्सुअल एक्सप्लोएटेटिव एवं एब्यूसिव मैटेरियल शब्द का प्रयोग किया जाए. कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा कि वह अध्यादेश लाकर इसमें बदलाव करे. यहां तक कि अदालतें भी इस शब्द का प्रयोग न करें. साथ ही पॉक्सो एक्ट में इस शब्द को लेकर बदलाव किया जाए. कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसले में दलील दी कि नया शब्द ठीक से बताएगा कि यह महज अश्लील सामग्री ही नहीं है, बच्चे के साथ हुई वीभत्स घटना का एक रिकॉर्ड भी है. वह घटना जिसमें बच्चे का यौन शोषण हुआ है. या फिर ऐसे शोषण को वीडियो में दर्शाया गया है. अदालत ने गंभीर टिप्पणी करते हुए कहा कि यौन शोषण के बाद पीड़ित बच्चों के वीडियो, फोटोग्राफ और रिकॉर्डिंग के जरिये शोषण की शृंखला आगे चलती है. दुर्भाग्य से यह सामग्री इंटरनेट पर मौजूद रहती है. दरअसल, कोर्ट ने व्याख्या की कि ऐसी सामग्री से बच्चों का निरंतर भयादोहन किया जाता है. यह सामग्री लंबे समय तक बच्चों को नुकसान पहुंचाती है. जब इस तरह की सामग्री प्रसारित की जाती है तो पीड़ित बच्चे की मर्यादा का बार-बार उल्लंघन होता है. मौलिक अधिकारों का हनन होता है. समाज के एक जिम्मेदार नागरिक के तौर पर हमारी भूमिका ऐसी यौन कुंठित मानसिकता का प्रतिकार करने की होनी चाहिए. यह कृत्य समाज में नैतिक पतन की पराकाष्ठा को भी दर्शाता है. उल्लेखनीय है कि बीते वर्ष सितंबर माह में केरल हाईकोर्ट ने भी अपने एक फैसले में अश्लील फोटो-वीडियो देखने को अपराध नहीं माना था. लेकिन इसे प्रसारित करने को गैरकानूनी माना था. इसी फैसले के आलोक में मद्रास हाईकोर्ट ने एक आरोपी को अपराधमुक्त किया था. इस फैसले के खिलाफ फरीदाबाद के स्वयं सेवी संगठन जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन अलायंस और बाल अधिकारों के लिये सक्रिय नोबेल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी द्वारा स्थापित संगठन बचपन बचाओ आंदोलन ने शीर्ष अदालत में याचिका दायर करके कोर्ट का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर खींचा था.

> दरअसल, कोर्ट ने व्याख्या की कि ऐसी सामग्री से बच्चों का निरंतर भयादोहन किया जाता है. यह सामग्री लंबे समय तक बच्चों को नुकसान पहुंचाती है. जब इस तरह की सामग्री प्रसारित की जाती है तो पीड़ित बच्चे की मर्यादा का बार-बार उल्लंघन होता है. मौलिक अधिकारों का हनन होता है.

### सुभाषित

**पातितोऽपि कराघातै- रुत्पतत्येव कन्दुकः।**
**प्रायेण साधुवृत्तानाम- स्थायिन्यो विपत्तयः ॥**


हाथ से पटकी हुई गेंद भी भूमि पर गिरने के बाद ऊपर की ओर उठती है, सज्जनों का बुरा समय अधिकतर थोड़े समय के लिए ही होता है. इसलिए यदि समय प्रतिकूल हो जाये तो धैर्य का त्याग नहीं करना चाहिए. कविवर रहीम ने भी कहा है-साईं चुप ह्वै बैठिए देखि दिनन का फेर, जब नीके दिन आइहें बनत न लगिहें देर.

# क्योंकि 'राजा' को मूड हो गया!

**बीते 15 अगस्त को लाल किले के अपने भाषण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'एक देश, एक चुनाव' का जिक्र करते हुए कहा था, इसके लिए देश को आगे आना होगा. कैसे? इसके लिए आपने क्या पहल की? उसी भाषण में उनके यह कहने का क्या अर्थ हुआ कि 'सभी राजनीतिक दलों ने अपने विचार रखे हैं' ? कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, आम आदमी पार्टी, सीपीएम और बसपा समेत 15 पार्टियां, यानी सभी प्रमुख विपक्षी दल विरोध में हैं.**



• देश-काल



श्रीनिवास

सुनने और सोचने में जितना भी अच्छा लगे, लेकिन लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ करने का विचार/सुझाव पूरी तरह अव्यावहारिक और अलोकतांत्रिक है. यदि ऐसा किया गया तो इसका मतलब यह होगा कि किसी राज्य की गठबंधन सरकार के किसी घटक के अलग हो जाने या एक दल का बहुमत होने पर भी सत्तारूढ़ दल में टूट हो जाने पर सरकार अल्पमत में आ गयी, तब भी या तो वहां अगले चुनाव तक अल्पमत सरकार शासन करती रहेगी या फिर वहां केंद्रीय शासन लगा दिया जायेगा. क्या यह लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुकूल होगा? और यदि केंद्र सरकार ही अल्पमत में आ जाये तो? केंद्र में राष्ट्रपति शासन का कोई प्रावधान तो है नहीं. तो क्या अल्पमत सरकार ही अगले चुनाव तक कायम रहेगी? किसी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश करते समय विपक्ष को 'वैकल्पिक सरकार कैसे बनेगी', यह बताना होगा, जैसा तर्क भी बेतुका ही है. मान लीजिये, विपक्षी दलों में ऐसी एकता नहीं है कि वे मिल कर सरकार बना सकें, तब भी क्या एक अल्पमत सरकार का शासन चलता रहेगा? संसद में बिना बहुमत के वह सरकार काम कैसे करेगी? क्या यह प्रावधान कर दिया जायेगा कि सरकार को कोई नया कानून बनाने, बजट पारित कराने के लिए बहुमत की जरूरत ही नहीं है? फिर लोकतंत्र की अहम शर्त 'बहुमत का शासन' का क्या होगा? इसके पक्ष में एक सबसे मजबूत तर्क यह दिया जाता है कि बारबार चुनाव होने से विकास बाधित होता है और लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ होने से देश तरक्की करता है. भाजपा भी यही कहती है- तो उसे यह भी मानना चाहिए कि आजादी के बाद 20 वर्षों तक देश ने बहुत तरक्की की. इसलिए कि तब पूरे देश में कांग्रेस का एकछत्र शासन था, हर जगह 'डबल इंजन' सरकार थी. बीच अवधि में विधानसभा भंग होने, मिलीजुली सरकार बनने, मध्यावधि चुनाव का खेल तो 1967 में शुरू हुआ. तो भाजपा को कहना चाहिए कि देखिये- एक देश, एक चुनाव होता था, तो देश ने कितनी प्रगति की; और उसके बाद देश कैसे पीछे चला गया. बार-बार चुनाव होने से विकास की गति यदि रुकती है तो सरकार ही दावा करती है कि पिछले 10 वर्षों से देश लगातार आगे बढ़ रहा है- जीडीपी बढ़ गया, हमारी इकोनॉमी इतने लाख करोड़ की हो गयी कि हम विश्व गुरु बनने ही वाले हैं! तो क्या फर्क पड़ा एक साथ चुनाव नहीं होने से, विकास में कहां बाधा आयी?
वैसे भी क्या संविधान निर्माताओं को यह अनुमान नहीं था कि विभिन्न कारणों से कोई सरकार अल्पमत में आ सकती है, विधानसभा या संसद का कार्यकाल पूरा होने से पहले भंग करने, फिर से चुनाव की स्थिति आ सकती है? तभी तो विधानसभा को भंग करने के प्रावधान किये गये! फिर चुनाव होने तक सम्बद्ध राज्य में केंद्रीय शासन लगाने का. हां, देश बिना सरकार के नहीं चल सकती तो संसद भंग होने की स्थिति में पिछली सरकार, जो भले ही अल्पमत में आ गयी हो, चुनाव होने तक केंद्र में कार्यवाहक सरकार के रूप में काम करती रहती है. मगर किसी राज्य को किसी सनक के कारण दो-तीन साल तक बिना निर्वाचित सरकार के, केंद्र के अधीन रख देना, या अल्पमत सरकार को जारी रखना लोकतंत्र का मजाक ही होगा. बीते 15 अगस्त को लाल किले के अपने भाषण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'एक देश, एक चुनाव' का जिक्र करते हुए कहा था, इसके लिए देश को आगे आना होगा. कैसे? इसके लिए आपने क्या पहल की? उसी भाषण में उनके यह कहने का क्या अर्थ हुआ कि 'सभी राजनीतिक दलों ने अपने विचार रखे हैं' ? कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, आम आदमी पार्टी, सीपीएम और बसपा समेत 15 पार्टियां, यानी सभी प्रमुख विपक्षी दल विरोध में हैं. जाहिर है, सत्तारूढ़ गठबंधन एनडीए में शामिल दल पक्ष में हैं. मगर विपक्ष की अनदेखी कर इतना बड़ा फैसला करना उचित होगा?
एक जिज्ञासा यह भी है कि जिस समिति ने यह सुझाव दिया है, उसमें कौन लोग थे? विपक्ष के कितने और निर्विवाद रूप से निष्पक्ष और संविधान के जानकार कितने? बताया गया कि समिति ने 62 राजनीतिक दलों से संपर्क कर उनसे राय ली थी. सूचना है कि इन दलों में से 32 ने एक देश, एक चुनाव का समर्थन किया था. 15 पार्टियां इसका विरोध कर रही थी. 15 पार्टियां ने कोई जवाब नहीं दिया था. 15 ने विरोध किया, 15 ने जवाब नहीं दिया, तो समर्थन करनेवाले 32 दल कौन हैं? उनके कितने सांसद हैं? पिछले संसदीय चुनाव में उनको कुल कितने प्रतिशत मत मिले? एक या दो सांसदों वाले दलों को गिन कर 32 बता दिया? यही है देश को साथ और भरोसे मेँ लेकर चलने का तरीका? संसदीय चुनाव में झटका लगने, 'चार सौ पार' की हवा निकलने और 'मोदी की गारंटी' कामयाब नहीं होने के बाद भी मोदी जी यह दिखाना चाह रहे हैं कि कुछ नहीं बदला है! एक साथ चुनाव को कैबिनेट की मंजूरी का एक कारण यह भी लगता है! विधानसभा और संसद पांच वर्ष के लिए गठित होती है. यदि सरकार बहुमत खो दे और वैकल्पिक सरकार बनने की सूरत न हो, तब चुनाव कराये जाते हैं- विधानसभा भंग होने के अधिकतम छह माह के अंदर. अब आप उसे बढ़ा कर दो से तीन वर्ष कर देंगे! उतनी अवधि तक विधानसभा मृत/स्थगित रहेगी, इसलिए कि राजा को मूड हो गया! जैसे नोटबंदी करने का हो गया था! वैसे यह महज मूड की बात नहीं है. **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

• बोधि-वृक्ष | डॉ. मयंक मुरारी



## परम गुरुत्व केंद्र की ओर

जीवन के रूप में ऊर्जा स्वतंत्र है कि वह अपने परम गुरुत्व केंद्र की ओर जाए, या इस अनंत अस्तित्व में भटकता रहे. जीवन यानी ऊर्जा को उस अस्तित्व के केंद्र में प्रस्थापित करना. उस ईश्वर में विसर्जित करना ही हमारा अंतिम और एकमेव लक्ष्य है. अब यह प्रज्ञा पर निर्भर करता है, कि इसके लिए वह प्रयास करता है या उस ईश्वर पर, जो दूर चले गये जीवन को अपनी ओर मोड़ता है. अस्तित्व का केंद्र अंततः सभी को वापस अपनी ओर लाएगा, लेकिन इसकी कालसीमा कल्पनातीत होगी. जीवन में जिस प्रकार अपने मूल केंद्र की ओर जाने का आकर्षण और विकर्षण के अवसर आते हैं. ठीक उसी प्रकार अस्तित्व के केंद्र से दूर जाने यानी उत्सर्जन और केंद्र की ओर आने यानी विसर्जन की प्रक्रिया लगातार चलती रहती है. इस कारण वैज्ञानिक खोज में आता है कि ब्रह्मांड का विस्तार होते जा रहा है. अस्तित्व के केंद्र यानी ईश्वर से दूर जाने के साथ ही ईश्वर की ओर वापस आने की क्रिया शुरू हो जाती है. सृष्टि में ईश्वरीय इच्छा या विचार ही स्थूल रूप धारण किए. इसके बाद विसर्जन शुरू हो गया. अस्तित्व की केंद्रीय शक्ति सबसे पहले पत्थर, खनिज जैसे निष्क्रिय तत्वों में व्यक्त होती है. उन तत्वों से बहुमूल्य रत्न, तैलीय पदार्थ का रूपांतरण उस अस्तित्व के आकर्षण का परिणाम है, जिसमें विजर्सन की क्रिया होती है. ईश्वर की इच्छा इसके बाद पेड़-पौधांे की संवेदनशीलता में क्रियाशील होती है. पशु और पक्षी के जगत में संवेदना के साथ भाव का गुण आता है. इसके बाद मानव में विवेक, चित्त, प्रज्ञा और आंतरिक शक्ति के रूप में अस्तित्व का गुरूत्वाकर्षण बल मिलता है, जो हमारे जीवन यानी ऊर्जा को परम केंद्र की ओर जाने का साधन है. जीवन सदैव विकसित होने और इसके लिए अवसर देने से जुड़ा है. जीवन केवल जानवर, मानव और वनस्पति जगत में ही नहीं होता है. बल्कि यह जीवन निर्जीव लगने वाले पत्थर, खनिज पदार्थों और अदृश्य पदार्थों की काया में भी होता है. ठीक इसी प्रकार मानव भी विकास का अंतिम सोपान नहीं है. मानव की विकास यात्रा लाखों साल से जारी है और यह आगे भी जारी रहेगी. एक मनुष्य की यात्रा इस जगत की कोई साधारण घटना नहीं है.

## यौन हिंसा के खिलाफ व्यापक मुहिम जरूरी

• समाज

अविजीत पाठक

एक महीने से अधिक हो चला जब कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या की घटना हुई थी. इस किस्म के जघन्य कांड ने , वह भी एक सरकारी मेडिकल कॉलेज के अंदर, कोलकाता शहर या यूं कहें कि संपूर्ण पश्चिम बंगाल को झकझोर कर रख दिया. कोई हैरानी नहीं कि युवा डॉक्टर, छात्र, आम महिला-पुरुष और सांस्कृतिक अभिजात्य वर्ग, इनके स्वतःस्फूर्त सामाजिक आंदोलन ने काफी 'लोकप्रिय' रहीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को हिलाकर रख दिया है. सरकारी मेडिकल कॉलेजों में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और आरोपियों की राजनीतिक पहुंच की कहानियां, प्रशिक्षु डॉक्टरों की सुरक्षा और सम्मान को खतरे का मुद्दा उजागर हुआ. बात जब निष्पक्ष जांच की आई तो राज्य सरकार पर भरोसे की कमी देखी गई. मुख्यमंत्री के लिए इस 'वैधता संकट' से उबरना आसान नहीं होगा.

हमने इस आंदोलन के सकारात्मक पहलुओं पर भी गौर किया है : प्रशिक्षु डॉक्टरों का अपनी समस्याओं के लिए लड़ने पर दृढ़ निश्चयी होकर डटे रहना और विरोध करने का उत्सव सरीखा स्वरूप, जिसमें आम नागरिक सड़कों पर उतर रहे थे, देर रात तक सार्वजनिक स्थानों पर जमे रहकर 'न्याय' के गीत गा रहे थे. इसके अलावा, इस जनांदोलन को मुख्यधारा के राजनीतिक दलों के सीधे प्रभाव से बचाने का प्रयास संभवतः दर्शाता है कि 'राजनीति' विशेषकर, जिस किस्म की पेशेवर राजनेता कर रहे हैं, इसने हमारे वक्त में अपने लिए एक बुरा अर्थ अर्जित कर लिया है.

हालांकि, तथ्य यह भी है कि इस किस्म के आंदोलन ज्यादा लंबा खिंचते नहीं. सीबीआई अपने निष्कर्षों को उजागर करेगी, सुप्रीम कोर्ट अपना फैसला सुनाएगी, राज्य सरकार ने डॉक्टरों से समझौता किया, दोषियों को दंडित किया जाएगा, और कुछ -जिनमें मुख्यमंत्री भी शामिल हैं– अपराधी को मृत्युदंड देने का शोर मचाएंगे. फिर, सब कुछ पहले की भांति 'सामान्य' हो जाएगा! संभवतः, जो युवा डॉक्टर जो आज विरोध कर रहे थे, इनमें कुछ ऐसे होंगे जो 'सांसारिक' चीजों को अधिक प्राथमिकता देना शुरू कर देंगे, और आखिरकार किसी कॉर्पोरेट या निजी अस्पतालों का हिस्सा बनकर अपने अमीर ग्राहकों को एक वस्तु के रूप में 'अच्छा स्वास्थ्य' बेचते नज़र आयेंगे. और कोलकाता की गलियों में मुक्ति के गीत गाने वाला सांस्कृतिक अभिजात्य वर्ग भी अपने अनन्य कार्यक्षेत्रों में वापस रम जाएगा. इस बीच, हम बलात्कार की एक और कहानी के बारे में सुनेंगे मत भूलें कि हमने अपने समाज में यौन हिंसा को लगभग रोजाना की सामान्य घटना बना डाला है.

> सीबीआई अपने निष्कर्षों को उजागर करेगी, सुप्रीम कोर्ट अपना फैसला सुनाएगी, राज्य सरकार ने डॉक्टरों से समझौता किया, दोषियों को दंडित किया जाएगा, और कुछ –जिनमें मुख्यमंत्री भी शामिल हैं– अपराधी को मृत्युदंड देने का शोर मचाएंगे. फिर, सब कुछ पहले की भांति 'सामान्य' हो जाएगा!

वार्षिक राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट के अनुसार, 2017 से 2022 के बीच, भारत में कुल 1.89 लाख बलात्कार के मामले दर्ज किए गए. लेकिन वर्गों में बंटे और जाति-केंद्रित समाज से पीड़िता की परवाह की आस कौन करे, विशेष तौर पर यदि वह महिला एक वंचित समाज से, कोई घरेलू सहायिका या फिर किसी गुमनाम गांव की स्कूली छात्रा हो. तब कोई सामाजिक आंदोलन नहीं होगा, न ही कोई कोलकाता या दिल्ली की गलियों में लैंगिक न्याय के गीत गाएगा.

वास्तव में यदि हम इस सड़ांध का विरोध और यौन हिंसा के वायरस से यथोचित रूप से मुक्ति हेतु एक समझदार समाज की ओर बढ़ने की कोशिश करना चाहते हैं, तो हमें 'विषाक्त मर्दानगी' नामक विकृति का मुकाबला करने के लिए एक और आंदोलन में हिस्सा लेने की जरूरत होगी- मानसिक, शैक्षिक और सांस्कृतिक. खैर, हमारे परिवारों में, लड़के इस मान्यता के साथ बड़े होते हैं कि उन्हें दबंग, सख्त और बहादुर होना चाहिए. हालांकि, 'विषाक्त मर्दानगी' का जीवन को पुष्टि देने वाले गुण जैसे कि साहस, आत्मविश्वास और आंतरिक शक्ति से कोई लेना-देना नहीं है. इसके बजाय, यह दूसरों को नुकसान पहुंचाने में परपीड़क आनंद पाने वाली है, जिसमें सहानुभूति और देखभाल नदारद हैं. यह हिंसा का महिमामंडन करती है और यौन आक्रामकता को बढ़ावा देती है. जैसा कि सामाजिक मनोवैज्ञानिक समझाते हैं, यह 'सामाजिक रूप से प्रतिगामी मर्दानगी का स्वरूप' है जिससे ग्रस्त व्यक्ति दूसरे पर हावी होने की ललक, स्त्री-सम्मान का जरा मोलन समझना, समलैंगिकता-विरोध और बेतहाशा हिंसा का चाव रखता है. **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## समय आ गया है कि सेबी साख बचाने की

• सामयिकी

जगदीश रत्तनानी

सेबी की अध्यक्ष सुश्री माधबी पुरी बुच पर आई विपत्ति को समाप्त करने का समय आ गया है. अगर उन्होंने पहले ही अपना इस्तीफा नहीं भेजा है तो समय आ चुका है कि उन्हें सेबी छोड़ने के लिए कह दिया जाए. वास्तव में यह उनके हित में है कि वे पद छोड़ दें और निष्पक्ष जांच का सामना करें, बजाय इसके कि एक महत्वपूर्ण नियामक संस्थान के शीर्ष पर बैठे रह कर खुद को और संस्था को उस तरह से कमजोर होते देखें जितना कमजोर सेबी पहले कभी नहीं रहा है. कुछ ऐसे लोग भी हैं जो उनके आचरण का बचाव कर रहे हैं और आरोपों को राजनीति या निहित स्वार्थों का खेल कह रहे हैं लेकिन वे केवल आधे-अधूरे मन से कह रहे हैं, किंतु मामला इस कदर उजागर हो गया है कि अब इसका किसी प्रकार बचाव करना संभव नहीं हो पाएगा.

हम एक ऐसे चरण में पहुंच गए हैं जिसने सेबी की वह विश्वास और नैतिक प्रतिष्ठा छीन ली है जो उसके कार्य करने और यहां तक कि सबसे बुनियादी विनियामक कार्यों को पूरा करने के लिए जरूरी है. सेबी अधिनियम, 1992 की प्रस्तावना में इसका चार्टर निर्धारित किया गया है: ... प्रतिभूतियों में निवेशकों के हितों की रक्षा करना एवं प्रतिभूति बाजार के विकास को बढ़ावा देना और विनियमित करना तथा उससे संबंधित या उसके आनुषंगिक मामलों के लिए नियामक व्यवस्था बनाना'. मौजूदा परिस्थितियों में यह सेबी से परे का कार्य है. यह निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि सेबी के अध्यक्ष ने सेबी को घुटनों पर ला दिया है.

यह अप्रासंगिक है कि क्या उनके खिलाफ आरोप साबित होंगे और अंततः वे दोषी पाई जाएंगी या नहीं. पहले से ही ऐसे पर्याप्त सबूत है जो ऐसे सवाल उठाते हैं जिन्हें आसानी से खारिज नहीं किया जा सकेगा. सेबी में आंतरिक विद्रोह से बाहरी दबाव बढ़ रहा है जिसे गंभीरता से लेने के बजाय खेदजनक और हास्यास्पद स्पष्टीकरण के साथ उसका मुकाबला किया जा रहा है. यह एक कथित विषाक्त संस्कृति की ओर इशारा करता है. सेबी के अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि यह बताया जाना कि सेबी के श्रेणी क के अधिकारियों को बाहरी तत्वों द्वारा गुमराह किया गया था, सेबी के संपूर्ण कार्यबल का अपमान करना है. अधिकारी निश्चित रूप से जानते हैं कि वे किस बारे में बात कर रहे हैं. भारतीय प्रणाली कैसे काम करती है इस बात की जानकारी जिन लोगों को है, वे जानते हैं कि शक्तिशाली के खिलाफ बोलने के लिए एकजुट होने के लिए बहुत साहस और चरित्र बल और दृढ़ संकल्पित होने की आवश्यकता होती है. अडानी से संबंधित फंडों और हिंडनबर्ग के आरोपों में उलझी होने के बावजूद सुश्री बुच अछूती हैं क्योंकि वे सत्ताधीशों की करीबी मानी जाती हैं. अधिकारी ऐसे व्यक्ति का विरोध करने में कामयाब रहे हैं तो यह केवल सड़ांध की सीमा का संकेतक है जिसने असहनीय होने के कारण टारगेटेड होने के खतरे के बाद भी अधिकारियों को बोलने के लिए मजबूर किया है. सार्वजनिक क्षेत्र में पदानुक्रमित, शीर्ष-चालित, बॉस की जी हुजूरी करने की संस्कृति में विरोध दुर्लभ है और निजी क्षेत्र में असंतोष जाहिर करना आत्मघातक होता है, लेकिन सेबी एक हाइब्रिड की तरह लगता है जिसने कार्यस्थल पर दोनों तरह की सबसे खराब स्थिति सामने लाई है.

> अडानी से संबंधित फंडों और हिंडनबर्ग के आरोपों में उलझी होने के बावजूद सुश्री बुच अछूती हैं क्योंकि वे सत्ताधीशों की करीबी मानी जाती हैं. अधिकारी ऐसे व्यक्ति का विरोध करने में कामयाब रहे हैं तो यह केवल सड़ांध की सीमा का संकेतक है जिसने असहनीय होने के कारण टारगेटेड होने के खतरे के बाद भी अधिकारियों को बोलने के लिए मजबूर किया है.

राजनीतिक नजरिये से देखें तो यह महत्वपूर्ण है कि भाजपा सुश्री बुच का बचाव करना बंद कर दे और मामले की पूरी जांच के लिए तैयार हो. भाजपा के राजनीतिक रणनीतिकार यह पाएंगे कि हर गुजरते दिन के साथ बुच को पद पर बनाए रखने की राजनीतिक कीमत बढ़ती जा रही है. हालांकि यह एक बहुत छोटा सवाल है कि भाजपा अपनी छवि को खराब कर रही है तथा अपने संकटों का प्रबंधन कर रही है और खुद के द्वारा खड़े किए गए क्रोनिज्म की सड़ांध से नतीजों का जवाब दे रही है. बड़ा सवाल यह है कि आज भारत कहां खड़ा है और इस तरह के नेतृत्व में प्रमुख संस्थानों को कैसे कमजोर किया जा रहा है. यह निर्विवाद है कि राजनीतिक कवर के बिना सुश्री बुच कथित तौर पर इस तरह से काम नहीं कर सकती थीं. यह वही राजनीतिक कवर है जो कुछ प्रमुख पदों पर लोगों की शक्ति को, उनके प्रभाव क्षेत्र को बढ़ाता है तथा जो साहसिक, अत्यधिक उत्साही और समर्पित होते हैं एवं उनकी अहंकार की भावना को बढ़ावा देता है जिसे हम अंततः देखते हैं कि हर बार कभी न कभी ढह जाता है. **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

### मीडिया में अन्यत्र

## युवाओं ने दिलायी शतरंज में भारत को बादशाहत

**बुडापेस्ट** में शतरंज ओलंपियाड में भारत को दोहरा स्वर्ण एक असाधारण उपलब्धि है. इतिहास में केवल दो अन्य देश यह कमाल कर सके हैं. हालांकि, खेल पर गंभीरता से नजर रखने वालों को कोई हैरानी नहीं हुई. दिमाग के खेल की सबसे सम्मानित टीम प्रतियोगिता के लिए दुनिया के ज्यादातर देश हंगरी की राजधानी पहुंचे हुए थे. भारतीय महिलाओं ने पहली वरीयता और पुरुषों ने दूसरी वरीयता वाली टीम के रूप में शुरुआत की. अंतिम पड़ाव की ओर बढ़ते समय महिलाओं के अभियान को कुछ झटके लगे, लेकिन पुरुषों ने शुरू से लेकर अंत तक पूरी तरह दबदबा बनाये रखा. पुरुषों ने इतना बढ़िया खेला कि उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वियों, सर्वोच्च वरीयता प्राप्त अमेरिका, से चार प्वाइंट अधिक हासिल किये. सबसे उल्लेखनीय यह तथ्य है कि भारत को दोहरी विजय नौजवानों के एक समूह ने दिलायी जो भारतीय शतरंज की स्वर्णिम पीढ़ी से ताल्लुक रखता है. शतरंज की बिसात पर भारत के विरोधियों के लिए चिंताजनक बात यह होगी कि ये चैंपियन बस बेहतर होते जायेंगे और अगले एक या दो दशकों तक ओलंपियाड और अन्य वैश्विक प्रतियोगिताओं में खेलते रहेंगे. टीम स्वर्ण पदकों के अलावा, भारत ने डी. गुकेश (उम्र 18), अर्जुन एरिगैसी (21), दिव्या देशमुख (18) और वंतिका अग्रवाल (21) के जरिये व्यक्तिगत स्वर्ण भी जीते. भारतीय टीमों में चेन्नई के ग्रैंडमास्टर भाई-बहन आर. प्रज्ञानंदा (19) और आर. वैशाली (23) भी शामिल थे. यह बात भी काबिल-ए-जिक्र है कि शतरंज के इतिहास की सबसे दमदार महिला खिलाड़ियों में से एक, कोनेरू हंपी भारतीय महिला टीम का हिस्सा नहीं थीं.हालांकि, महिलाओं के खेल में भारत की गहराई पुरुषों के आसपास भी नहीं है. ओलंपियाड टीम के बाहर कई संभावनाशील पुरुष खिलाड़ी हैं, जैसे निहाल सरीन और रौनक साधवानी, लेकिन भारतीय महिला शतरंज में ठीक यही स्थिति नहीं है. भारत के शतरंज प्रशासन को इस खेल का प्रचार-प्रसार लड़कियों के बीच ज्यादा आक्रामक ढंग से करने के लिए बुडापेस्ट में अपनी महिलाओं की महान सफलता का इस्तेमाल करने की कोशिश करनी चाहिए. महिला खिलाड़ियों की बेंच को और मजबूत होने की जरूरत है. प्रशासकों को भारत में एलीट टूर्नामेंट भी आयोजित करने होंगे. भारतीय शतरंज के बड़े सितारे शायद ही कभी देश में खेलते हैं, क्योंकि उनके लायक प्रतियोगिताएं ही नहीं हैं. **(द हिंदू)**



### शब्द चर्चा | डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

## आभा/विभा/प्रभा/प्रतिभा

**हिंदी** और संस्कृत जैसी भाषाओं में उपसर्ग की महिमा अद्भुत होती है. यह उपसर्ग आखिर क्या है? संस्कृत या संस्कृत से उत्पन्न भाषाओं में उस शब्द को उपसर्ग कहते हैं, जो किसी शब्द के पहले जुड़ कर उसके अर्थ को विस्तार देता है या उसमें चमत्कार पैदा कर देता है. संस्कृत में कुल 22 उपसर्ग होते हैं- प्र, परा, अप, सम्, अनु, अव, निस्, निर्, दुस्, दुर्, वि, आ(आंग), नि, अधि, अपि, अति, सु, उत्/उद्, अभि, प्रति, परि तथा उप. उपसर्ग लगने से शब्दों के रूप कैसे बदलते हैं, इसके ही उदाहरण हैं शब्द आभा, विभा, प्रभा तथा प्रतिभा. भा शब्द का अर्थ है प्रकाश. इस भा में आ उपसर्ग लगा तो आभा हो गया. वि उपसर्ग लगा तो विभा हो गया. प्र उपसर्ग लगा तो प्रभा हो गया तथा प्रति उपसर्ग लगा तो प्रतिभा हो गया. मूल रूप से इन चारों शब्दों का अर्थ एक ही है यानी चमक, कांति, प्रकाश, दीप्ति, लेकिन विशिष्ट अर्थ चारों शब्दों के भिन्न हैं. वर्धा हिंदी शब्दकोश के अनुसार आभा का विशिष्ट अर्थ है शोभा, लावण्य, प्रतीत, बबूल का पेड़, छाया, सादृश्य. वही प्रभा का विशेष अर्थ सूर्य का बिंब या मंडल तथा काव्य शास्त्र में बारह अक्षरों की वर्णवृत्ति, जिसे मंदाकिनी भी कहा जाता है. विभा का विशिष्ट अर्थ है प्रदीप्ति, किरण, रश्मि, प्रकाश, रोशनी, वह शक्ति या तत्व, जिसके योग से वस्तुओं आदि का रूप आंखों को दिखायी पड़ता है तथा सौंदर्य. अब आते हैं प्रतिभा शब्द पर. इसका विशिष्ट अर्थ भा में उपसर्ग लगने से बननेवाले उन सभी शब्दों से बिल्कुल भिन्न है. इसका विशिष्ट अर्थ है किसी विषय को तत्काल समझ लेनेवाली असाधारण बुद्धि, असाधारण प्रखरतावाली मानसिक शक्ति, बुद्धि, समझ, विलक्षण बौद्धिक शक्ति, लेखक, कवि, कलाकार आदि की वह शक्ति, जिससे वह अनुभव के आधार पर सर्जन करता है, नवोन्मेष शालिनी शक्ति तथा ऊपर या सामने दिखायी देनेवाली आकृति या रूप. इस प्रकार भा शब्द में लगनेवाले उपसर्ग जब शब्द बनाते हैं तो अपना कमाल दिखा ही देते हैं.

## नहीं जा सकी मेरी रतनार आंखों की लालिमा

• तीर-तुक्का

डॉ. सुरेन्द्र वर्मा



तुलसीबाबा कहिन हैं कि मूंदहुं आंख कतहुं कछु नाहीं. सो मैंने झट से अपनी आंखें बंद कर लीं. वैसे भी, मैं ही क्या आप सब भी, जब भी कोई तकलीफ देखते है, आंखें बंद कर ही लेते हैं. कौन पचड़े में पड़े. सोच कर आगे बढ़ जाते हैं. किसी की भी तकलीफ को जान बूझ कर अनदेखा कर देना हम सबकी आदत में शुमार हो गया है. नहीं देखने के कितने ही बहाने होते हैं. कभी वाह्य परिस्थितियां ही इतनी विकट होती हैं कि उन्हें सुधारा ही नहीं जा सकता. ऐसे में उनसे आंखें ही फेर ली जाएं, वह ज्यादा अच्छा है. कभी पुलिस का डर रहता है; कौन चाहेगा कि होम करने चलो और खुद की ही उंगलियां जला लो. झंझट में न पड़ा जाए. यही अच्छा है. पुलिस का क्या है, बचाने वाले को ही फंसा दे. भला इसी में है की आंखें बंद रखो. अच्छी तरह आंखें देखने के बाद डाक्टर अब पर्चा लिखने लगा था. तीन तरह की दवाइयां उसने लिख मारी. एक खाने की और एक आंखों में डालने की. एक रात में सोते समय नींद आने के लिए. खाने की गोली दिन में तीन बार गटकनी थी. आंख में डालने की दवा भी दो-दो बूंद करके दिन में तीन बार ही डालनी थी. दवा खाने और दवा डालने के बीच एक एक घंटे का अंतराल भी ज़रूरी था. मैंने हिसाब लगाया सारा दिन ही, दवा खाते-डालते बीत जाएगा. बीता. लेकिन रात में कम से कम करवटें नहीं बदलने पडीं. नींद की दवा अपना काम करती रही. लेकिन श्वेत, श्याम, रतनार आंखों को सिर्फ रतनार लालिमा ही पसंद आई और वे लाल ही बनी रहीं. यह बहुत कुछ ऐसा ही था कि जैसे गरीबी हटाओ का हर सरकार ने अपनी अपनी तरह से प्रयत्न किया, लेकिन आंखों की लालिमा की तरह वह हटी ही नहीं. आंखें रतनार थीं सो रतनार ही बनी रहीं और गरीबी अपने रंग दिखाती रही. गरीबी का रंग घटने की बजाय और विस्तार पाता गया. तसल्ली ज़रूर दी गई कि गरीबी हट जाएगी, बस, हटने ही वाली है. लेकिन गरीबी टस से मस नहीं हुई. गरीब की जोरू ठहरी. कैसे छोड़ दे उसे. हम रोज़ सुनते हैं, अच्छे दिन आवेंगे, बस आने ही वाले हैं. थोड़ी प्रतीक्षा करें. अब ग़ालिब ने कहा है या नहीं, पता नहीं; लेकिन ग़ालिब का ही नाम लेकर लोग कहते हैं, वस्ल से बेहतर होता है इंतज़ार. सो इंतज़ार किया जा रहा है. इलाज शुरू हो गया है. इंतज़ार कर रहा हूं. उम्मीद है, मेरी आंख के अच्छे दिन आएंगे. और अच्छे दिनों की शायद चिर प्रतीक्षा नहीं करने पड़े.

# Her Story






मुझे कुछ कहना है!!

डॉ रजनी शर्मा 'चंदा'


## पहली सोलो यात्रा और अपनों की ये बातें



यूं तो मैं अक्सर यात्राएं करती रहती हूं, परंतु अकेली आमतौर पर कहीं नहीं जाती, दूर तो बिल्कुल नहीं अब तक गई थी. कुछ समय पूर्व भारत कीर्ति सम्मान लेने के लिए मुझे दिल्ली अकेले ही जाना था. दिल्ली में सम्मान मिलने के पश्चात मैं अपने सोलो ट्रिप के ड्रीम को पूरा करने के लिए नैनीताल चली गई. वहां अजनबी शहर में अजनबियों के साथ अकेले मैंने नैनीताल में प्रकृति के बीच खूबसूरत वक्त बिताया, वोटिंग का आनंद लिया, साथ ही कई एडवेंचर्स स्थानों विभिन्न राइड्स का लुफ्त उठाया. प्रकृति के खूबसूरत नजारों के बीच स्वयं से स्वयं का साक्षात्कार किया.

परंतु मेरे लिए है यह घुमक्करी इतनी भी आसान नहीं थी. मेरे कई अपनों ने इसका प्रतिकार भी किया कि औरत होकर अकेले घूमने जाना अच्छी बात नहीं है, अच्छे घर की औरतें अकेले यूं नहीं घूमतीं और भी अन्य बातों की समझाइश. पीठ पीछे की बातें कि जानें अकेली कहां रुकेगी, क्या खायेगी, किसके साथ घूमेगी और क्या जरूरत है अकेले पति-बच्चों को छोड़ कर जाने की. इन सभी बातों की चिंता इन तथाकथित अपनों को खाई जाती है कि कोई औरत बिना अपने परिवार के कैसे बाहर निकल सकती है. कैसे एक स्त्री खुद अपनी खुशी के बारे में सोच सकती है! यहां तक कि कई लोगों को यह चिंता भी खाई जा रही थी कि सोशल मीडिया पर मेरे इतने फोटो जो पोस्ट हो रहे हैं उन्हें खींच कौन रहा है?

सच तो यह है कि बाहर निकलने पर अच्छे लोग मिल ही जाते हैं और बुरी चीजों को समझ कर उनसे संभालना भी व्यक्ति खुद ब खुद सीख जाता है. मुझे यह विश्वास था कि जो बाहर निकलता है, वही इस विस्तृत दुनिया में अपने नजरिए को विकसित कर पाता है. मेरे जीवनसाथी के दिए हौसले ने मेरे प्रथम सोलो ट्रिप को यादगार बना दिया. हालांकि कई परेशानियां भी आईं अकेले सफर में परंतु इससे जूझकर निकलने में ही तो जीवन का असली आनंद है.



मनवीर कौर आनंद
चाइल्ड काउंसलर, मोटिवेशनल स्पीकर, सक्सेस कोच

मिड टर्म रिजल्ट का मौसम

## ग्रेड नहीं प्रोग्रेस महत्वपूर्ण

*सूबे के ज्यादातर सीबीएसई स्कूलों में मिड टर्म परीक्षाएं हो चुकी हैं. अब वक्त रिजल्ट का है. ऐसे में कई छात्र चिंतित, निराश हैं. ऐसा महसूस करना स्वाभाविक है, खासकर यदि परिणाम उनकी अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं हों. हालांकि, माता-पिता और स्कूलों के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे छात्रों को उनकी भावनाओं से निपटने में मदद करें और सीखने के लिए उनका आत्मविश्वास और उत्साह बनाए रखें. आइए, हम चर्चा करें उन रणनीतियों की जिसे अपना कर माता-पिता और स्कूल ऐसे बच्चों का मनोबल बढ़ा सकते हैं.*

### यह हो सकता परिणाम

*खराब रिजल्ट से बच्चे हताश और निराश हो सकते हैं. उनका आत्मविश्वास डगमगा सकता है. इससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो सकती है. जिन स्टूडेंट्स ने मेहनत के बावजूद कम नंबर पाया, वे पढ़ाई में इंटरेस्ट छोड़ सकते हैं.*

### माता-पिता और स्कूलों की भूमिका

*मिड टर्म एग्जाम के रिजल्ट से निपटने में छात्रों की मदद करने में माता-पिता और स्कूल महत्वपूर्ण भूमिका है. वे छात्रों के आत्मविश्वास और उत्साह को बनाए रखने में मदद करने के लिए इमोशनल सपोर्ट और गाइडेंस दे सकते हैं. यहां माता-पिता और स्कूलों के लिए अपनाने योग्य कुछ रणनीतियां हैं-*

### ये करें

**1. खूब बातें करें**
अपने बच्चे से उनके रिजल्ट पर चर्चा करें और उनकी चिंताओं को सुनें. उन्हें अपनी भावनाओं और विचारों को व्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित करें.

**2. प्रयास पर ध्यान दें, ग्रेड पर नहीं**
ग्रेड के बजाय प्रयास और प्रोग्रेस पर जोर दें. अपने बच्चे को याद दिलाएं कि हर कोई अपनी गति से सीखता है.

**3. यथार्थवादी लक्ष्य निर्धारित करें**
बच्चों के लिए जो टार्गेट तय करें, वे ऐसे हों जिसे पाया जा सके. उस टार्गेट को कैसे पाएं, उसके लिए प्लानिंग करने में उनकी मदद करें.

**4. छोटी जीत का जश्न मनाएं**
अपने बच्चे का आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए छोटी जीत और उपलब्धियों का जश्न मनाएं.

**5. आत्म-चिंतन को प्रोत्साहित करें**
अपने बच्चे को उनकी ताकत और कमजोरियों पर विचार करने के लिए प्रोत्साहित करें, उन क्षेत्रों की पहचान करें जहां उन्हें सुधार की आवश्यकता है.

**6. अतिरिक्त सहायता प्रदान करें**
देखें कि किसी विषय में बच्चे को ट्यूशन की जरुरत तो नहीं? यदि हां तो उपलब्ध कराएं. अगर अधिक प्रैक्टिस की दरकार है, तब भी उनकी मदद करें.

### ये नहीं करें

**1. आलोचना या डांट-फटकार न करें**
रिजल्ट को लेकर उसकी आलोचना या डांट-फटकार न करें. इससे अपराधबोध, शर्मिंदगी या लो सेल्फ स्टीम की भावनाएं पैदा हो सकती हैं.

**2. दूसरों से तुलना न करें**
अपने बच्चे के रिजल्ट की तुलना उसके साथियों से नहीं करें. इससे अनावश्यक प्रतिस्पर्धा और तनाव पैदा हो सकता है.

**3. असफलता पर ध्यान केंद्रित न करें**
आपके बच्चे ने क्या गलत किया या वे किसमें असफल हुए, इस पर ध्यान केंद्रित करने की बजाय इस पर ध्यान दें कि वे क्या सुधार कर सकते हैं.

**4. ग्रेड पर अधिक जोर न दें**
ग्रेड पर अधिक जोर न दें. अपने बच्चे को याद दिलाएं कि ग्रेड उनकी सीखने की यात्रा का सिर्फ एक पहलू है.



## लंबी दिखेंगी आप



अनामिका सिंह
फैशन डिजाइनर

*आपकी ड्रेस आपके लुक को परफेक्ट बनाने का माद्दा रखती है. आपके व्यक्तित्व में चार चांद लगा सकती है. वहीं आपके व्यक्तित्व के छोटे मोटे नुक्स को छिपा भी सकती है. अगर आपकी लंबाई कम है तो ड्रेस चुनाव करते समय कुछ खास बातों का रखें ध्यान...*

### वेस्टर्न ड्रेस में रखें ध्यान

अगर आपकी हाइट कम है, तो जब भी जींस पहनें लंबी दिखने के लिए हाइ वेस्ट जींस का ही चुनाव करें. इसके साथ ही लॉन्ग लेग्ड जींस, स्ट्रेट जींस और स्किनी जींस में भी कम हाइट वाले लंबे नजर आते हैं. वहीं वेस्टर्न वियर में कोई ढीला या मैक्सी ड्रेस ट्राई न करें. फिटेड आउटफिट्स पहनने से आप लंबी दिखेंगी. स्केटर ड्रेस आपके लिए अच्छा विकल्प है.





### साड़ी में क्या चुनें?

यूं तो साड़ी ज्यादातर महिलाओं पर फबती है, लेकिन आपकी हाइट कम है तो शिफॉन या जॉर्जेट फैब्रिक की साड़ी कैरी करें. साड़ी का पल्लू लंबा रखें. ब्लाउज में टर्टल नेक ठीक रहेगा. हमेशा छोटे प्रिंट वाली साड़ी ही पहनें.

### सूट के साथ क्या रहेगा परफेक्ट?



त्यौहारों के मौसम में सूट पहनने के कई मौके आएंगे. कम हाइट है तो ध्यान रखें कि कुर्ती के साथ प्लाजो की जगह चूड़ीदार पहनें. कुर्ती भी एलाइन में लॉन्ग पैटर्न वाली आप पर अच्छी लगेगी. गाउन पहनना पसंद है, तो थाई हाइ स्लिट कट गाउन पहनकर लंबी नजर आ सकती हैं. फंक्शन या फिर पार्टी में जा रही हैं, तो साटिन स्लिप ड्रेस कैरी करें.

### ये बातें भी काम की

लंबी दिखने के लिए मोनोक्रोमेटिक कलर की ड्रेस पहने. कंट्रास्ट कलर की ड्रेस पहनने पर शरीर के ऊपरी और नीचले भाग की लंबाई जाहिर हो जाती है.
नेकलाइन खुला हो. जैसे वी नेक, ब्रॉड स्कवॉयर नेक या यू नेक. इससे शरीर लंबा दिखेगा.

*मैरी कोंडो का नाम सुना है आपने? अगर नहीं तो आज उनके बारे में जानिए. क्या पता, यह छोटी सी जानकारी आपकी जिंदगी बदल दे. खासकर इन दिनों जब त्योहार से पहले अपने घर की साफ-सफाई और मेकओवर की सोच रही हैं, तो मैरी कोंडो की खास तकनीक कोनमारी के बारे में जानना बेहतर होगा.*

## कोन मारी : जिंदगी में सुकून और सहुलियत लाने का एक जापानी अंदाज

मैरी कोंडो एक जापानी सलाहकार हैं. उन्हें सामान रखने और संयोजन की जापानी तकनीक कोनमारी के नाम से भी जाना जाता है. मैरी ने 2011 में इस तकनीक पर चार किताबें लिखी हैं. इनमें 'द लाइफ चेंजिंग मैथड ऑफ टाइडिंग अप' खासी लोकप्रिय हुई है. इसकी अब तक लाखों प्रतियां बेची जा चुकी हैं. किताब में उन्होंने घर को बेहतर तरीके से मैनेज करने व उसकी साफ-सफाई पर आसान सुझाव साझा किया है. साथ ही सफर के लिए बैग पैकिंग के ऐसे टिप्स सुझाए हैं जिससे कम जगह में ज्यादा सामान बेहतर ढंग से रखा जा सके. मैरी कोन्डो का 'सामानों को पैक करने की कोनमारी मैथड' तकनीक आज बैगपैक की निंजा तकनीक बन गई है. नेटफ्लिक्स पर इस किताब पर वेब सीरीज भी प्रकाशित हुई है. कोंडो की इस तकनीक ने कई लोगों की जिंदगानी बदल दी. बहुत से लोगों के घर में ऐसा बदलाव आया कि जिंदगी पहले से आसान, बेहतर और सुकून भरी हो गई. इस तकनीक ने सफर को सहुलियत भरा बनाया. जेनी अल्बर्टीनी जैसी कुछ महिलाएं महज इन बदलावों तक नहीं ठहरीं, बल्कि कोंडो की तरह ही एक पेशेवर कोनमारी आयोजक बनने के लिए जेनी ने अपनी अमरीकी सरकारी राजनयिक नौकरी छोड़ दी. उन्होंने कोंडो की पुस्तक पढ़ी और खुद कोनमारी व्यवसायी बनने के लिए दिन-रात मेहनत करने लगीं. कुछ वर्कशॉप, कुछ ट्रेनिंग और महज कुछ घंटे की प्रैक्टिस के बाद वह साल 2016 में वाशिंगटन डीसी की पहली प्रमाणित कोनमारी मेथड कंसल्टेंट बन गईं. अब वे लोगों को अपने घर को व्यवस्थित करने में मदद करती हैं. आइए, आज हम कोनमारी तकनीक की कुछ बातों की जानकारी हासिल करें.






- कोनमारी एक तरह से अपने घर से कबाड़ निकालने और घर को कम से कम चीजों में व्यवस्थित करने का एक तरीका है. यह मिनिमलिज्म के कंसेप्ट पर आधारित है. इससे आप अनावश्यक चीजों के उपयोग से बचते हैं. इस बारे में मैरी कोंडो ने अपनी बेस्ट सेलर बुक में लिखा है, "सफाई में सफलता 90 प्रतिशत आपकी मानसिकता पर निर्भर करती है. चीजों को एक जगह पर रख देने से यह भ्रम पैदा होता है कि अव्यवस्था की समस्या हल हो गई है. लेकिन भंडारण इसका समाधान नहीं है. समस्या तब तक बनी रहती है जब तक आपके पास बहुत ज़्यादा सामान है." कोंडो का दावा है कि फालतू सामान को हटाना और कम से कम सामान रखना सफाई और मानसिक सुकून की असली कुंजी है. यकीन मानिए किसी अनाथ आश्रम, किसी वृद्धाश्रम या अन्य जरुरतमंद के ठिकाने इन्हें पहुंचा कर कहीं अधिक खुशी हासिल होगी.
- आमतौर पर हम सामान को हटाने या रखने के लिए उपयोगी-अनुपयोगी के मापदंड पर कसते हैं. लेकिन कोंडो कहती हैं कि घर की कि हमें केवल उन चीजों को रखना चाहिए जो हमें खुश करती हैं.
- अक्सर हम स्थान के अनुसार सफाई करते हैं, जैसे बेडरूम की सफाई, लिविंग रूम की सफाई, बाथरुम की सफाई. लेकिन मैरी कोंडो की सलाह है कि एक बार में एक ही तरह की वस्तु को साफ करें. वह एक खास क्रम की भी सलाह देती हैं- पहले कपड़े, फिर किताबें, कागज़, कोमोनो (विविधता), और अंत में, स्मृति चिन्ह... फालतू सामान को हटा दें.
- अक्सर हम महिलाएं भावुकता में भी कई चीजें संजोए रखती हैं. पुराने पत्र, पुरानी तस्वीरें ही नहीं परिवार वालों, परिचितों, सहेलियों के दिए वे कपड़े और अन्य उपहार भी अलमारी के किसी कोने में संजोए रखती हैं जिनका न तो वर्षों से इस्तेमाल किया है और न आगे करने की कोई संभावना है. मैरी कोंडो कहती हैं कि ये महज भौतिक चीजें हैं, आपकी सहेली या परिजन नहीं. जो उपयोग की नहीं, उन्हें बाहर निकालिए.
- कोंडो यह भी सलाह देती हैं कि सफाई के दौरान या किन चीजों को हटाना है और किन सामान को रखना है, इसके लिए हम अपने परिवार को इसमें शामिल न होने दें. खुद ही सफाई करें. अपने साथी, अपने माता-पिता या अपने बच्चों से सलाह न लें. ऐसा करने से सिर्फ़ चीज़ें उलझेंगी. इसलिए सफाई का काम खुद ही करें.



- बैग पैकिंग के दौरान उनकी सलाह है कि तरल सौंदर्य उत्पादों को टायलेटरीज से अलग रखें. अपने कपड़ों को गोलाई में लपेटें. कोनमारी तकनीकी के अनुसार इस तरह से कपड़े एक-दूसरे में उलझेंगे नहीं और ज्यादा जगह भी मिलेगी.

*एचडी मेकअप ट्रेंड में है. सेलेब्स ही नहीं, गली-मोहल्ले की शादियों में भी दुल्हन मेकअप आर्टिस्ट से इसकी डिमांड करती हैं. यह लुक ही नहीं बेहतर बनाता बल्कि तस्वीरें भी इसके बाद अधिक अच्छी आती हैं. स्पंज-ब्रश के इस्तेमाल के खास तरीके और हाई-एंड और लाइट डिफ्यूजिंग कोटिंग से कोटेड प्रोडक्ट से यह मेकअप चेहरे के दाग-धब्बे को छिपाता है. एचडी कैमरे को ध्यान में रखते हुए इस मेकअप को किया जाता है.*

## ट्रेंड में है एचडी मेकअप



*एचडी मेकअप यानि हाई डेफिनेशन मेकअप लुक, जिसमें एचडी कैमरे को ध्यान में रखते हुए मेकअप किया जाता है. चेहरे के दाग-धब्बे को छिपा कर बेहतर तस्वीरें दिलाता है. सेलेब्स में यह बहुत पॉपलुर है, वहीं शादी ब्याह के लिए भी एचडी मेकअप की डिमांड है. इंटरनेशनल लेवल पर भी मेकअप आर्टिस्ट एचडी मेकअप ही करते हैं. इससे एकदम नेचुरल, फ्लॉलेस और नॉन क्रेकी लुक आता है.*



कमलजीत कौर
ब्यूटी एक्सपर्ट

*एचडी मेकअप में चेहरे पर लगाने वाले प्रोडक्ट्स को ब्रश की मदद से ऐसे ब्लैंड किया जाता है. ब्रश और स्पंज की मदद से मेकअप को अच्छी तरह से ब्लैंड किया जाता है. तरीका ऐसा होता है कि आपकी खूबसूरती उभर कर आती है. इस मेकअप में हाई-एंड और लाइट डिफ्यूजिंग कोटिंग से कोटेड प्रोडक्ट उपयोग में लाए जाते हैं. इससे चेहरे पर लाइट नहीं पड़ती. स्मूद, ट्रांसपेरेंट और ब्लेमिश फ्री लुक मिलता है. नेचुरल ग्लो दिखता है.*

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

भारत-बांग्लादेश के बीच 27 सितंबर से खेला जाएगा दूसरा टेस्ट मैच

# कानपुर में कम उछाल के लिए रहिए तैयार

एजेंसी। कानपुर

कानपुर में 27 सितंबर से शुरू होने वाले भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरे टेस्ट की पिच के बारे में संक्षेप में कहा जाए तो यह रैंक टर्नर नहीं होगी. चेन्नई की लाल मिट्टी के बजाय यहां काली मिट्टी होगी, उछाल भी ज़्यादा नहीं होगी और गेंद भी अधिक कैरी नहीं करेगी. ऐसा अनुमान है कि चेन्नई में सतह से मिली उछाल की तुलना में ग्रीन पार्क की पिच अधिक सपाट होगी और टेस्ट के आगे बढ़ने के साथ ही उछाल भी कम होती चली जाएगी. चेन्नई की लाल मिट्टी वाली पिच पर नियमित उछाल देखने को मिली थी और इसी वजह से दोनों टीमें तीन तेज गेंदबाज़ों और दो स्पिनर के साथ मैदान में उतरी थीं. भले ही पिच पर अधिक टर्न नहीं मिल रही थी लेकिन स्पिनर्स के लिए उछाल पर्याप्त थी. रवींद्र जडेजा और आर अश्विन ने इसकी मिसाल भी पेश की और बांग्लादेश की दूसरी पारी में दोनों ने मिलकर नौ विकेट चटकाए. कानपुर की पिच के धीमा होने की संभावना को देखते हुए दोनों टीमें अपनी रणनीति और चयन में बदलाव ला सकती हैं. तीसरे तेज गेंदबाज़ की जगह एक अतिरिक्त स्पिनर ले सकता है.

भारतीय टीम में कुलदीप यादव या अक्षर पटेल में से किसी एक की जगह बन सकती है. सोमवार को चेन्नई में बांग्लादेश के चयनकर्ता हन्नान सरकार ने शाकिब अल हसन की चोट के बारे में संशय की स्थिति होने के संकेत दिए. चेन्नई टेस्ट के चौथे दिन बल्लेबाज़ी के दौरान पहले से ही चोटिल बाएं हाथ की उनकी उंगली में चोट लग गई. अगर शाकिब ऑलराउंडर के रूप में खेलते भी हैं तब भी बांग्लादेश अपने एकादश में बाएं हाथ के स्पिनर तैजुल इस्लाम को नाहिद राणा की जगह शामिल कर सकता है. मेहमान टीम के पास ऑफ़ स्पिनर नईम हसन के रूप में भी एक विकल्प मौजूद है, हालांकि उनकी जगह तभी बन सकती है अगर शाकिब मैच के लिए अनुपलब्ध हों.

भारत ने पिछली बार कानपुर में 2021 में न्यूज़ीलैंड के ख़िलाफ़ जब टेस्ट खेला था तब भारतीय टीम अश्विन, जडेजा और अक्षर की स्पिन तिकड़ी के साथ मैदान में उतरी थी. तब 2016 के बाद पहली बार इस वेन्यू पर कोई टेस्ट मैच खेला गया था. 2016 में भारतीय टीम ने आसानी से जीत हासिल कर ली थी लेकिन 2021 में न्यूज़ीलैंड के बल्लेबाज़ मैच ड्रॉ कराने में सफल हो गए थे. गेंदबाज़ों को इस पिच पर मशक्कत करनी पड़ सकती है लेकिन पिच से अगर गेंदबाज़ों को अधिक मदद न मिले तब ऐसी स्थिति में बल्लेबाज़ों को बड़ा स्कोर खड़ा करने में अधिक परेशानी का सामना नहीं करना पड़ सकता है. 2021 में श्रेयस अय्यर ने अपने टेस्ट डेब्यू पर शतक और अर्धशतक लगाया था जबकि टॉम लाथम ने भारत के दो दिग्गज स्पिनर के सामने साहसिक बल्लेबाज़ी का परिचय देते हुए दो अर्धशतक लगाए थे.







**भारतीय टीम**

रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, सरफराज खान, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), आर अश्विन, आर जड़ेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद। सिराज, आकाश दीप, जसप्रीत बुमराह, यश दयाल.

**बांग्लादेश की टीम**

नजमुल हसन शान्तो (कप्तान), महमुदुल हसन जॉय, जाकिर हसन, शादमान इस्लाम, मोमिनुल हक, मुश्फिकुर रहीम, शाकिब अल हसन, लिट्टन दास, मेहदी हसन मिराज, तैजुल इस्लाम, नईम हसन, नाहिद राणा, हसन महमूद, तस्कीन अहमद, सैयद खालिद अहमद और जाकिर अली अनिक.

**कानपुर : ग्रीन पार्क स्टेडियम की पिच पर एक नजर**

**काली मिट्टी की होगी पिच :** ईएसपीएन क्रिक इंफो के मुताबिक, कानपुर में भारत और बांग्लादेश की टीमें काली मिट्टी की पिच पर खेलेंगी. सीरीज का पहला टेस्ट चेन्नई में लाल मिट्टी की पिच पर हुआ था.

**फ्लैट होगी पिच :** कानपुर टेस्ट में काली मिट्टी वाली पिच स्वाभाव में फ्लैट देखने को मिल सकती है. फ्लैट पिच बल्लेबाजों के लिए आसान होती है.

**कम होगा बाउंस :** भले ही काली मिट्टी की पिच स्वाभाव में फ्लैट होगी, लेकिन यहां कम बाउंस देखने को मिल सकता है. चेन्नई की लाल मिट्टी वाली पिच पर अच्छा बाउंस देखने को मिला था.

**मैच बढ़ने के साथ स्लो होगी पिच :** ग्रीन पार्क में काली मिट्टी वाली पिच मैच बढ़ने के साथ स्लो हो सकती है. ऐसे में मैच बढ़ने के साथ स्पिनर्स के लिए मदद बढ़ती चली जाएगी. अगर ऐसा होता है, तो टॉस जीतने वाली टीम पहले बैटिंग करना पसंद करेगी.

**तीन स्पिनर्स खेला सकती है टीम इंडिया**

चेन्नई में लाल मिट्टी की पिच पर टीम इंडिया तीन तेज गेंदबाज और दो स्पिनर्स के साथ मैदान पर उतरी थी. अब कानपुर में काली मिट्टी की पिच पर टीम इंडिया तीन स्पिनर्स के साथ उतर सकती है. अब देखना दिलचस्प होगा कि कानपुर टेस्ट के लिए टीम इंडिया की प्लेइंग इलेवन कैसी होती है.

# कानपुर टेस्ट : रोहित ब्रिगेड तैयार





एजेंसी। नयी दिल्ली

- चेन्नई टेस्ट जीतकर टीम इंडिया का काफिला कानपुर पहुंच चुका है
- विराट, अश्विन और जडेजा बना सकते हैं कई रिकॉर्ड

चेन्नई टेस्ट जीतकर टीम इंडिया का काफिला कानपुर पहुंच चुका है. दो टेस्ट मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-0 की बढ़त के साथ भारत का पलड़ा भारी है. दूसरा मुकाबला 27 सितंबर से कानपुर में खेला जाएगा. एक तरफ भारत की नजर ये मैच जीतकर सीरीज पर कब्जा जमाने पर होगी, जबकि मेहमान टीम हर हाल में कानपुर टेस्ट जीतकर सीरीज ड्रॉ कराना चाहेगी. चेपॉक के बाद कानपुर में भी रोहित ब्रिगेड के पास कई बड़े रिकॉर्ड बनाने का मौका है, जिसमें टीम और व्यक्तिगत रिकॉर्ड शामिल है. अगर टीम इंडिया कानपुर टेस्ट अपने नाम करती है, तो वो टेस्ट की चौथी सबसे कामयाब टीम बन सकती है. दरअसल, टीम इंडिया ने अब तक 580 में से 179 मुकाबले जीत लिए हैं, इतने ही टेस्ट दक्षिण अफ्रीका ने भी जीते हैं. कानपुर टेस्ट जीतकर भारत, दक्षिण अफ्रीका से आगे निकल जाएगा. व्यक्तिगत रिकॉर्ड की बात करें तो, कानपुर में महज 35 रन बनाते ही विराट 27 हजार इंटरनेशनल रन बनाने वाले चौथे खिलाड़ी बन जाएंगे. उनके नाम दो रिकॉर्ड और जुड़ सकते हैं. विराट के बल्ले से टेस्ट क्रिकेट में काफी समय से कोई बड़ी पारी नहीं आई है. भारत के पूर्व कप्तान विराट कोहली (फिलहाल 114 टेस्ट में 8,871) 9,000 टेस्ट रन के करीब हैं. हालांकि इसके लिए उन्हें एक एक बड़ी शतकीय पारी खेलनी होगी. साथ ही, विराट कोहली के नाम 114 टेस्ट में 29 सेंचुरी हैं. वे बांग्लादेश के खिलाफ एक भी शतक लगाते हैं तो ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज सर ब्रैडमैन (52 टेस्ट में 29 शतक) से ज्यादा शतक लगा लेंगे.

इंटरनेशनल क्रिकेट में शतक के मामले में राहुल द्रविड़ से आगे निकल सकते हैं रोहित शर्मा. द्रविड़ के नाम 48 इंटरनेशनल शतक हैं. जबकि रोहित के नाम भी कुल 48 शतक हैं. अगर वो बांग्लादेश के खिलाफ शतकीय पारी खेलते हैं, तो वो द्रविड़ को पीछे छोड़ सकते हैं. कानपुर में 9 विकेट लेकर अश्विन, लायन से आगे निकल सकते हैं. लायन के नाम (129 टेस्ट में 530 विकेट), जबकि अश्विन 101 टेस्ट में 522 विकेट ले चुके हैं. इसके साथ ही अश्विन के निशाने पर और भी कई बड़े रिकॉर्ड होंगे. रवींद्र जडेजा 300 टेस्ट विकेट के करीब. कानपुर में एक और विकेट लेते ही वो टेस्ट में 300 विकेट पूरे कर लेंगे. कानपुर में 27 सितंबर से शुरु होने वाले भारत बांग्लादेश टेस्ट की पिच के बारे में बात करे तो यह दोनों टीमों के लिए नई मुश्किलें पैदा कर सकती है. चेन्नई की लाल मिट्टी के बजाय यहां काली मिट्टी होगी, उछाल भी ज्यादा नहीं होगी और गेंद भी अधिक कैरी नहीं करेगी. लाल मिट्टी की पिच अन्य पिच की तुलना में कम पानी सोखती है और इसी कारण जल्दी सूखने भी लगती है. यही कारण है कि मैच के तीन से चार सत्र के बाद पिच में बड़ी-बड़ी दरार पैदा हो जाती हैं. इस पिच पर मैच की शुरुआत में तेज गेंदबाजों को काफी उछाल मिलता है. एक समान उछाल के कारण बल्लेबाजों को भी सेट होने के बाद खेलने में आसानी होती है. मगर जैसे-जैसे मिट्टी में दरार आने लगती है वैसे-वैसे स्पिन गेंदबाजों का पलड़ा भारी होता जाता है और खेल बल्लेबाजों के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है. हालांकि काली मिट्टी की पिच में क्ले की मात्रा अधिक होती है, वह पानी को बेहतर तरीके से सोखती है. जिससे पिच अधिक समय तक बिना दरार के बनी रह सकती है. हालांकि इससे असमान उछाल पैदा होता है और बल्लेबाजों को टिकने के लिए समय लेना पड़ता है. खासकर जब ऐसी पिचें टूट जाती हैं तब बल्लेबाजों को काफी दिक्कतें आती हैं.

## ब्रीफ खबरें

### चैंपियंस ट्रॉफी खिताब पर है राशिद की नजर

ेस्टर-ले-स्ट्रीट (यूके)। इंग्लैंड के स्पिनर आदिल राशिद ने पिछले सप्ताह हेडिंग्ले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे मैच में इस फॉर्मेट में 200वां विकेट पूरे किए और अब उनकी नजर विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी खिताब पर हैं. राशिद ने यह भी बात शेयर की कि वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बारे में नहीं सोच रहे हैं. उनके संन्यास को लेकर खबरें तब सामने आई जब मोईन अली ने इस महीने की शुरूआत में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की. ईएसपीएनक्रिकइंफो ने राशिद के हवाले से कहा, मैंने अभी संन्यास के बारे में नहीं सोचा है.

### दूसरे टेस्ट से पहले फर्नांडो टीम से बाहर


गॉल। टेस्ट क्रिकेट में लगातार बड़ा उलटफेर कर रही श्रीलंकाई टीम एक बार फिर खिलाड़ियों के चोटों से परेशान नजर आ रही है. न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच से पहले तेज गेंदबाज विश्वा फर्नांडो चोटिल होने के कारण बाहर हो गए हैं और उनकी जगह ऑफ स्पिनर निशान पीरिस को टीम में शामिल किया है. श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने मंगलवार को यह घोषणा की. फर्नांडो को अभ्यास के दौरान दाहिने हैमस्ट्रिंग में जकड़न महसूस हुई और उन्हें रिहैब के लिए हाई परफॉर्मेंस सेंटर भेज दिया गया है. श्रीलंका क्रिकेट ने मंगलवार को बयान जारी किया.

गैरी कास्पारोव ने 'ऐतिहासिक डबल' पर भारत की प्रशंसा की, कहा-

# भारत का दोहरा स्वर्ण पदक जीतना शानदार उपलब्धि है

एजेंसी। नयी दिल्ली





पूर्व विश्व शतरंज चैंपियन गैरी कास्पारोव ने 2024 शतरंज ओलंपियाड में पुरुष और महिला दोनों स्पर्धाओं में ऐतिहासिक डबल गोल्ड जीतने के लिए भारतीय टीम की प्रशंसा की. हरिका द्रोणावल्ली, वैशाली रमेशबाबू, दिव्या देशमुख, वंतिका अग्रवाल, तानिया सचदेव और अभिजीत कुंटे की महिला टीम ने भी अजरबैजान को 3.5-0.5 से हराकर स्वर्ण पदक जीता. कास्पारोव ने एक्स पर पोस्ट किया, भारत द्वारा दोहरा स्वर्ण पदक जीतना बहुत ही शानदार उपलब्धि है. विशी के बच्चे बड़े हो गए हैं और शतरंज घर वापस आ रहा है! पोडियम पर दो अमेरिकी झंडे भी ध्यान देने योग्य हैं. उज्बेकिस्तान और कजाकिस्तान को भी इसमें शामिल करें, जहां कोई यूरोपीय झंडा नहीं है.'' प्रग्नानंद आर, अर्जुन एरिगैसी, विदित गुजराती और हरिकृष्ण पेंटाला की पुरुष टीम ने, जिसके कप्तान श्रीनाथ नारायणन थे, पूरे टूर्नामेंट में 10 मैच जीते और सिर्फ एक ड्रॉ खेला. अंतिम दौर से पहले, वे चीन से 2 अंक आगे थे. अंतिम दौर में, भारत को स्वर्ण पदक जीतने के लिए केवल ड्रॉ की आवश्यकता थी और उम्मीद करनी थी कि चीन अपना मैच न जीते. हालांकि, भारत ने जीत के लिए दबाव बनाना जारी रखा और स्लोवेनिया को 3.5-0.5 से हराया.

महिला टीम ने बहुत अच्छी शुरुआत की, 7 राउंड के बाद वे इवेंट में सबसे आगे चल रही थी, उन्होंने अपने सभी मैच जीते थे. वे राउंड 8 में लड़खड़ा गईं, पोलैंड से हार गईं और फिर टीम यूएसए के साथ ड्रॉ खेला, लेकिन उन्होंने दमदार प्रदर्शन किया. फाइनल राउंड में जाने से पहले, भारत कजाकिस्तान के साथ पहले स्थान पर था, और पदक की दौड़ अंतिम क्षणों तक जारी रही. हरिका द्रोणावल्ली, वैशाली आर, दिव्या देशमुख, वंतिका अग्रवाल और तानिया सचदेव की टीम, जिसमें कप्तान अभिजीत कुंटे थे, ने शानदार संयम दिखाया और अजरबैजान के खिलाफ फाइनल मैच 3.5-0.5 से जीत लिया. वहीं, कजाकिस्तान ने यूएसए के साथ केवल 2-2 से ड्रॉ खेला, जिससे भारत इस इवेंट का एकमात्र विजेता बन गया.

# लक्ष्मी, पोलोसाक विश्व कप के लिए अधिकारियों में शामिल

एजेंसी। दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने मंगलवार को घोषणा की कि 10 अंपायर और तीन मैच रेफरी 3 से 20 अक्टूबर तक यूएई में बांग्लादेश द्वारा आयोजित आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2024 के नौवें संस्करण में अंपायरिंग की जिम्मेदारी संभालेंगे. अंपायरों के अनुभवी समूह में क्लेयर पोलोसाक सहित अनुभवी अधिकारी शामिल हैं, जो अपने पांचवें आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में अंपायरिंग करेंगी, जबकि किम कॉटन और जैकलीन विलियम्स पिछले फरवरी में मेजबान दक्षिण अफ्रीका और अंतिम चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के बीच केप टाउन में फाइनल की जिम्मेदारी संभालने के बाद अपने चौथे विश्व कप में अंपायरिंग करेंगी.

आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2024 के लिए मैच अधिकारी : मैच रेफरी का आईसीसी एलीट पैनलः शैंड्रे फ्रिट्ज, जीएस लक्ष्मी, मिशेल परेरा. अंपायरों का आईसीसी एलीट पैनलः लॉरेन एगेनबैग, किम कॉटन, सारा डंबनेवाना, अन्ना हैरिस, निमाली परेरा, क्लेयर पोलोसाक, वृंदा राठी, सू रेडफर्न, एलोइस शेरिडन, जैकलीन विलियम्स. खुद को 2024 का चैंपियन कहने के अधिकार के लिए दस टीमें दुबई और शारजाह में 18 दिनों में 23 मैच खेलेंगी.

# हमें पंत को शांत रखना होगा : पैट कमिंस

एजेंसी। नयी दिल्ली



ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस भारत के स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत की खेल को संभालने की क्षमता को लेकर चिंतित हैं और उन्होंने कहा कि उनकी टीम को आगामी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 26 वर्षीय बल्लेबाज को शांत रखने की जरूरत है. भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच आगामी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज़ 22 नवंबर से शुरू होगी. इस सीरीज़ में भारत और ऑस्ट्रेलिया 22 नवंबर से 7 जनवरी, 2025 तक पर्थ, एडिलेड (गुलाबी गेंद का मैच), ब्रिस्बेन, मेलबर्न और सिडनी में खेलेंगे.

भारत पिछले चार लगातार बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में खिताब बरकरार रखने में सक्षम रहा, जिसमें 2018-19 और 2020-21 में उनकी प्रसिद्ध सीरीज़ जीत शामिल है, जहां पंत ने गाबा में नाबाद 89 रनों की शानदार पारी खेली और ऑस्ट्रेलिया के 32 साल के अपराजित क्रम को उनके गढ़ में समाप्त करते हुए शानदार जीत हासिल की. दिसंबर 2022 में एक घातक कार दुर्घटना के कारण 637 दिनों के लंबे इंतजार के बाद, पंत ने बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में शानदार वापसी की, दूसरी पारी में 109 रन बनाए, जिससे भारत को चेन्नई में 280 रनों की जीत हासिल करने में मदद मिली. कमिंस ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, देखिए, मुझे लगता है कि हर टीम में एक या दो ऐसे खिलाड़ी होते हैं जो खेल को आगे बढ़ा सकते हैं. आप जानते हैं, हमारे पास ट्रैविस हेड और मिच मार्श जैसे खिलाड़ी हैं. मुझे लगता है कि इन खिलाड़ियों के साथ, आप जानते हैं कि वे आक्रामक होने जा रहे हैं.

### मुझे टेस्ट क्रिकेट नहीं खेलने का कोई अफसोस नहीं: धवल कुलकर्णी

जोधपुर। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज धवल कुलकर्णी ने कहा कि उन्हें देश के लिए टेस्ट क्रिकेट नहीं खेलने का कोई अफसोस नहीं है और वह घरेलू क्रिकेट में मुंबई के लिए अपने पांच रणजी ट्रॉफी खिताब से संतुष्ट हैं. कुलकर्णी, जिन्होंने 2014 में बर्मिंघम में इंग्लैंड के खिलाफ भारत के लिए पदार्पण किया था, ने देश के लिए 12 वनडे मैच और दो टी20 मैच खेले, जिसमें उन्होंने कुल 22 विकेट लिए. 35 वर्षीय तेज गेंदबाज को अपने प्रभावशाली घरेलू करियर के बावजूद कभी भी टेस्ट क्रिकेट में देश का प्रतिनिधित्व करने का मौका नहीं मिला.

इटली के खिताब की रक्षा की अगुआई करेंगे सिनर

# स्पेन की टीम में नडाल, अल्काराज शामिल

एजेंसी। मैड्रिड



स्पेन ने नवंबर में मलागा में खेले जाने वाले डेविस कप फाइनल्स के लिए राफेल नडाल और कार्लोस अल्काराज़ को अपनी टीम में शामिल किया है, जिससे हाल ही में पेरिस ओलंपिक से उनकी युगल साझेदारी को नवीनीकृत करने की संभावना बनी हुई है. स्पेन 19-24 नवंबर को मलागा, स्पेन में आठ टीमों के आयोजन डेविस कप फाइनल्स के क्वार्टर फाइनल दौर में नीदरलैंड से भिड़ेगा. 2024 डेविस कप खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करने वाले आठ देशों ने फाइनल 8 के लिए अपनी टीमों की घोषणा कर दी है, जिसमें खेल के कुछ सबसे बड़े सितारे 2024 विश्व चैंपियन बनने के अधिकार के लिए संघर्ष करने को तैयार हैं. जबकि विश्व नंबर 1 जानिक सिनर एक इतालवी टीम का नेतृत्व करेंगे, जो 2012-13 में चेक गणराज्य के बाद से अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव करने वाला पहला देश बनने का लक्ष्य रख रही है, और सारा ध्यान नडाल और अल्काराज के साथ स्पेन पर होगा. 38 वर्षीय नडाल, जो 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन हैं, एकल के दूसरे दौर में चिर प्रतिद्वंद्वी नोवाक जोकोविच से हार गए थे, जबकि पुरुष युगल में, वह और अल्काराज क्वार्टर फाइनल में अमेरिकी ऑस्टिन क्राईजेक और राजीव राम से हार गए थे. नडाल ने पेरिस ओलंपिक के बाद से नहीं खेला है क्योंकि उन्होंने यूएस ओपन और लेवर कप से नाम वापस ले लिया था. वे स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे जिससे उन्हें सीजन में सीमित आयोजनों में ही खेलना पड़ा है. अल्काराज ने सीजन के चार ग्रैंड स्लैम खिताबों में से दो फ्रेंच ओपन और विम्बलडन जीते हैं. इटली के क्वार्टरफाइनल प्रतिद्वंद्वी अर्जेंटीना भी पूरी ताकत से खेल रहे हैं, जिसमें सेबस्टियन बाएज़, फ्रांसिस्को सेरुंडोलो और टॉमस मार्टिन एटचेवरी सभी कप्तान गुइलेर्मो कोरिया को एकल मैचों में कई विकल्प प्रदान कर रहे हैं.

डेविस कप इतिहास के दो सबसे सफल देश, यूएसए और ऑस्ट्रेलिया, आमने-सामने होंगे. अमेरिकी मैलागा में तीन शीर्ष 20 एकल खिलाड़ियों को मैदान में उतारेंगे - यूएस ओपन उपविजेता टेलर फ्रिट्ज़, टॉमी पॉल और बेन शेल्टन के साथ - जबकि ऑस्ट्रेलिया का नेतृत्व मॉन्ट्रियल चैंपियन एलेक्सी पोपिरिन करेंगे. ड्रॉ के निचले हिस्से में जर्मनी का मुकाबला कनाडा से होगा. चौथे डेविस कप खिताब के लिए जर्मनों की खोज का नेतृत्व जान-लेनार्ड स्ट्रफ करेंगे, जबकि कनाडा ने उसी टीम का चयन किया है जिसने 2022 का खिताब जीता था, जिसमें फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे और डेनिस शापोवालोव सबसे आगे हैं. स्पेन, जिसने अपनी टीम में रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुत, पाब्लो कारेनो बुस्टा और मार्सेलो ग्रैनोलर्स जैसे दिग्गज खिलाड़ियों को भी शामिल किया है, क्वार्टर फाइनल में नीदरलैंड्स के खिलाफ खेलेगा, जिसमें डच टीम का नेतृत्व टैलोन ग्रिएक्सपुर और बोटिक वैन डे ज़ैंड्सचुल्प करेंगे - जिनमें से बाद वाले ने इस साल यूएस ओपन में अल्काराज़ के खिलाफ जीत हासिल की थी. डेविस कप क्वार्टर फाइनल 19-21 नवंबर को होंगे, जबकि सेमीफाइनल 22-23 नवंबर को और फाइनल 24 नवंबर को खेला जाएगा.

सराहनीय | भारतीय बैडमिंटन संघ और असम के सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने की घोषणा

# पदक विजेता पैरा-शटलरों को 50 लाख की इनाम राशि मिलेगी

एजेंसी। नयी दिल्ली



भारतीय बैडमिंटन संघ (बाई) के अध्यक्ष और असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा ने घोषणा की कि बाई पेरिस पैरालंपिक 2024 के पदक विजेताओं को उनके उत्कृष्ट प्रयासों के लिए 50 लाख रुपये के संयुक्त पुरस्कार से सम्मानित करेगा, जिन्होंने इतिहास रच दिया. भारत ने पेरिस पैरालंपिक में पांच पदक जीते - एक स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य - जो पैरालंपिक खेलों के किसी भी संस्करण में उनका सबसे अधिक है और हाल ही में पेरिस में संपन्न कार्यक्रम में पहली बार महिलाओं की स्पर्धाओं में पोडियम हासिल किया. नितेश कुमार ने पुरुष एकल एसएल3 श्रेणी में प्रतिष्ठित स्वर्ण पदक जीता, जबकि सुहास यतिराज (पुरुष एकल एसएल4) ने पेरिस में दोहराई जीत के साथ टोक्यो से अपने रजत पदक में इजाफा किया. थुलसिमथि मुरुगेसन, मनीषा रामदास और नित्या श्री सिवन ने पैरालंपिक में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला शटलर बनकर इतिहास रच दिया. थुलसिमथि ने महिला एकल एसयू5 में रजत और मनीषा ने कांस्य पदक जीता. इस बीच, नित्या ने एसएच6 श्रेणी में कांस्य पदक जीता. स्वर्ण पदक विजेता नितेश को 15 लाख रुपये, रजत पदक विजेता सुहास और थुलसिमथि को 10-10 लाख रुपये और कांस्य पदक विजेता मनीषा और नित्या को 7.5-7.5 लाख रुपये मिलेंगे.

भारत के पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों के ऐतिहासिक अभियान पर टिप्पणी करते हुए, बाई के महासचिव संजय मिश्रा ने कहा, भारतीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी विश्व मंच पर लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और नकद पुरस्कार बाई के लिए पैरालंपिक में देश को पदक जीतने में मदद करने के उनके प्रयासों को मान्यता देने का एक तरीका है. उन्होंने कहा, बाई देश भर में पैरा-बैडमिंटन को विकसित करने और बढ़ावा देने तथा इन खिलाड़ियों को और अधिक सफलता हासिल करने में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है और पैरा-बैडमिंटन को विकसित करने के लिए कई और पहल की जा रही हैं. खिलाड़ियों के व्यस्त टूर्नामेंट शेड्यूल को देखते हुए, बाई इन खिलाड़ियों को बधाई देने और निरंतर विकास के लिए उनकी आवश्यकताओं को समझने के लिए उनके साथ एक वर्चुअल इंटरेक्शन सेशन भी आयोजित करेगा.

▼ ब्रीफ खबरें

## गांजा तस्करी मामले में दस-दस साल की सजा

**अररिया ।** अररिया के जिला एवं सत्र न्यायाधीश हर्षित सिंह ने दो साल पहले गांजा तस्करी के मामले में दो तस्करों को दोषी करार देते हुए दस दस साल की सश्रम कारावास की सजा सुनाई. साथ ही कोर्ट ने जुर्माने के तौर पर एक लाख रूपये जमा करने का आदेश दिया. जुर्माना की राशि जमा नहीं करने पर दोनों दोषियों को तीन तीन माह की अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतने का निर्देश भी अपने फैसले में दिया. विशेष एनडीपीएस वाद संख्या न-18/2022 में जिला जज ने यह सजा मंगलवार को सुनाई.

## कार से 73 किलो गांजा बरामद, दो गिरफ्तार

**डेहरी आन सोन ।** डेहरी नगर थाना क्षेत्र के पाली रोड के राष्ट्रीय राजमार्ग से एक कार से तस्करी को शहर में लाया जा रहा 73.556 किलो ग्राम गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया गया है. एएसपी कोटा किरण कुमार के अनुसार सोमवार देर रात शहर में बिक्री को भारी मात्रा में एक कार से आ रहे गांजा की सूचना एसपी को मिले. उनके निर्देश पर गांजा तस्कर को गिरफ्तारी को ले थानाध्यक्ष शिवेन्द्र कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई. शहर में आने वाले वाहनों को जांच शुरू किया गया. जांच के दौरान ही एक कार को पुलिस ने रोका जिसमें दो लोग सवार थे.

## विशेष अभियान में 110 गिरफ्तार, 89 गए जेल

**पूर्वी चंपारण ।** एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में बीते 24 घंटे के दौरान चलाये गये विशेष अभियान में 110 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें 89 लोगों को जेल भेज दिया गया. सभी गिरफ्तार अपराधियों में चोरी कांड में 04, शराब तस्करी में 18, शराब का सेवन करने में 21, ट्रायल वारंटी 50 व अन्य विविध मामलों के 05 लोग शामिल हैं. इस दौरान पुलिस ने 527.1 लीटर अवैध देशी व 3.5 लीटर विदेशी शराब के साथ एक देशी कट्टा, 1 कारतूस, 12 बाइक, 1 फोन व 36 लीटर डीजल भी बरामद हुआ है.

मंत्री अशोक चौधरी के ट्वीट से बिहार की राजनीति में सनसनी

# फिर सीएम हाउस किए गए तलब, बाहर निकल कर बोले-नीतीश कुमार को पिता मानता हूं

लगातार न्यूज नेटवर्क। पटना

बिहार में सत्तारूढ़ जदयू में सबकुछ ठीक नहीं है. यह सवाल इसलिए उठ रहे हैं क्योंकि जदयू नेता और नीतीश सरकार में मंत्री अशोक चौधरी के एक एक्स पर एक पोस्ट ने राजनीतिक माहौल गरमा दिया है. अशोक चौधरी ने पहले बढ़ती उम्र का जिक्र कर इशारों में तंज कसा. फिर सीएम हाउस में तलब किए जाने के बाद बाहर निकले, तो तेवर नरम देखने को मिले. चौधरी ने अब नीतीश को मानस पिता बता कर विवाद का पटाक्षेप करने की कोशिश की है. दरअसल, अशोक चौधरी के विवादित बयान चर्चा में रहे हैं. 31 अगस्त को उन्होंने भूमिहारों को लेकर विवादास्पद टिप्पणी की थी. चौधरी का कहना था कि मैं भूमिहार जाति को अच्छे से जानता हूं. जब लोकसभा चुनाव हुआ, तो इस जाति के लोग नीतीश कुमार का साथ छोड़ कर भाग गए. उनकी इस टिप्पणी पर जदयू ने किनारा कर लिया था. साथ ही उन्हें नसीहत भी दी थी.

**चौधरी ने एक्स पर लिखा : चौधरी ने अपनी कविता को 'बढ़ती उम्र में इन्हें छोड़ दीजिए टाइटल दिया है. इसमें उन्होंने लिखा...**



एक दो बार समझाने से यदि कोई नहीं समझ रहा है तो सामने वाले को समझाना, छोड़ दीजिए. बच्चे बड़े होने पर वो ख़ुद के निर्णय लेने लगे तो उनके पीछे लगना, छोड़ दीजिए. गिने चुने लोगों से अपने विचार मिलते हैं, यदि एक दो से नहीं मिलते तो उन्हें, छोड़ दीजिए. एक उम्र के बाद कोई आपको न पूछे या कोई पीठ पीछे आपके बारे में गलत कह रहा है तो दिल पर लेना, छोड़ दीजिए. अपने हाथ कुछ नहीं, ये अनुभव आने पर भविष्य की चिंता करना, छोड़ दीजिए. यदि इच्छा और क्षमता में बहुत फर्क पड़ रहा है तो खुद से अपेक्षा करना, छोड़ दीजिए. हर किसी का पद, कद, मद, सब अलग है इसलिए तुलना करना, छोड़ दीजिए. बढ़ती उम्र में जीवन का आनंद लीजिए, रोज जमा खर्च की चिंता करना, छोड़ दीजिए. उम्मीदें होंगी तो सदमे भी बहुत होंगे, यदि सुकून से रहना है तो उम्मीदें करना, छोड़ दीजिए.

**सीएम आवास में तलब किए गए अशोक चौधरी :** विवादित ट्वीट के बाद मंत्री अशोक चौधरी को सीएम आवास बुलाया गया. सूत्रों के मुताबिक, सीएम नीतीश कुमार ने चौधरी को तलब किया था. दोनों के बीच सीएम आवास में डेढ़ घंटे तक बातचीत हुई. सीएस हाउस से बाहर आए मंत्री चौधरी का कहना था कि मेरा सोशल मीडिया पोस्ट सामान्य था. मैं नीतीश कुमार के खिलाफ क्यों ट्वीट करूंगा? नीतीश को मैं मानस पिता मानता हूं. जितना प्यार मुझे नीतीश कुमार से मिला, उतना किसी को नहीं मिला होगा. कुछ लोग चाहते हैं कि मैं नीतीश कुमार से दूर हो जाऊं. अपनी-अपनी सोच है. किसी को गिलास आधा खाली दिखता है, किसी को आधा भरा. कौन क्या बोलता है, उससे मुझे फर्क नहीं पड़ता है. मैं पार्टी से नाराज नहीं हूं. हमारा लक्ष्य 2025 का चुनाव है. चौधरी, नीतीश सरकार में ग्रामीण कार्य विभाग में मंत्री हैं.

### नीतीश से है जेडीयू की पहचान : नीरज कुमार

वहीं, जदयू के एमएलसी नीरज कुमार ने मंत्री अशोक चौधरी के ट्वीट पर



प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा, नीतीश कुमार पर कोई सवाल खड़े नहीं कर सकता है. आज जदयू की पहचान नीतीश की वजह से है. नीतीश क्लाइमेट लीडर हैं. जो भी नीतीश पर सीधा निशाना साधेगा, उसे सीधा जवाब मिलेगा. मुझे अशोक चौधरी की नाराजगी के बारे में कोई जानकारी नहीं है. एक नीतीश कुमार अकेले सब पर भारी हैं.

## कुएं से मिली पति-पत्नी की लाश, तीन महीने पहले हुई थी शादी

**गया ।** गया के आमस थाना क्षेत्र के पथरा गांव के मठ टोला में कुएं से पति-पत्नी की लाश मिलने से हड़कंप मच गया. मृतकों की पहचान मठ टोला के रहने वाले 20 वर्षीय मिथिलेश कुमार और उसकी 18 वर्षीय पत्नी प्रियंका कुमारी के रूप में की गई है. घर के पास ही एक कुआं है जिससे दोनों का शव बरामद किया गया है. घटना के पीछे की वजह सामने नहीं आई है. पुलिस ने जांच शुरू कर दी है. मिथिलेश के पिता ने बताया कि पति-पत्नी खाना खाकर सो गए थे. कब कुएं में गिरे या कूदे इसके बारे में पता नहीं है. उन्होंने कहा कि जब दोनों घर में नहीं दिखे तो खोजबीन की गई. इसके बाद कुएं में उनका शव दिखा. इसके बाद घटना की सूचना आमस थाने की पुलिस को दी गई. पुलिस ने कुएं से पति-पत्नी के शव को बाहर निकलवाया. इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा.

# पू. चंपारण व मुंगेर में नदी में नहाने के दौरान डूबे छह बच्चे

संवाददाता । पटना

पूर्वी चंपारण जिले के लखौरा थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव की रहने वाली तीन बहनें जितिया पर्व के मौके पर सोती नदी में नहाने के लिए गई थीं. नहाने के दौरान ही तीनों बहनों के गहरे पानी में चली गईं और डूबने से उनकी मौत हो गई. मृतकों की पहचान शिवपूजन राम की 20 वर्षीय विवाहित पुत्री दीपनी कुमारी, 15 वर्षीय पुत्री मंजू कुमारी और परमानंद बैठा की 18 वर्षीय पुत्री रीमा कुमारी के रूप में हुई हैं. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया. पुलिस ने इस मामले में फिलहाल कोई बयान नहीं दिया है.

दूसरी घटना मुंगेर की है. यहां गंगा में आए बाढ़ के पानी में बच्चों और युवाओं की मौज-मस्ती भारी पड़ गयी. दो अलग-अलग जगहों पर पानी में तीन लड़के डूब गए. गोताखोर शवों को तलाश रहे हैं लेकिन अबतक सफलता नहीं मिली है. जिले में बरियारपुर प्रखंड के बरियारपुर खड़गपुर मार्ग में साधु बाबा थान के समीप दो छात्रों की बाढ़ के पानी में डूबने से मौत हो गई. मृतकों की पहचान असरगंज माल खानपुर निवासी बब्लू पासवान के 14 वर्षीय बेटा चाहत कुमार और लोहचि नाकी निवासी बालेश्वर पासवान के 14 साल के बेटे मुकुंद कुमार के रूप में हुई है. दोनों दसवीं के छात्र थे. एक अन्य घटनाक्रम में मुंगेर के काशीम बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत सोझी घाट पर दो दोस्त गंगा स्नान कर रहे थे. एक दोस्त किसी तरह जान बचाकर बाहर निकल गया लेकिन दूसरा तेज धार में बह गया. खोजबीन कराई गई लेकिन युवक का कही पता नहीं चला. युवक अपने दोस्त के परिवार के साथ बेगूसराय से मुंगेर पूजा पाठ करने आया था.

### नहर में डूबने से बच्चे की मौत

**पूर्वी चंपारण ।** जिले रक्सौल थाना क्षेत्र में गम्हरिया नहर में डूबने से एक चार वर्षीय बच्चे की मौत हो गई. बताया गया कि मंगलवार को जितिया पर्व को लेकर कुछ महिलाएं नहर में स्नान करने पहुंची थी. इसी दौरान महिलाओं ने एक बच्चा को पानी की धार में बहते देखा और शोर मचाना शुरू किया. जिसके बाद उक्त बच्चे को स्थानीय लोगों द्वारा नहर से निकाला गया. शव देखने से लग रहा था कि अभी हाल में ही बच्चा डूबा है.

### नदी में डूबने से युवक की मौत

**नालंदा ।** जिले के दीपनगर थाना अंतर्गत नगवां गांव स्थित नदी में मंगलवार की सुबह डूबने से एक युवक की मौत हो गई. मृत किशोर कि पहचान नगवां गांव निवासी रामनंदन मांझी के बीस वर्षीय पुत्र दीपक कुमार के रूप में की गयी है. घटना की जानकारी देते हुए ग्रामीणों ने बताया कि मंगलवार की सुबह में युवक जीतिया पर्व को लेकर घर से मां के साथ नहाने के लिए निकला था. जहां नहाने के दौरान पानी की तेज धारा में बह गया.

### वज्रपात से नवादा में तीन लोगों की मौत, मचा कोहराम

**नवादा ।** नवादा जिले के रजौली थाने के एकंबा गांव में मंगलवार की शाम हुए वज्रपात से तीन लोगों की मौत हो गई, जिससे गांव में कोहराम मच गया है. ग्रामीणों ने बताया कि तीनों मजदूर खेत में काम कर थे. इसी बीच वर्षा होने लगी. वर्षा से बचने के लिए तीनों लोग एक पेड़ के नीचे छुप गए. कुछ ही देर में कड़क के साथ पेड़ पर वज्रपात हुई, जिससे नीचे खड़े तीनों लोगों की मौत हो गई. इस घटना के बाद गांव में कोहराम मच गया.

## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 28 सितंबर को आयेंगे बिहार

**पटना ।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 28 सितंबर को बिहार आ रहे हैं. पटना के पार्टी कार्यालय में वे सांसदों, विधायकों एवं वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक करेंगे. संयोजक दानिश इकबाल ने मंगलवार को बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष हर राज्य में सदस्यता अभियान को लेकर जा रहे है एवं बैठक कर रहे है. बिहार आने के बाद वे सीधे पार्टी कार्यालय में पहुंचेंगे, जहां वरिष्ठ नेताओं के साथ सदस्यता अभियान पर मंथन करेंगे.

पुलिस में भर्ती होने के लिए दौड़ लगा रहा था युवक

## ट्रक ने तीन को कुचला, दो मरे

**पटना ।** रोहतास जिले के बिक्रमगंज-सासाराम मार्ग पर मंगलवार सुबह ट्रक से कुचलकर दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हो गया. यह हादसा संझौली थाना क्षेत्र के सोनी मठिया गांव के पास हुआ. पुलिस के मुताबिक बिक्रमगंज-सासाराम पथ पर पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे युवक सड़क पर दौड़ लगा रहे थे. उसी दौरान एक अनियंत्रित ट्रक ने उन्हें कुचल दिया. मृतकों की पहचान पकड़ी राजपुर के निवासी अनिल सिंह के 21 वर्षीय पुत्र दीपक कुमार और जयराम सिंह के 21 वर्षीय पुत्र सत्येंद्र सिंह के रूप में हुई है. घायल की पहचान 12 वर्षीय प्रिंस कुमार के रूप में हुई है. घायल को बिक्रमगंज के अस्पताल में भर्ती कराया गया है. दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए और आरा-सासाराम मुख्य मार्ग को जाम कर दिया. प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की.

दरभंगा एम्स निर्माण का मामला : उत्तर बिहार को मिलेगी बड़ी सौगात

## केंद्र को मिल गई कुल 87.44 एकड़ जमीन

संवाददाता । पटना

दरभंगा जिले में एम्स निर्माण के लिए तेज गति से काम हो रहा है. स्वास्थ्य विभाग ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आदेशानुसार एम्स (अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान) को जमीन हस्तांतरित करने की प्रक्रिया पूर्ण कर ली है. मंगलवार (24 सितंबर) को सचिवालय स्थित विकास भवन सभागार में विभाग ने एम्स निर्माण के लिए शेष बची 37.31 एकड़ जमीन भी हस्तांतरित कर दी. इससे पहले



बिहार सरकार ने 150.13 एकड़ जमीन केंद्र सरकार को हस्तांतरित की थी. अब केंद्र को कुल 187.44 एकड़ जमीन मुहैया करा दी गई है, जिस पर एम्स का निर्माण होना है.

स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव ने मंगलवार को एम्स निदेशक को जमीन के कागजात सौंप दिए. स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि दरभंगा एम्स निर्माण के लिए बिहार सरकार ने 150.13 एकड़ जमीन केंद्र सरकार को पूर्व में हस्तांतरित कर दी गई थी. आज शेष 37.31 एकड़ जमीन और हस्तांतरित हो गई. इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत भी मौजूद थे. मंगल पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में 2019-20 में दरभंगा में बिहार के दूसरे एम्स की स्वीकृति प्रदान की गई थी.

**कारोबार**

जारी की रिपोर्ट : चालू वित्त वर्ष में बॉन्ड के जरिए पैसा जुटाने में सरकारी बैंक सबसे आगे रहेंगे

# भारतीय बैंक वित्त वर्ष 25 में जारी कर सकते हैं 1.3 लाख करोड़ के बॉन्ड : रिपोर्ट

संवाददाता। मुंबई

भारतीय बैंक वित्त वर्ष 25 में अब तक के सबसे अधिक 1.2 लाख करोड़ से लेकर 1.3 लाख करोड़ रुपये के बॉन्ड जारी कर सकते हैं. इससे पहले वित्त वर्ष 23 में भारतीय बैंकों ने सबसे अधिक 1.1 लाख करोड़ रुपये के बॉन्ड जारी किये गये थे. मंगलवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी. क्रेडिट रेटिंग एजेंसी आईसीआरए की ओर से दी गयी जानकारी के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष में बॉन्ड के जरिए पैसा जुटाने में सरकारी बैंक सबसे आगे रहेंगे. कुल बॉन्ड में इनकी हिस्सेदारी 82 से 85 प्रतिशत तक हो सकती है. हाल के कुछ महीनों में बैंकों की ओर से बॉन्ड्स के जरिए पैसा जुटाने पर अधिक फोकस किया जा रहा है. हालांकि, उधारी की हिस्सेदारी कुल देनदारियों में कोरोना के पहले के




स्तर के नीचे बनी हुई है.

**बैंकों की ओर से वैकल्पिक तरीकों से फंड को जुटाया जा रहा है :** सख्त मौद्रिक नीति और क्रेडिट ग्रोथ, डिपॉजिट ग्रोथ से अधिक होने के कारण बैंकों की ओर से वैकल्पिक तरीकों से फंड को जुटाया जा रहा है. वित्त वर्ष 25 की शुरुआत से अब तक बैंकों द्वारा बॉन्ड जारी कर 76,700 करोड़ रुपये जुटाए जा चुके हैं. इसमें सालाना आधार पर 225 प्रतिशत की वृद्धि देखी गयी है. वित्त वर्ष 15 से वित्त वर्ष 22 के बीच सरकारी बैंकों की इन्फ्रास्ट्रक्चर बॉन्ड में हिस्सेदारी न के बराबर थी. आईसीआरए के उपाध्यक्ष और सेक्टर हेड (फाइनेंसियल सेक्टर रेटिंग्स) सचिन सचदेवा ने कहा कि पूंजी की स्थिति में सुधार होना, इन्फ्रास्ट्रक्चर लोन बुक और सख्त फंडिंग स्थिति होने के कारण सरकार बैंकों की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 23 से वित्त वर्ष 25 (अब तक) के बीच इन्फ्रास्ट्रक्चर बॉन्ड जारी करने में 77% रही है.

**फंड जुटाया जाता रहेगा :** सचदेवा ने आगे कहा कि चालू वित्त वर्ष में यह ट्रेंड जारी रहने की उम्मीद है. वित्त वर्ष 25 में बॉन्ड जारी करने में सरकारी बैंकों की हिस्सेदारी 82 से 85 प्रतिशत तक पहुंच सकती है. इन्फ्रास्ट्रक्चर सेक्टर को बैंकों की ओर से 30 जून तक 13 से 14 लाख करोड़ रुपये का लोन दिये जाने का अनुमान है. इसमें सरकारी बैंकों की हिस्सेदारी 75 प्रतिशत के करीब है. रिपोर्ट में कहा गया कि इन्फ्रास्ट्रक्चर सेक्टर की ग्रोथ को फंड करने के लिए बैंकों की ओर से इन्फ्रास्ट्रक्चर बॉन्ड के माध्यम से लगातार फंड जुटाया जाता रहेगा.

## मनबा फाइनेंस का आईपीओ खुला

**नई दिल्ली ।** मनबा फाइनेंस लिमिटेड का आईपीओ सोमवार को निवेशकों के लिए खुल गया. निवेशक इस आईपीओ के लिए 25 सितंबर तक बोली लगा सकेंगे. कंपनी के शेयर 30 सितंबर को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर लिस्ट होंगे. एनएसई पर सोमवार को दोपहर एक बजे तक उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक मनबा फाइनेंस लिमिटेड के आईपीओ को बोली के पहले दिन पहली शेयर बिक्री को 11.20 गुना सदस्यता मिली.

## सेबी बोर्ड की मीटिंग 30 सितंबर को

**नई दिल्ली ।** मार्केट रेगुलेटर सिक्योरिटीज ऐंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) बोर्ड की बैठक 30 सितंबर को होगी. बैठक में सेबी चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच से जुड़े आरोपों पर भी चर्चा हो सकती है. शॉर्ट सेलर फॉर्म हिंडनबर्ग रिसर्च के माधवी पुरी पर आरोप लगाए जाने के बाद सेबी बोर्ड की यह पहली बैठक हो रही है. हिंडनबर्ग के आरोप लगाए जाने के बाद कांग्रेस ने भी अलग-अलग किस्तों में सेबी चेयरपर्सन पर कई आरोप लगाए हैं. ऐसे संकेत मिले हैं कि चेयरपर्सन पर लगाए गए आरोपों पर भी चर्चा हो सकती है.

## शपूरजी पलोनजी लाएगा आईपीओ

**नयी दिल्ली ।** शपूरजी पलोनजी समूह के मेगा आईपीओ का इंतजार जल्द समाप्त होने वाला है. समूह की कंपनी एफकॉन्स इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड का बहुप्रतीक्षित आईपीओ अक्टूबर महीने की शुरुआत में खुलने जा रहा है. यह आईपीओ बीते 2 साल का सबसे बड़ा आईपीओ बनने वाला है. ईटी की एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि शपूरजी पलोनजी समूह की इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी का आईपीओ अक्टूबर महीने के पहले सप्ताह में खुलने जा रहा है. यानी अगले सप्ताह आईपीओ में निवेशकों को बोली लगाने का मौका मिलने वाला है. समूह की फ्लैगशिप कंपनी के आईपीओ की गिनती अब तक के सबसे बड़े आईपीओ में होने वाली है.

## सर्राफा बाजार में मंगलवार को उछला सोना, चांदी में भी आई मामूली गिरावट

**नई दिल्ली ।** घरेलू सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने के भाव में तेजी का रुख है. हालांकि चांदी की कीमत में मंगलवार को मामूली गिरावट दर्ज की गई है. सोने के भाव में



आई तेजी के कारण देश के सभी सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 76 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर के ऊपर पहुंच कर 76,310 रुपये से लेकर 76,160 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है. इसी तरह 22 कैरेट सोना भी मंगलवार को 69,960 रुपये से लेकर 69,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है. चांदी की कीमत में गिरावट आने की वजह से दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु 92,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है. देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 76,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 69,960 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है.

## वित्त मंत्रालय ने शुरू की बजट 2025 की तैयारी

**नयी दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल वाली एनडीए सरकार, वित्त वर्ष 2025-26 के लिए बजट पेश करने की कवायद अक्टूबर 2024 के दूसरे हफ्ते से शुरू करने जा रही है. वित्त मंत्रालय के सेक्रेटरी एक्सपेंडिचर की अध्यक्षता में प्री-बजट मीटिंग के दौर की शुरुआत हो जाएगी. डिपार्टमेंट ऑफ इकोनॉमिक अफेयर्स ने एक सर्कुलर के जरिए ये जानकारी दी है. बजट डिविजन के सर्कुलर में लिखा है कि, अक्टूबर 2024 के दूसरे हफ्ते से वित्त मंत्रालय के एक्सपेंडिचर सचिव प्री-बजट मीटिंग्स की अध्यक्षता करेंगे.

## एसएंडपी ने भारत की आर्थिक वृद्धि का अनुमान 6.8% पर रखा बरकरार

**नई दिल्ली ।** अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर अच्छी खबर है. रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान 6.8 फीसदी पर बरकरार रखा है. एजेंसी ने उम्मीद जताई है कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) अपनी अक्टूबर की मौद्रिक नीति समीक्षा में नीतिगत ब्याज दरों में कटौती शुरू कर देगा. रेटिंग एजेंसी ने मंगलवार को जारी एशिया प्रशांत के आर्थिक परिदृश्य रिपोर्ट में चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर का अनुमान 6.8 फीसदी और वित्त वर्ष 2025-26 के लिए जीडीपी वृद्धि दर के अनुमान को 6.9 फीसदी पर बरकरार रखा है.

- एजेंसी का 2024-25 के लिए आर्थिक वृद्धि दर 6.8 फीसदी रहने का अनुमान



अभिनेत्री और मॉडल मानुषी छिल्लर मंगलवार को मुंबई हवाईअड्डे पर पहुंचते हुए तस्वीरों के लिए पोज देती हुईं.




## वार्षिक बैठक में भाग लेने ताशकंद पहुंचीं सीतारमण

**ताशकंद/नई दिल्ली ।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मंगलवार को एशियाई बुनियादी ढांचा निवेश बैंक (एआईआईबी) के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की 9वीं वार्षिक बैठक में भाग लेने के लिए उजबेकिस्तान के ताशकंद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचीं. वित्त मंत्री कार्यालय ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि केंद्रीय वित्त मंत्री एआईआईबी के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की 9वीं वार्षिक बैठक में भाग लेने के लिए पांच दिवसीय आधिकारिक दौरे पर ताशंकद पहुंचीं. ताशकंद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीतारमण का स्वागत उज्बेकिस्तान में भारत की राजदूत सुश्री स्मिता पंत और उज्बेकिस्तान गणराज्य के निवेश, उद्योग और व्यापार मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों और आलोक बैंक के निदेशक ने किया. उल्लेखनीय है कि केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण 24 से 28 सितंबर, 2024 तक उज्बेकिस्तान की पांच दिवसीय आधिकारिक दौरे पर हैं.

**बाजार** ऑल टाइम हाई का रिकॉर्ड बनाने के बाद फिसला शेयर बाजार

# सेंसेक्स 85 हजार व निफ्टी 26 हजार के स्तर तक पहुंचा

एजेंसी । नई दिल्ली

घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को ऑल टाइम हाई का नया रिकार्ड बनाने के बाद मुनाफा वसूली की वजह से सपाट स्तर पर बंद हुआ. मंगलवार के कारोबार की शुरुआत मामूली गिरावट के साथ हुई थी. दिन के कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड बनाया. सेंसेक्स पहली बार 85 हजार अंक के स्तर को पार करने में सफल हुआ. इसी तरह निफ्टी भी पहली बार 26 हजार अंक के ऊपर पहुंच गया. मुनाफा वसूली की वजह से दोनों सूचकांकों ने अपनी बढ़त गंवा दी. पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.02



प्रतिशत की कमजोरी के साथ और निफ्टी 0.01 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए.

मंगलवार दिन भर के कारोबार के दौरान पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, मेटल और एनर्जी सेक्टर के शेयरों में जम कर खरीदारी होती रही. इसी तरह ऑटोमोबाइल, ऑयल एंड गैस और आईटी इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे. दूसरी ओर रियल्टी, एफएमसीजी और बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा. ब्रॉडर मार्केट में भी मंगलवार को लगातार उठा पटक होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.21 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ. स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.04 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार के कारोबार का अंत किया. शेयर बाजार में लगातार उतार चढ़ाव होने के बावजूद स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई. बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन मंगलवार के कारोबार के बाद बढ़ कर 476.16 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया. पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 473.03 लाख करोड़ रुपये था. इस तरह निवेशकों को कारोबार से करीब 13 हजार करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया. दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,076 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई. इनमें 1,932 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,045 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 99 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए. एनएसई में 2,477 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई. इनमें से 1,168 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,309 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए. इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 15 शेयर बढ़त के साथ और 15 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए. निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 25 शेयर हरे निशान में और 25 शेयर लाल निशान में बंद हुए.


बीएसई का सेंसेक्स 67.88 अंक की कमजोरी के साथ 84,860.73 अंक के स्तर पर खुला.

नागरिक उड्डयन मंत्रालय से मिली मंजूरी

## शंख एयर उड़ान भरने को तैयार लखनऊ-नोएडा को हब बनाएगी

एजेंसी । नई दिल्ली

देश की एक और एयरलाइन आसमान में उड़ान भरने के लिए तैयार है. इस एयरलाइन का नाम शंख एयर है. इस नई एयरलाइन को परिचालन के लिए नागरिक उड्डयन मंत्रालय से मंजूरी मिल गई है. यह उत्तर प्रदेश की पहली विमानन कंपनी होगी, जिसका केंद्र लखनऊ और नोएडा में होगा. हालांकि, आधिकारिक तौर पर उड़ानें शुरू करने से पहले इसको नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) से मंजूरी लेने की आवश्यकता होगी. कंपनी ने मंगलवार को जारी एक बयान में बताया कि शंख एयर को परिचालन शुरू करने की अनुमति



मिल गई है. कंपनी के मुताबिक उत्तर प्रदेश की पहली अनुसूचित एयरलाइन बनने जा रही है. शंख एयर लखनऊ और नोएडा को हब बनाएगी. कंपनी की वेबसाइट के अनुसार एयरलाइन का लक्ष्य देशभर के प्रमुख शहरों को जोड़ना है, जो अंतरराज्यीय और अंतरराष्ट्रीय दोनों मार्गों की पेशकश करती है. इसके अलावा कंपनी उच्च मांग और सीमित सीधी उड़ान विकल्पों वाले क्षेत्रों पर अपना ध्यान केंद्रित करेगी.

## न्यूज अपडेट

### जाली नोटों के कारोबार का पर्दाफाश

**कुशीनगर।** यूपी के कुशीनगर में जाली नोटों के बड़े अंतरराष्ट्रीय गिरोह का पर्दाफाश हुआ है. पुलिस ने गैंग के कथित मास्टरमाइंड मोहम्मद रफीक खान उर्फ बबलू समेत 10 लोगों को गिरफ्तार किया है. दर्ज शिकायत के मुताबिक उसने नेपाल, यूपी और बिहार के सीमावर्ती इलाकों में जाली नोटों का नेटवर्क स्थापित किया था. पुलिस ने 5.62 लाख रुपये के जाली नोट, 1.10 लाख रुपये के असली नोट, तीन हजार नेपाली मुद्रा, 10 देसी तमंचा, 4 सुतली बम, 2 नेपाली सिम और 26 फर्जी दस्तावेज बरामद किए हैं.

### पुलवामा हमले के आरोपी की हुई मौत

**जम्मू।** 2019 के पुलवामा आतंकी हमले के एक आरोपी की जम्मू शहर के एक सरकारी अस्पताल में मौत हो गई. अधिकारियों ने बताया कि आतंकी हमले के आरोपी बिलाल अहमद कुचाय को किश्तवाड़ जिला जेल में सीने में दर्द की शिकायत के बाद जम्मू के सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था. आरोपी का इलाज कर रहे डॉक्टरों के अनुसार देर रात हृदय गति रुकने से अस्पताल में उसका निधन हो गया. कुचाय पुलवामा जिले के काकापोरा का रहने वाला था.

### कांग्रेस नेता रंगा की जुबान फिसली

**रेवाड़ी।** हरियाणा में बावल विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ. एमएल रंगा की जुबान फिसल गई. उन्होंने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि पूरा प्रदेश व पूरा हल्का कांग्रेस की दमनकारी नीतियों से परेशान है. इस दौरान पीछे खड़े व्यक्ति ने जब उन्हें टोका तो पार्टी याद आ गई. रिपोर्ट के अनुसार, डॉ. एमएल रंगा अभी तक तीन दल बदल चुके हैं. बता दें कि हरियाणा विधानसभा चुनाव का रण जीतने के लिए राजनीतिक दलों के नेता जोर शोर से चुनाव प्रचार में जुटे हैं.

### गणेश विसर्जन के दौरान चाकूबाजी

**कोप्पल।** कर्नाटक के कोप्पल जिले में गणेश विसर्जन के दौरान दो गुट आपस में भिड़ गए. बहसबाजी से बात चाकूबाजी तक पहुंची और तीन लोग घायल हो गए. घायलों में से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है. घटना रविवार शाम की है, जिसकी गंगावती पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई गई. पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आरोपी और पीड़ित दोनों एक ही समुदाय के हैं. यह वारदात व्यक्तिगत दुश्मनी के कारण हुई है. घटना के बाद एफआईआर दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है.

### लखनऊ में नाबालिग छात्रा से गैंगरेप

**लखनऊ।** यूपी की राजधानी लखनऊ में एक नाबालिग छात्रा से गैंगरेप का मामला सामने आया है. बताया जा रहा है कि दो युवकों ने नाबालिग के साथ घिनौनी करतूत को अंजाम दिया. मामला सरोजनीनगर थाने का है. पता चला है कि नाबालिग छात्रा स्कूल से घर लौट रही थी. तभी कार सवार दो युवकों ने उसे जबरदस्ती गाड़ी में बैठा लिया और जबरन होटल लेकर गए, यहां उसके साथ गैंगरेप किया गया. पीड़िता ने इस संबंध में आरोपी युवक दानिश और अमीन के खिलाफ सरोजनीनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई.

### जेएंडके में दूसरे चरण का मतदान आज

**नयी दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा के दूसरे चरण के मतदान के लिए चुनाव प्रचार का दौर खत्म हो चुका है. दूसरे चरण में 26 सीटों पर बुधवार को वोट डाले जाएंगे. इन 26 सीटों पर कुल 239 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं. 239 उम्मीदवारों में उमर अब्दुल्ला, रवींद्र रैना समेत पांच नेता ऐसे हैं, जिन पर हर किसी की नजर टिकी हुई है. पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला बडगाम और गांदरबल सीट से चुनावी मैदान में हैं. साल 1977 से बेलगाम सीट पर मजबूत पकड़ रखने वाले उमर के सामने इस बार 7 उम्मीदवार हैं.

### हरियाणा जाएंगी बहन मायावती

**जींद।** हरियाणा में विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार जोरों पर हैं. अभय चौटाला की पार्टी इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) बहुजन समाज पार्टी के साथ गठबंधन में यहां चुनाव लड़ रही है. चुनावों के मद्देनजर बसपा की अध्यक्ष मायावती बुधवार को हरियाणा जा रही हैं. यहां पहुंचकर वह पूर्व उप प्रधानमंत्री चौधरी देवी लाल की जयंती समारोह में भी शामिल होंगी. जींद में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) नेता अभय चौटाला ने यह जानकारी दी.

### राहुल का पासपोर्ट रद्द करने की मांग

**नयी दिल्ली।** भाजपा के सांसद सीपी जोशी ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी का पासपोर्ट रद्द करने की मांग की. उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को एक चिट्ठी भी लिखी है. सीपी जोशी ने कहा कि राहुल गांधी जैसे किसी व्यक्ति का नेता विपक्ष के पद पर रहना देश की सुरक्षा के लिए खतरा है और उनकी गतिविधियों को देखकर स्पष्ट हो जाता है कि वे देश विरोधी ताकतों के हाथों में खेल रहे हैं.

### विदेश मंत्री जी4 के समकक्षों से मिले

**नयी दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र के दौरान जी4 देशों के विदेश मंत्रियों से मुलाकात की, जिसमें भारत की तरफ से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में तत्काल सुधार के लिए समूह की प्रतिबद्धता को लेकर चर्चा की गई. इन जी4 राष्ट्रों में ब्राजील, जर्मनी, भारत और जापान शामिल हैं. जयशंकर ने कहा कि न्यूयॉर्क में अपने सहकर्मियों एनालेना बेयरबॉक (जर्मनी), योको कामिकावा (जापान) और माउरो विएरा (ब्राजील) के साथ जी4 विदेश मंत्रियों की बैठक में शामिल होकर प्रसन्नता हुई.

---

विदेश मंत्रालय ने जताई कड़ी आपत्ति, कहा- अपने नेताओं को 'आपत्तिजनक व अस्वीकार्य' बयान देने से रोके भारत सरकार

# अमित शाह के 'बांग्लादेशी घुसपैठिये' वाले बयान पर बिफरा बांग्लादेश

**एजेंसियां। ढाका/ नयी दिल्ली**




केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के झारखंड में बांग्लादेशियों को लेकर दिए बयान पर बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने सख़्त आपत्ति जताई है. उसने बयान जारी कर कहा कि झारखंड में भारत के गृह मंत्री अमित शाह ने बांग्लादेश के नागरिकों को लेकर जो दुर्भाग्यपूर्ण बयान दिया, उसका हम सख़्त विरोध करते हैं. ज़िम्मेदार पदों पर बैठे लोगों की ओर से पड़ोसी देशों के नागरिकों पर की गई ऐसी टिप्पणियों से आपसी सम्मान और समझ की भावना कमज़ोर पड़ती है. भारत सरकार अपने नेताओं को ऐसे 'आपत्तिजनक और अस्वीकार्य' बयान देने से बचने के लिए कहे. बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने ढाका में भारत के उप-उच्चायुक्त को बुलाकर इस बारे में विरोध पत्र भी दिया.

**शाह ने क्या कहा था :** बता दें कि इस साल के आख़िर में झारखंड में विधानसभा चुनाव होने हैं. 20 सितंबर को झारखंड में एक चुनावी रैली के दौरान अमित शाह ने कहा था कि एक बार झारखंड सरकार बदल दीजिए. मैं आपको वादा करता हूं कि रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों को चुन-चुनकर झारखंड के बाहर भेजने का काम भारतीय जनता पार्टी करेगी. ये हमारी सभ्यता को नष्ट कर रहे हैं. हमारी संपत्ति को हड़प रहे हैं. शाह ने कहा था कि हमारी बेटियों के साथ अलग-अलग प्रकार से नक़ली शादी रचा रहे हैं. हमारे रोज़गार को भी वो लूटने का काम करते हैं. झारखंड के अंदर कोई घुसपैठिए की जगह नहीं, ये बीजेपी की सरकार ही कर सकती है. शाह ने दावा किया कि हमारे झारखंड में जिस प्रकार से घुसपैठ हो रही है, अगर इसी प्रकार से जारी रही तो 25-30 साल में घुसपैठिए यहां बहुमत में आ जाएंगे.

**अमेरिका में मोदी और यूनुस के बीच नहीं हुई मुलाकात :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले तीन दिनों से अमेरिका में थे और बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस भी अमेरिका में ही हैं लेकिन दोनों के बीच कोई मुलाक़ात नहीं हुई. हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न्यूयॉर्क कई विश्व नेताओं से मुलाक़ात की लेकिन मोहम्मद यूनुस से नहीं हुई. इसे भी भारत और बांग्लादेश के रिश्तों में आई तल्खी से जोड़ा जा रहा है. हालांकि भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय के सलाहकार तौहिद हुसैन से मुलाक़ात की है. भारत में पाकिस्तान से उच्चायुक्त रहे अब्दुल बासित ने दावा है कि पीएम मोदी ने मोहम्मद यूनुस से मिलने से इनकार कर दिया और यह बांग्लादेश के लोगों का अपमान है.

#### बीते कुछ वक़्त में बांग्लादेश और भारत के संबंधों में देखने को मिले हैं बदलाव

बांग्लादेश और भारत के संबंधों में बीते कुछ वक़्त में बदलाव देखने को मिले हैं. 5 अगस्त को शेख़ हसीना को बांग्लादेश की सत्ता छोड़कर भारत आना पड़ा था. इसके बाद बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस की अगुवाई में अंतरिम सरकार बनी. ख़ालिदा जिया के नेतृत्व वाली बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी यानी बीएनपी का असर भी तुलनात्मक तौर पर बढ़ना शुरू हुआ. शेख़ हसीना की छवि भारत समर्थक की रही है. मगर बीएनपी का रुख़ भारत विरोधी माना जाता रहा है. ऐसे में हाल ही में बांग्लादेश में भारत के उच्चायुक्त प्रणय वर्मा ने बीएनपी नेताओं से मुलाक़ात की थी. शेख़ हसीना सरकार गिरने के बाद बीएनपी नेताओं से भारतीय राजनयिकों की ये पहली मुलाक़ात है. बीएनपी नेता फख़रुल इस्लाम आलमगीर ने भारतीय अधिकारियों से मुलाक़ात के बाद कहा था कि भारत बीएनपी के साथ संबंधों को लेकर सकारात्मक नज़रिया अपनाना चाहता है. भारत चाहता है कि भारतीय राजनीतिक दलों के साथ बीएनपी के रिश्ते मज़बूत हों.

---

इजरायल-हिजबुल्लाह युद्ध से व्यापक क्षेत्रीय संघर्ष छिड़ने की आशंका

# इजरायली हवाई हमलों ने लेबनान में मचाई तबाही

**एजेंसियां। यरूशलम/बेरूत/अदन**

#### 50 बच्चों समेत लगभग 558 लोगों की मौत, 1800 से अधिक घायल



लेबनान में इजरायल के हवाई हमलों ने भारी तबाही मचाई है. इसमें सोमवार से अब तक 558 लोगों की मौत हुई है, इनमें 50 बच्चे भी शामिल हैं. स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक़ इन हमलों में 1800 से ज़्यादा लोग घायल हुए हैं. लेबनान के स्वास्थ्य मंत्री फ़िरास अबियाद कहा कि इसराइल के हमलों में चार मेडिकल स्टाफ भी मारे गए हैं. शिन्हुआ ने लेबनानी स्वास्थ्य अधिकारियों के हवाले से बताया कि कई पीड़ितों की पहचान अभी भी नहीं हो पाई है. वहीं यमन के हूती विद्रोहियों ने इजरायल के साथ चल रहे संघर्ष में लेबनान के सशस्त्र समूह हिजबुल्लाह को अपना समर्थन देने का ऐलान किया है.

इस बीच इसराइली सेना ने कहा है कि लेबनान की ओर से अफ़ुला और उत्तरी इसराइल की घाटियों पर हमले के जवाब में उसने लेबनान में हिज़्बुल्लाह के और भी कई दर्जन ठिकानों को निशाना बनाया है. इसराइली सेना ने कहा है कि उसके लड़ाकू विमानों ने दक्षिणी लेबनान में हिज़्बुल्लाह के कई ठिकानों पर हमले किए हैं. इसके अलावा उसने इन इलाकों में रॉकेट लॉन्चर भी दागे हैं. लेबनान में इजरायल के व्यापक हवाई हमलों ने इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच संघर्ष को चरम पर पहुंचा दिया है. इससे व्यापक क्षेत्रीय संघर्ष छिड़ने की आशंका बढ़ गई है. दुश्मनी बढ़ने का कारण पिछले सप्ताह लेबनान में पेजर और वॉकी-टॉकी को निशाना बनाकर किए गए रहस्यमय विस्फोट हैं. इनमें कई लोग मारे गए और हजारों की संख्या में लोग घायल हो गए. इस बीच लेबनान के प्रधानमंत्री नजीब मिकाती ने कहा है कि अब वे संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में शामिल होने न्यूयॉर्क जा रहे हैं. पहले मिकाती ने इसराइली हमलों के मद्देनज़र ये यात्रा रद्द कर दी थी.

#### हसन नसरल्लाह को भी चेतावनी

इससे पहले इजरायल के सैन्य प्रमुख हर्ज़ी हलेवी ने बताया कि इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने दक्षिणी और पूर्वी लेबनान में लगभग 1,100 टारगेट को निशाना बनाया. बेरूत में इजरायली हवाई हमलों में हिजबुल्लाह के वरिष्ठ कमांडर अली कार्की को निशाना बनाया गया. कार्की को इजरायली मीडिया में हिजबुल्लाह नेता हसन नसरल्लाह का 'अंतिम डिप्टी' के तौर पर संबोधित किया जाता है. बाद में हिजबुल्लाह ने कहा कि वह पूरी तरह स्वस्थ है और उसे सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया है. इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि इजरायल उत्तर में 'सुरक्षा संतुलन' को बदलने के लिए काम कर रहा है. उन्होंने सोमवार को सुरक्षा आकलन बैठक के दौरान नसरल्लाह को कड़ी चेतावनी भी दी, जिसमें कहा गया कि 'हर कोई निशाने पर है.'

#### व्यापक विनाश और विस्थापन

इजरायल हमले लेबनान में व्यापक विनाश और विस्थापन का कारण बने हैं. टायर, नबातिह और इकलिम अल-तुफा जैसे शहरों से निवासियों को बेरूत और माउंट लेबनान की ओर भागना पड़ रहा है. इजरायली हमलों के जवाब में, हिजबुल्लाह ने पूरे सोमवार को उत्तरी इजरायल की ओर 180 से अधिक रॉकेट दागे. यह जानकारी इजरायल की सेना दी और कहा कि हवाई रक्षा प्रणालियों ने कुछ रॉकेट्स को रोक दिया, जबकि अन्य इजरायली क्षेत्र में गिरे, जिससे आग लग गई. रेस्क्यू सर्विस के मैगन डेविड एडोम ने बताया कि छर्रे लगने से पांच लोग घायल हो गए. हिजबुल्लाह ने कहा कि उसने कई इजरायली सैन्य ठिकानों पर बमबारी की. इनमें इजरायली सेना की उत्तरी कोर का रिजर्व मुख्यालय और हाइफ़ा के उत्तर में राफेल के सैन्य-औद्योगिक परिसर शामिल हैं.

#### हूतियों ने बेरूत को दिया समर्थन, अरब देशों से की 'चुप्पी' तोड़ने की अपील

**अदन।** यमन के हूती विद्रोहियों ने इजरायल के साथ चल रहे संघर्ष में लेबनान के सशस्त्र समूह हिजबुल्लाह को अपना समर्थन देने का ऐलान किया है. शिन्हुआ के अनुसार, हूती प्रवक्ता मोहम्मद अब्दुल-सलाम ने ग्रुप के अल-मसीरा टीवी के पर लेबनान के खिलाफ इजरायल के आक्रमण की निंदा की. उन्होंने कहा कि हम फिर से कहते हैं कि यमन लेबनान और उसके बहादुर इस्लामी प्रतिरोध के साथ खड़ा है. हूती प्रवक्ता ने व्यापक क्षेत्रीय भागीदारी की अपील की. उन्होंने क्षेत्र के अन्य देशों से इजरायली हमलों की निंदा अधिक ऊंचे स्वतर में करने की अपील की. हूती प्रवक्ता ने कहा कि हम अरब और इस्लामी देशों से 'चुप्पी' तोड़ने की अपील करते हैं. इससे पहले शुक्रवार को यमन के हूती रक्षा मंत्री मोहम्मद नासिर अल-अतीफी ने एक टेलीविजन संबोधन में कहा था कि हूती ग्रुप इजरायल के खिलाफ अपने हमले जारी रखेगा. उन्होंने कहा कि जब तक गाजा पर आक्रमण बंद नहीं हो जाता, हम नहीं रुकेंगे.

#### लेबनान-इजरायल संघर्ष : संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने तत्काल तनाव कम करने पर दिया जोर

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने लेबनान पर इजरायली बमबारी को लेकर चिंता जाहिर की. वह लेबनानी अधिकारियों की ओर से बच्चों और महिलाओं सहित बड़ी संख्या में नागरिकों के हताहत होने की जानकारी मिलने से बेहद चिंतित हैं. यूएन प्रमुख इजरायल और लेबनान को अलग करने वाले बफर जोन 'ब्लू लाइन' पर बढ़ते तनाव से चिंतित हैं. प्रवक्ता ने कहा कि गुटेरेस ने तत्काल तनाव कम करने की बात कही. कहा कि सभी प्रयास कूटनीतिक समाधान के लिए समर्पित होने चाहिए. उन्होंने सभी पक्षों से नागरिकों और नागरिक बुनियादी ढांचे की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की. यूएन प्रमुख ने सभी पक्षों को संयुक्त राष्ट्र के कर्मियों और संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी की याद दिलाई है. स्थिरता बहाल करने के लिए तुरंत शत्रुता समाप्त करने की अपील की.

#### तुर्की ने लेबनान के लिए उड़ानों को किया निलंबित

**इस्तांबुल।** तुर्की की राष्ट्रीय एयरलाइन 'टर्किश एयरलाइंस' और लो-कॉस्ट एयरलाइन 'पेगासस एयरलाइंस' ने बढ़ते खतरे के कारण लेबनान के लिए अपनी उड़ानें रद्द कर दीं. यह फैसला लेबनान पर इजरायल के हवाई हमलों की वजह से लिया गया. इन हमलों की वजह से बुधवार को बेरूत से आने-जाने वाली उड़ानें प्रभावित हुईं. वर्तमान में, तुर्की एयरलाइंस की वेबसाइट पर बुधवार के लिए इस्तांबुल से बेरूत के टिकट उपलब्ध नहीं हैं, हालांकि गुरुवार के लिए बुकिंग खुली हुई है. सुरक्षा कारणों से कुछ समय से दोनों एयरलाइनों ने अपने ऑपरेशंस को दिन के समय की उड़ानों तक सीमित कर दिया है. इस बीच, पेगासस ने बेरूत के राफिक हरीरी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से आने-जाने वाली उड़ानों में पेजर या रेडियो डिवाइस ले जाने पर प्रतिबंध लगा दिया.

---

# हरिनी अमरसूर्या ने श्रीलंका के पीएम के रूप में ली शपथ

- चंद्रिका और सिरीमावो के बाद प्रधानमंत्री पद संभालने वाली तीसरी महिला बनीं

**एजेंसी। कोलंबो**

नेशनल पीपुल्स पावर (एनपीपी) सांसद हरिनी अमरसूर्या ने मंगलवार को श्रीलंका के नए प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली. पीएम के तौर पर उनकी नियुक्ति श्रीलंका की राजनीति में एक महत्वपूर्ण क्षण है. वह चंद्रिका भंडारनायके कुमारतुंगा और सिरीमावो भंडारनायके के बाद प्रधानमंत्री का पद संभालने वाली तीसरी महिला बन गई हैं. अमरसूर्या एक प्रसिद्ध शिक्षाविद, राइट्स एक्टिविस्ट और यूनिवर्सिटी लेक्चरर हैं. उन्होंने शिक्षा और सामाजिक न्याय के लिए विशेष रूप से काम किया है. इंडियन हाई कमिश्नर ने नए राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के साथ बैठक के बाद, सोमवार को कोलंबो में अमरसूर्या से भी मुलाकात की. इंडियन हाई कमिशन ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि एचसी संतोष झा ने एनपीपी सांसद हरिनी अमरसूर्या से मुलाकात की और राष्ट्रपति चुनाव में अनुरा कुमारा दिसानायके की जीत पर उन्हें बधाई दी. उन्होंने अमरसूर्या को भारत-श्रीलंका द्विपक्षीय पहलों के बारे में भी जानकारी दी.



#### दिनेश गुणवर्धने का पीएम पद से इस्तीफा

इससे पहले सोमवार को दिनेश गुणवर्धने ने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया. राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके को लिखे पत्र में गुणवर्धने ने कहा कि वह नए राष्ट्रपति के चुनाव के बाद नए मंत्रिमंडल की नियुक्ति के लिए इस्तीफा दे रहे हैं. अनुरा ने सोमवार को श्रीलंका के नौवें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली. यह पहली बार है जब एक वामपंथी नेता ने राष्ट्राध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण किया. चुनाव में पहली बार राष्ट्रपति पद के लिए दूसरी वरीयता के वोटों की गिनती की गई.

---

# जापान में भूकंप के बाद आई 50 सेंटीमीटर ऊंची सुनामी

**एजेंसी। टोक्यो**

जापानी मौसम एजेंसी ने कहा कि मंगलवार को 5.9 तीव्रता के भूकंप के बाद टोक्यो के दक्षिण में एक द्वीप पर 50 सेंटीमीटर की सुनामी आई. यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने दी. क्योदो समाचार के अनुसार, जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) ने भूकंप के तुरंत बाद इजू और ओगासावारा द्वीपों के लिए सुनामी की चेतावनी जारी की थी, लेकिन स्थानीय समयानुसार सुबह 11 बजे इसे हटा लिया गया. एजेंसी ने कहा कि सुनामी की गतिविधि पर्याप्त रूप से कम हो गई है. हालांकि, समुद्र के स्तर में मामूली उतार-चढ़ाव लगभग आधे दिन तक जारी रह सकता है.

मौसम एजेंसी के अनुसार, सुबह 8:14 बजे (स्थानीय समय) आए भूकंप का केंद्र इजू द्वीप श्रृंखला में टोरीशिमा के पास था, जो प्रशांत महासागर में लगभग 10 किलोमीटर जमीन के नीच स्थित है. सुबह 8:58 बजे (स्थानीय समय) 50 सेमी की सुनामी हचिजो द्वीप पर दर्ज

#### प्रशांत तट पर अभी भी ज्वार-भाटे में बदलाव की चेतावनी

की गई. यह भूकंप के केंद्र से लगभग 180 किलोमीटर उत्तर में है. मियाके द्वीप पर 10 सेमी की छोटी सुनामी का पता चला. टोक्यो पुलिस के अनुसार, अब तक किसी के घायल होने की सूचना नहीं मिली है. जेएमए ने शुरू में 1 मीटर तक की सुनामी लहरों की भविष्यवाणी की थी और लोगों को तटीय क्षेत्रों से दूर रहने की सलाह दी थी. एजेंसी ने चेतावनी दी कि प्रशांत तट पर अभी भी ज्वार-भाटे में मामूली बदलाव देखे जा सकते हैं, लेकिन सुनामी से संबंधित नुकसान के बारे में कोई चिंता नहीं है. मंगलवार की सुबह जापानी द्वीपों पर आए 5.9 तीव्रता के भूकंप के बाद सुनामी संबंधी परामर्श जारी किया गया था. हालांकि परामर्श हटा लिया गया है, लेकिन एजेंसी संभावित समुद्री स्तर में बदलाव के कारण मछली पकड़ने और तैराकी जैसी गतिविधियों के प्रति चेतावनी जारी कर रही है.



---

**मुलाकात** जेलेंस्की ने यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता के समर्थन के लिए मोदी का आभार जताया

# रूस-यूक्रेन संघर्ष को लेकर भारत के रुख पर दिया जोर

**एजेंसी। नयी दिल्ली**



राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने मंगलवार को यूक्रेन की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के प्रति 'स्पष्ट समर्थन' के लिए भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना की. दोनों नेताओं ने भविष्य के संयुक्त राष्ट्र शिखर सम्मेलन से इतर न्यूयॉर्क में मुलाकात की.

एक्स पर एक पोस्ट में, जेलेंस्की ने लिखा कि यह इस साल हमारी तीसरी द्विपक्षीय बैठक है. हम विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं. जेलेंस्की ने लिखा कि हमारी बातचीत का मुख्य फोकस अंतर्राष्ट्रीय मंचों, विशेष रूप से संयुक्त राष्ट्र और जी-20 में हमारी बातचीत को बढ़ाने के साथ-साथ शांति सूत्र को लागू करने और दूसरे शांति शिखर सम्मेलन की तैयारी करने पर था. हमने उपलब्ध अवसरों पर ठोस चर्चा की. संघर्ष को लेकर भारत के कूटनीतिक रुख पर जोर देते हुए जेलेंस्की ने लिखा कि मैं हमारी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के प्रति प्रधानमंत्री मोदी के स्पष्ट समर्थन के लिए आभारी हूं.

#### भारत ने शांतिपूर्ण समाधान के लिए प्रतिबद्धता दोहराई

पीएम मोदी ने बैठक के दौरान कूटनीति और बातचीत के माध्यम से युद्ध के शांतिपूर्ण समाधान के लिए भारत की प्रतिबद्धता दोहराई. विदेश मंत्रालय के अनुसार, पीएम मोदी ने भारत के ''स्पष्ट, सुसंगत और रचनात्मक'' दृष्टिकोण पर जोर दिया, जो सभी हितधारकों के बीच जुड़ाव को प्राथमिकता देता है. बैठक के बाद, पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा कि हम द्विपक्षीय संबंधों की मजबूती के लिए पिछले महीने यूक्रेन की मेरी यात्रा के परिणामों को क्रियान्वित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं. यूक्रेन में संघर्ष के शीघ्र समाधान, शांति और स्थिरता की बहाली के लिए भारत के समर्थन की बात दोहराई. पीएम मोदी अगस्त में यूक्रेन के दौरे पर गए थे. 1992 में नई दिल्ली-कीव के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के बाद से किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली यूक्रेन यात्रा थी.

---

# कांग्रेस का मायावती पर हमला

- पवन खेड़ा ने कहा- जो भी पचास फीसदी आरक्षण की सीमा खत्म करने का समर्थक, मैदान में आए
- भाजपा की मुख्य प्रवक्ता हैं मायावती : अजय राय

**एजेंसी। नयी दिल्ली**



बसपा सुप्रीमो मायावती ने ट्वीट कर कहा कि राहुल गांधी सिर्फ चुनाव के समय दलित और पिछड़ों का वोट लेना चाहते हैं, और अमेरिका में जाकर कहते हैं कि इसे हटा देंगे. इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने मायावती की बात को सिरे से खारिज कर दिया. वहीं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने भाजपा और बसपा पर निशाना साधते हुए कहा कि मायावती भाजपा की मुख्य प्रवक्ता हैं. उन्होंने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, "मायावती की इस बात को कौन मानेगा? हम पूरे देश में हर राजनीतिक पार्टी को चुनौती दे रहे हैं कि जो राहुल गांधी ने कहा है कि इस देश से 50 फीसदी आरक्षण की सीमा खत्म हो, कौन सी पार्टी इस मांग से सहमत है. सामने आए. वह हमारा साथ दे, और हमारी इस मांग को मजबूत करे."

बता दें कि मंगलवार को बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की सुप्रीमो मायावती कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला बोलते होते हुए कहा कि कांग्रेस और राहुल गांधी की एससी-एसटी और ओबीसी आरक्षण नीति स्पष्ट नहीं, बल्कि दोगली एवं छल कपट की है. मायावती ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "कांग्रेस व राहुल गांधी की एससी/एसटी/ओबीसी आरक्षण नीति स्पष्ट नहीं बल्कि दोगली एवं छल कपट की है. अपने देश में इनके वोट के लिए ये आरक्षण का समर्थन व इसे 50 प्रतिशत से ऊपर बढ़ाने की वकालत तथा विदेश में जाकर आरक्षण को खत्म करने की बात करते हैं. इनके इस दोहरे मापदण्ड से लोग सचेत रहें." उन्होंने आगे कहा कि यह भी सच है कि केंद्र में इनकी सरकार ने ओबीसी आरक्षण संबंधी मण्डल कमीशन रिपोर्ट लागू नहीं की थी. साथ ही, बीएसपी के संघर्ष से एससी/एसटी के पदोन्नति में आरक्षण को प्रभावी बनाने के लिए संसद में लाए गए संविधान संशोधन बिल को भी कांग्रेस ने पास नहीं होने दिया.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड़, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **दीपक कुमार अम्बष्ठ***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)